

■ राकांपा के दोनों धड़ों के विलय की घोषणा जिला परिषद चुनाव के बाद होना तय - 12



■ आम बजट में राजकोषीय घाटे के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात पर जोर देगा केंद्र- 12



■ अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर तैनात किए एफ-35ए विमान - 13



■ शिवम मावी की घातक गेंदबाजी से यूपी ने विदर्भ को बराबरी पर रोका- 14

आज का मौसम
21.0° अधिकतम तापमान
9.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.02
सूर्यास्त 05.49


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 08:25 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 31 जनवरी 2026, वर्ष 5, अंक 341, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राजघाट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वदेशी का उनका आह्वान विकसित भारत का मूलभूत सिद्धांत है। ● एजेंसी

## लड़कियों को फ्री सैनेटरी पैड नहीं देने वाले स्कूलों की रद्द होगी मान्यता

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की सख्त चेतावनी, लड़के-लड़कियों के अलग टॉयलेट हों, कहा- मासिक धर्म स्वास्थ्य मौलिक अधिकार का हिस्सा
- विफलताओं पर राज्य सरकारें होंगी सीधे तौर पर जवाबदेह

मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे छात्राओं को बिना किसी शुल्क के जैविक रूप से अपघटनीय सैनेटरी पैड उपलब्ध कराएं तथा लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करें।

लैंगिक न्याय व शैक्षिक समानता सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक फैसले में, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ये सुविधाएं सभी स्कूलों में उपलब्ध हों, चाहे वे सरकारी हों, सहायता प्राप्त हों



या निजी स्कूल हों। न्यायमूर्ति पारदीवाला द्वारा लिखे गए इस फैसले में अनुपालन न करने पर गंभीर परिणामों की चेतावनी दी गई, जिसमें निजी स्कूलों की मान्यता रद्द करना और सार्वजनिक संस्थानों में विफलताओं के लिए राज्य सरकारों को सीधे तौर पर जवाबदेह ठहराना शामिल है। पीठ ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार में मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार भी शामिल है, सुरक्षित, प्रभावी और किफायती मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन उपायों तक पहुंच एक बालिका को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के उच्चतम स्तर को प्राप्त करने में मदद करती है। स्वस्थ प्रजनन जीवन के अधिकार में यौन स्वास्थ्य से संबंधित शिक्षा और जानकारी प्राप्त करने का अधिकार भी शामिल है। इसने कहा, स्राव को सोखने वाले नैपकिन की उपलब्धता के संबंध में, हम निर्देश देते हैं कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश यह सुनिश्चित करें कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सरकार द्वारा संचालित या निजी तौर पर प्रबंधित प्रत्येक स्कूल में मानकों के अनुरूप निर्मित ऑक्सो-जैविक रूप से अपघटनीय सैनेटरी नैपकिन निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएं।

### मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर होंगे स्थापित

पीठ ने फैसले में कहा गया कि सभी स्कूलों को आरटीई की धारा 19 में निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुसार कार्य करना होगा। यदि कोई विद्यालय, जो सरकार या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा स्थापित, स्वामित्व या नियंत्रित नहीं है, आरटीई अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी और इसके परिणामस्वरूप कार्रवाई की जाएगी। सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर स्थापित किए जाएं।

### शीर्ष कोर्ट ने चार सवाल तैयार किए

अदालत ने चार सवाल तैयार किए, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या पैड और शौचालयों की अनुपलब्धता ऐसी प्रणालीगत बाधाएं पैदा करती है, जो किशोरियों को लड़कों के साथ समान शर्तों पर शिक्षा में भाग लेने से रोकती है, जो अनुच्छेद 14 (समानता) का उल्लंघन है। क्या मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रजनन स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर, 2024 को जया ठाकुर द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

ब्रीफ न्यूज

### सुनेत्रा पवार बन सकती हैं महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री



**पुणे।** राज्यसभा सदस्य एवं दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकती हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक सूत्र ने कहा, शनिवार को राकांपा की संसदीय बोर्ड की बैठक होगी, जहां सुनेत्रा पवार को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। ऐसी संभावना है कि कल शाम तक उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिला दी जाएगी।

### बजट पेश करने के बाद 30 कॉलेज के छात्रों से संवाद करेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण आम बजट 2026-27 पेश करने के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 30 कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस पहल के तहत छात्र-छात्राओं को लोकसभा दीर्घा से केंद्रीय बजट पेश किए जाने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलेगा। इससे वे वर्ष की इस सबसे महत्वपूर्ण संसदीय कार्यवाही के साक्षी बन सकेंगे। ये छात्र भारत के विभिन्न राज्यों से आए हैं और वाणिज्य, अर्थशास्त्र, चिकित्सा शिक्षा तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे विभिन्न शैक्षणिक विषयों से जुड़े हैं।

### ईरान ने कहा- अमेरिका से बातचीत की कोई योजना नहीं

**इस्तांबुल।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनका देश तनाव दूर करने के वास्ते बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन अमेरिका से बातचीत की फिलहाल कोई ठोस योजना नहीं है। मंत्री अब्बास अराघची ने इस्तांबुल में यह बात कही, जहां वह तुर्किये के नेताओं के साथ बातचीत के लिए पहुंचे थे।

## चारधाम आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम करेगी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन

### प्रगति पोर्टल की उपलब्धियां साझा कर सीएम धामी ने रेल परियोजना की दी जानकारी

- कहा- मानसून में जो रास्ते अवरुद्ध हो जाते हैं, इस रेलवे लाइन से लोगों का सफर होगा आसान
- 10 योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी 32 परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा : मुख्यमंत्री

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहाड़ों के बीच से राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्र तक पहुंचने वाली ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का काफी काम पूरा हो जाने की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि देश की यह प्रमुख परियोजना है जिसके पूरा होते ही यह क्षेत्र पर्यटन, चार धाम आने वाले श्रद्धालुओं की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा।

साथ ही सामरिक रूप से भी इसका महत्व बढ़ेगा, क्योंकि कर्णप्रयाग तक रेलवे लाइन पहुंचने से मानसून वर्षाकाल में जो रास्ते अवरुद्ध हो जाते हैं। इस रेलवे लाइन के बिछने से लोगों का सफर आसान हो जाएगा।



प्रगति पोर्टल विषय पर आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते मुख्यमंत्री धामी।

वहीं, सीएम धामी ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। इस परियोजना से ऋषिकेश, हरिद्वार, मसूरी, धनोल्टी, देहरादून आने वाले सभी देश-दुनिया के पर्यटक लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को भारत सरकार के प्रगति पोर्टल विषय पर पीआईबी देहरादून द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान राज्य में चल रही विभिन्न केंद्रीय परियोजनाओं के बारे में पत्रकारों को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद से देश में इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, रेलवे, आईटी, स्वास्थ्य सेवा, हवाई सेवा की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ी हैं। उन्होंने जानकारी दी कि मौजूदा समय में उत्तराखंड में 3.50 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश वाली 42 परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है, इनमें से 1.22 लाख करोड़ रुपये के 15 हाई-वैल्यू प्रोजेक्ट्स का रिव्यू प्रगति मैकेनिज्म के तहत किया जा रहा है। इनमें से अब तक 10 योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं और 32 परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। जो 32 परियोजनाएं अंडर इंप्लीमेंटेशन हैं उनमें से 12 परियोजनाएं प्रगति पोर्टल के तहत मॉनिटर की जा रही हैं। इनमें सड़क और राजमार्ग की 19 परियोजनाएं, आईटी/आईटीईएस की 3 परियोजनाएं, ऊर्जा उत्पादन की 3 परियोजनाएं, रेलवे की 2 परियोजनाएं, कृषि, उद्योग-वाणिज्य, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत, अपशिष्ट और जल प्रबंधन में एक-एक परियोजनाएं शामिल हैं।

### उत्तराखंड को अब तक 1,806.49 करोड़ रुपये की कुल सहायता

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने 'पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना (एसएससीआई) 2025-26' के तहत उत्तराखंड के लिए 734 करोड़ रु. की अतिरिक्त ऋण राशि और शहरी क्षेत्रों में भूमि सुधार के लिए 25 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस दोहरी सौगात के साथ चालू वित्तीय वर्ष में केंद्र द्वारा उत्तराखंड को एसएससीआई योजना के अंतर्गत दी गई कुल सहायता अब 1,806.49 करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंच गई है।

### जल विद्युत परियोजना की परेशानी होगी दूर

भागीरथी इको सेंसेटिव जोन के कारण जल विद्युत परियोजनाओं में आ रहे अवरोधों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार इस चुनौतिपूर्ण परेशानी को दूर करने के प्रयास करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण और राज्य की आर्थिक प्रगति को नई गति देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने एक बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

## 40,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में आरकॉम के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने पुनीत गर्ग को नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेजा

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ 40,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धनशोधन के आरोप में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया है। ईडी ने गर्ग को हिरासत में लिया है।

दिल्ली की एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उन्हें नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष और निदेशक गर्ग को आरकॉम और उसकी समूह संस्थाओं द्वारा कथित तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन से जुड़ी जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

इस घटनाक्रम पर रिलायंस समूह की ओर से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं आई है। ईडी ने



बुधवार को कहा था कि उसने गर्ग की पत्नी के नाम पर मौजूद शेयर और म्यूचुअल फंड जब्त कर लिए हैं।

ईडी ने दावा किया, गर्ग ने 2001 से 2025 तक आरकॉम में वरिष्ठ प्रबंधक और निदेशक पदों पर रहते हुए, बैंक धोखाधड़ी से अर्जित अपराध की आय से हेराफेरी में सक्रिय रूप से भाग लिया। जांच एजेंसी ने दावा किया कि हेराफेरी वाले धन का इस्तेमाल अन्य सहायक कंपनियों में किया गया।

## स्कूल बस और बाइक की टक्कर में तीन युवकों की मौत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** प्रतापपुर नंबर नौ क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक निजी स्कूल की बस और बाइक के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, प्रतापपुर वार्ड संख्या सात निवासी देवेंद्र सिंह राणा (27), राजेश सिंह राणा (35) और राजेश सिंह राणा उर्फ 'बिल्ला' (27) काम खत्म कर झनकट से अपने घर लौट रहे थे। तभी प्रतापपुर नंबर नौ के पास नानकमत्ता से बच्चों को छोड़कर लौट रही एक निजी स्कूल की बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

(पेज- 7 देखें)

## विवेचना में लापरवाही पर इंस्पेक्टर व 12 उपनिरीक्षक निलंबित

गोंडा कार्यालय

- अनियमितताओं के मामलों को लेकर आईजी ने की कार्रवाई विभागीय जांच का भी आदेश दिया

**अमृत विचार:** भ्रष्टाचार तथा विवेचना में गंभीर अनियमितताओं के मामलों को लेकर आईजी देवी पाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने सख्त कार्रवाई की है। आईजी के निर्देश पर गठित विशेष जांच टीम ने गोंडा, बहराइच एवं श्रावस्ती में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों की जांच की, जिसमें 13 प्रकरण में फर्जीवाड़ा एवं भ्रष्टाचार मिला।

जांच रिपोर्ट के आधार पर 1 निरीक्षक एवं 12 उपनिरीक्षकों को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि 3 अन्य उपनिरीक्षकों के विरुद्ध निलंबन व विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। बीमा कंपनी की ओर से विवेचना में फर्जीवाड़ा करने की शिकायत आईजी से की गई थी, जिस पर आईजी ने एसआईटी का गठन किया था, रिपोर्ट मिलने के बाद आईजी ने सख्त रूप अपनाया है। जांच में सामने आया कि दुर्घटनाओं से संबंधित विवेचनाओं में वास्तविक वाहन चालक को बचाने के लिए अन्य व्यक्तियों को चालक दर्शाया गया। कई मामलों में दुर्घटना में प्रयुक्त वाहन के स्थान पर दूसरे वाहन को दर्शाकर बीमा कंपनियों से अनुचित लाभ लेने का प्रयास किया गया, जिससे न केवल बीमा कंपनियों को नुकसान पहुंचा बल्कि पीड़ितों को भी न्याय से वंचित होना पड़ा।

बहराइच में निरीक्षक अरुण कुमार थाना हरदी, बहराइच के उपनिरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी (थाना रामगांव), अशोक कुमार जायसवाल (थाना नवाबगंज), तेज नारायण यादव एवं राकेश कुमार (थाना मटेरा), राजेश्वर सिंह (थाना नानपारा), रूपनारायण गौड़ (थाना रामगांव), विजय यादव तथा दिवाकर तिवारी (थाना मोतीपुर), और मेहताब आलम (थाना बौंडी) को निलंबित किया गया है। इसी क्रम में गोंडा के उपनिरीक्षक शेषनाथ पाण्डेय (थाना खरगूपुर) एवं शशांक मौर्य (थाना इटियाथोक) तथा श्रावस्ती जनपद के उपनिरीक्षक शैलेश कुमार त्रिपाठी एवं प्रेमचंद (थाना इकौना) के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। वहीं श्रावस्ती के थाना भिनगा में तैनात निरीक्षक योगेश सिंह एवं उपनिरीक्षक गुरुदेव सिंह के मामले में निलंबन की कार्यवाही प्रचलित बताई गई है।

## कुवैत से दिल्ली आ रहे विमान को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद, एजेंसी

- उड़ान को अहमदाबाद भेजा गया यात्री को मिला था लिखित नोट

कुवैत से दिल्ली जा रही एक इंडिगो उड़ान में बम होने की धमकी मिलने के बाद विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भेज दिया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

एक हवाई अड्डा अधिकारी ने बताया कि विमान सुबह करीब छह बजकर 40 मिनट पर सुरक्षित उतरा। विमान में 180 यात्री सवार थे। हवाई अड्डा प्राधिकारियों के अनुसार विमान में एक यात्री को हाथ से लिखा एक नोट मिला था जिसमें दावा किया गया था कि विमान के अंदर बम है जिसके



बाद एहतियात के तौर पर उसे अहमदाबाद भेज दिया गया। बम की धमकी की सूचना मिलते ही पायलट ने वायु यातायात नियंत्रण को सतर्क कर दिया और विमान को अहमदाबाद की ओर मोड़ दिया गया। विमान के सुरक्षित उतरने के बाद सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया।

उपलब्धि

मुख्यमंत्री ने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन से संबंधित स्वीकृतियां दीं, सड़क सुरक्षा अनुरक्षण व सौंग बांध पेयजल परियोजना को 176.91 करोड़ दिए

## उत्तराखंड में अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए 195 करोड़ स्वीकृत

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के लिए तकनीकी सुदृढ़ीकरण को 09.13 करोड़ रुपये
- धराली आपदा के प्रभावितों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 6.67 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्माणाधीन सौंग बांध पेयजल परियोजना के अवस्थापना निर्माण कार्यों के लिए 103.80 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त किए जाने को स्वीकृति दी। साथ ही इसी योजना के अंतर्गत सड़क सुरक्षा अनुरक्षण मद के लिए 73.11 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

सीएम धामी द्वारा राज्य में नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों में वर्चुअल कंप्यूटर लैब की स्थापना और फॉरेंसिक वर्कस्टेशन बनाने की महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत सभी जिलों और प्रशिक्षण केन्द्रों में वर्चुअल कंप्यूटर लैब की स्थापना के लिए 04.83 करोड़ रु. और फॉरेंसिक वर्कस्टेशन के लिए आवश्यक हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस की खरीद के लिए 4.30 करोड़ रु. की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित नौ योजनाओं के लिए 2.21 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

जारी स्वीकृतियों में उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र पुरोला के अंतर्गत रूपिन राजि के अंतर्गत धौला से इस्त्रागाड़-चांगशील पर्यटन मार्ग के मरम्मत कार्य के लिए 43.99 लाख रुपये की धनराशि दी गई है। पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के विकासखंड मुनस्यारी में धापा से क्वीरी तक संपर्क मार्ग निर्माण कार्य के लिए 54.77 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। देहरादून के विधानसभा क्षेत्र चकराता में समाज कल्याण विभाग से संबंधित मुख्यमंत्री की विभिन्न घोषणाओं के अंतर्गत सात योजनाओं के क्रियान्वयन भी 1.22 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

### धराली आपदा प्रभावितों के लिए 6.67 करोड़

मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी की तहसील भटवाड़ी अंतर्गत ग्राम धराली में दिनांक 5 अगस्त को आई प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवनों के प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल 66096800 रु. (रुपये छह करोड़ साठ लाख छियानवे हजार आठ सौ मात्र) की धनराशि स्वीकृत की है। उक्त आपदा से धराली, मुखवा एवं हर्षिल क्षेत्रों में कृषि भूमि को हुई क्षति के लिए भी 64 प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से अतिरिक्त राहत राशि के रूप में कुल 672024- रु. की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इन स्वीकृतियों से संबंधित शासनादेश भी जारी कर दिए गए हैं।

### बागेश्वर जिले के तीन मोटर मार्गों के नाम बदले

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा बागेश्वर जिले के तीन मोटर मार्गों के नाम परिवर्तन किए जाने को सहमति दी है। प्रस्तावों के अनुसार बागेश्वर जिले के काण्डे थपलिया मोटर मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. राम सिंह गडिया मोटर मार्ग, करूली बैण्ड से गाजली बिजौरिया मोटर मार्ग का नाम शहीद स्व. रामदत्त पाण्डेय मोटर मार्ग और बिलखेत गैराड़ मोटर मार्ग (कलनाबैण्ड पंतक्वैराली मोटर मार्ग) का नाम स्व. श्री हीरा सिंह धपोला मोटर मार्ग किए जाने का अनुमोदन दिया गया है।

स्टेट ब्रीफ

### शासन ने सात सीओ का किया तबादला

**देहरादून :** पुलिस मुख्यालय ने शुक्रवार की देर रात सात पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले किए हैं। कार्मिक आईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने आदेश जारी कर बताया कि चम्पावत में तैनात सीओ वंदना वर्मा को देहरादून, अभिसूचना मुख्यालय से योगेश चंद को पीएचक्यू, टिहरी से ओशिन जोशी को सीआईडी सेक्टर, देहरादून से भाष्कर लाल साह से सचिवालय/विधानसभा सुरक्षा, मनोज असवाल को देहरादून से अभिसूचना मुख्यालय, बलवंत रावत को अभिसूचना मुख्यालय से अल्मोड़ा व गोपाल दत्त जोशी को अल्मोड़ा से अभिसूचना मुख्यालय भेजा गया है। सभी को अपने-अपने नवीन कार्यस्थल पर जल्द से जल्द कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिये गये हैं।

### हेबरेव यूनिवर्सिटी ऑफ जेरूशलम के वैज्ञानिकों का जलवायु मॉडल पर आया शोध, एरीज ने दिखायी दिलचस्पी

# जीवनयोग्य ग्रहों से परे भी हो सकता है एलियंस का अस्तित्व

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** कड़े संघर्ष के बावजूद ब्रह्मांड में एलियन की तलाश अधूरी है। मगर नया शोध बताता है कि एलियन की तलाश जीवनयोग्य ग्रहों से परे करनी होगी। लिहाजा इनकी खोज का दायरा बढ़ाना होगा। ग्रहों की जलवायु मॉडल पर किए शोध के जरिए यह जानकारी सामने आई है। दरअसल, जलवायु आधारित जेरूशलम के वैज्ञानिकों का इस विषय पर ताजा शोध सामने आने के बाद नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के खगोल वैज्ञानिकों के बीच भी यह विषय चर्चा में बना हुआ है।



एलियन व एस्ट्रोनॉट की काल्पनिक तस्वीर।

वैसे तो एलियंस के अस्तित्व को किस्से कहानियां आम हैं। भारत में भी इनका जिक्र उड़नतश्तरियों के रूप में किया जाता रहा है। मगर कोई सबूत न होने के कारण इनके अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह आज भी लगा हुआ है। इनकी तलाश में नासा जैसी स्पेस एजेंसी की विंग सेटी जैसी संस्था कई दशकों से अध्ययनरत है, जबकि केप्लर जैसा अंतरिक्ष यान इनकी तलाश में ब्रह्मांड की खाक छानने में जुटा हुआ है।

एरीज वैज्ञानिकों से मिली जानकारी के मुताबिक, हेबरेव यूनिवर्सिटी ऑफ जेरूशलम के वैज्ञानिकों का शोध सामने आया है। यह जलवायु पर आधारित है, जो बताता है कि दूसरे ग्रहों के प्राणी यानी एलियंस किसी भी अवस्था में जी सकते हैं। जरूरी नहीं है कि उनके लिए पृथ्वी जैसे वातावरण की जरूरत है। अभी तक की खोज में उन्हीं ग्रहों पर अध्ययन हुए हैं, जो पृथ्वी के समान जीवनयोग्य हों।

#### निश्चित ही खोज की दिशा बदलनी होगी

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डा शशिभूषण पांडे कहते हैं कि निश्चित ही हमे एलियंस की खोज की दिशा बदलनी होगी। जेरूशलम के वैज्ञानिकों का शोध जलवायु पर आधारित है। उनके द्वारा बनाया मॉडल एलियंस की तलाश में नई राह दिखाता है। अब इस आधार पर एलियंस की तलाश, नए सिरे से शुरू की जा सकती है। मगर एलियंस की तलाश में यह धारणा नहीं की जा सकती है। वह जीवनयोग्य जोन से बाहर कहीं भी जी सकते हैं। एसे में अब उनकी तलाश का दायरा हमें बढ़ाना होगा। वह बर्फ के भीतर भी हो सकते हैं या फिर गर्म क्षेत्र में भी हो सकते हैं। लिहाजा अब वैज्ञानिकों को उन ग्रहों पर भी तलाश करनी होगी, जिन्हें नजरअंदाज कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता हरीश रावत से उनके डिफेंस कॉलोनी देहरादून स्थित आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने अपने खेत में उत्पादित चावल हरीश रावत को भेंट स्वरूप दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्री रावत का कुशलक्षेम जाना और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से भी उनके डिफेंस कॉलोनी, देहरादून स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान के लिए चयनित किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# मानसून सीजन शुरू होने से पहले बाढ़ से बचाव के कार्य कर लें पूरे

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रिवर प्रोटक्शन कार्य एवं डीसिल्टिंग कार्यों की समीक्षा की

राज्य ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में सिंचाई परियोजनाओं के अन्तर्गत रिवर प्रोटक्शन कार्य एवं डीसिल्टिंग की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए सभी कार्य समय से कर दिए जाएं।

बैठक में शामिल अधिकारियों ने बताया कि लघु सिचांई विभाग द्वारा जल संरक्षण, संवर्द्धन एवं संभरण योजनाओं के तहत चेक डैम निर्माण, रिचार्ज शॉफ्ट निर्माण एवं तालाब निर्माण किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा राज्य में 708 चेक डैम बनाये गये हैं। विभाग द्वारा ऊधम सिंह नगर, नैनीताल एवं हरिद्वार में कुल 419 रिचार्ज शॉफ्ट की स्थापना की गयी है। जिससे वार्षिक लगभग 108.94 करोड़ लीटर ग्राउंड वाटर रीचार्ज हो सकेगा।



देहरादून में अधिकारियों की बैठक लेते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

अधिकारियों के मुताबिक, 09 वन प्रभागों में पेयजल विभाग व सारा के माध्यम से 14 जल स्रोतों के उपचार के लिए जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। कैम्पा योजना के अन्तर्गत विभिन्न वन प्रभागों में 247 जल धाराओं का उपचार किया जा रहा है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने वन विभाग को वनाग्नि की रोकथाम के लिए भी अभी से पूरी तैयारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वनाग्नि रोकथाम के लिए मानव संसाधन के साथ ही आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कहा कि वन पंचायतों और वन क्षेत्र के आस-पास के लोगों से विभाग का नियमित समन्वय बनाये रखें। वन संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित भी किया जाए, फायर लाइन की समय रहते सफाई की जाए। साथ ही वनभूमि पर होने वाले अतिक्रमण को भी प्राथमिकता पर हटाया जाए। इस मौके पर प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, युगल किशोर पंत एवं संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### एएसपी दीपशिखा का विजिलेंस में ट्रांसफर

**देहरादून :** शासन ने 15 अपर पुलिस अधीक्षकों को तबादला किया है। गृह विभाग के सचिव शैलेश बगौली ने शुक्रवार की देर रात सभी पुलिस अफसरों के तबादला आदेश जारी किए हैं। हल्द्वानी में तैनात एएसपी दीपशिखा अग्रवाल को विजिलेंस का जिम्मा सौंपा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक कार्मिक के पद पर तैनात शाहजहां जावेद खान को यातायात निदेशालय भेजा गया है। टिहरी एएसपी जोधराम जोशी को हरिद्वार 40 वीं वाहिनी पीएसी में उप सेनानायक, एएसपी मुख्यालय राजन सिंह को पीएसी मुख्यालय, हल्द्वानी विजिलेंस में तैनात एएसपी कमला बिष्ट को पुलिस प्रशिक्षण मुख्यालय भेजा गया है। इसी तरह ऊधम सिंह नगर में तैनात एएसपी दीपक सिंह को टिहरी, हरिद्वार मंर तैनात विवेक कुमार को एसटीएफ एएसपी, हरिद्वार में तैनात नरेंद्र पंत को अभिसूचना हल्द्वानी, अभिसूचना मुख्यालय में तैनात जूही मनराल को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है।

# नैनीताल के डांठ चौराहे पर सड़क में उभरी दरारें, विभाग करेगा जांच

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** शहर के तल्लीताल स्थित ऐतिहासिक डांठ चौराहे पर सड़क की ऊपरी सतह पर कई छोटी-बड़ी दरारें उभर आने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। बीते वर्ष बिछाई गई मेस्टिक की परत पर ये दरारें दिखाई दे रही हैं। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये दरारें केवल ऊपरी सतह तक सीमित हैं या इनका असर सड़क की अंदरूनी संरचना तक भी है। यदि दरारें भीतर तक पहुंची हुईं तो यह स्थिति गंभीर खतरे का संकेत हो सकती है।

भूस्खलन की दृष्टि से पहले से ही संवेदनशील नैनीताल शहर में लगातार हो रही भू-धंसान की घटनाओं के बीच ब्रिटिशकालीन डांठ के ऊपर सड़क में दरारें उभरना चिंता का विषय बन गया है। हालिया वर्षा के बाद सड़क पर लगभग एक सेंटीमीटर तक चौड़ी दरारें दिखाई दी हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में आशंका बढ़ गई है।



नैनीताल के डांठ चौराहे पर सड़क में उभरी दरारें

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश कुमार सक्सेना ने बताया कि बीते वर्ष चौराहों के चौड़ीकरण कार्य के बाद सड़क पर मेस्टिक की परत बिछाई गई थी, जिसके जोड़ों को भरना शेष है। शीतकाल में तापमान कम होने से मेस्टिक के सिकुड़ने के कारण ऊपरी सतह पर दरारें उभरी हुई प्रतीत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि एहतियात के तौर पर जल्द ही स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा। फिलहाल विभागीय जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, ताकि संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके।

# अवैध खनन पर सख्ती से राजस्व में चार गुना हुई वृद्धि

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने खनन गतिविधियों को लेकर सामान्य तौर लोगों में बसी नकारात्मक अवधारणा के विपरीत नयी मिसाल कायम की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खनन आवंटन और खनन परिवहन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के साथ ही अवैध खनन पर सख्ती दिखाई, इसी का नतीजा है कि डेढ़ साल से कम समय में सालाना खनन राजस्व 300 करोड़ से 1200 करोड़ के पार पहुंच गया है।

सरकार ने सितंबर 2024 को नई खनन नीति लागू की थी। नई खनन नीति में ई निलामी के जरिए खनन लॉट आवंटन, खनन गतिविधियों की सेटेलाइट निगरानी जैसे कई नए प्रयोग किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री ने पुलिस- प्रशासन को भी अवैध खनन पर सख्ती दिखाने के निर्देश दिए। सितंबर 2024 से पहले राज्य को खनन से सिर्फ 300 करोड़ रुपए तक ही सालाना राजस्व प्राप्त हो पाता था, लेकिन अब यह राजस्व 1200 करोड़ के पार चला गया है।

> सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि खनन पर्यावरण के मानकों के अनुसार हो, साथ ही इसके लिए पारदर्शी तंत्र विकसित किया गया। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। इससे राजस्व में भी शानदार वृद्धि हुई है, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन हो रहा है।
> -पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

# पहले चरण में 75 फीसद वोटर्स की मैपिंग पूरी

राज्य ब्यूरो, देहरादून

- 1 फरवरी से बीएलओ आउटरीच अभियान के दूसरे चरण की होगी शुरुआत
- 2003 की मतदाता सूची से की जाएगी मौजूदा वोटर लिस्ट की मैपिंग

**अमृत विचार:** उत्तराखण्ड में चल रहीं प्री एसआईआर गतिविधियों के बीच पहले चरण में प्रदेश के 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। यह अभियान मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशन में चलाया जा रहा है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ, ईआरओ सहित पूरी इलेक्शन मशीनरी ने 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ आउटरीच अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत 1 फरवरी से की जा रही है। इस अभियान में प्रदेश के युवा एवं महिला मतदाताओं पर विशेष फोकस रहेगा। आउटरीच अभियान के दूसरे चरण को 15 फरवरी 2026 तक सम्पादित किया जाएगा।



अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे।

डॉ. विजय कुमार जोगदंडे के मुताबिक, बताया कि प्री एसआईआर फेज में प्रदेश की वर्तमान मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं की 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड की आधिकारिक वेबसाइट ceo.uk.gov.in पर उपलब्ध है, जहां मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र, अपने तथा अपने पिता, पति के नाम के आधार पर मतदाता क्रमांक और बूथ संख्या की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही गली, मोहल्लों और एरिया के नाम से भी मतदाता सूची खोजने की सुविधा प्रदान की गई है।

#### राष्ट्रीय दलों से बीएल नियुक्त करने की अपील

**देहरादून :** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक, प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) नियुक्त करने की अपील की गई थी। वर्तमान में प्रदेश के 12070 बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने राजनैतिक दलों से शतप्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील की है।

# निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता-समय पर जोर

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** आवास विभाग, राज्य सम्पत्ति विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने शुक्रवार को सचिवालय परिसर स्थित निर्माणाधीन आधुनिक कार्यालय भवन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए।

उन्होंने दो टूक कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार आगे बढ़े। यह भवन भविष्य में बेहतर कार्यसंस्कृति और सुगम प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निरीक्षण के दौरान सचिव के साथ एसएस रावत संयुक्त सचिव, राज्य संपत्ति, नीरज कुमार त्रिपाठी, अधिशाषी अभियंता लोकनिर्माण विभाग, संदीप वर्मा, एएई, गाविंद सिंह, एई विद्युत सहित ठेकेदार शिव कुमार अग्रवाल रहे। राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन सचिवालय परिसर, दून में विश्वकर्मा भवन के समीप 6 मंजिला आधुनिक कार्यालय भवन का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।




### एक्रो फेस्टिवल से टिहरी को वैश्विक स्तर पर मिली पहचान : धामी

**नई टिहरी/देहरादून अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई टिहरी मुख्यालय के कोटि कॉलोनी में आयोजित टिहरी एक्रो फेस्टिवल व नेशनल एसआईवी चैंपियनशिप-2026 के समापन समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने पैराग्लाइडिंग का लाइव शो देखा और खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

सीएम धामी ने कि टिहरी सिर्फ ऊर्जा उत्पादन ही नहीं बल्कि पर्यटन और साहसिक खेलों का प्रमुख केंद्र बन रहा है। इस तरह के आयोजनों से पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि झील और टिहरी के आसपास के क्षेत्र में वाटर स्पोर्ट्स को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए सरकार प्रयासरत है। एक्रो फेस्टिवल से टिहरी की विश्व स्तरीय पहचान मिली है, यहां के लोगों को स्वरोजगार में बढ़ावा मिला है।

इस दौरान मृदुल पायल, गौरव ठाकुर, कपिल नौटियाल को सम्मानित किया गया। अंत में उन्होंने 'हिमालयन O2' प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। उन्होंनेइस प्रोजेक्ट को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वायु की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। सीएम ने 26.45 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। डीएम नितिका खंडेलवाल ने बताया इस फेस्टिवल में 11 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों सहित राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शामिल हुए।


# रुद्रपुर और पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज का संचालन इसी सत्र से

- एमबीबीएस की 100-100 सीटों के लिये एनएमसी में किया आवेदन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** चिकित्सा शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र 2026-27 में राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर व पिथौरागढ़ के संचालन को पूरी तरह से तैयार है।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के अनुसार, ऊधमसिंह नगर व पिथौरागढ़ जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है जिनके संचालन के लिये विभाग द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर दी गई है। राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर व पिथौरागढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालन के लिये विभाग द्वारा एनएमसी (नेशनल मेडिकल काउंसिल) को प्रस्ताव भेज दिया गया है जिसमें दोनों मेडिकल कॉलेज के लिये एमबीबीएस की 100-100 सीटों के संचालन को आवेदन किया गया है। एनएमसी से स्वीकृति मिलने के उपरांत दोनों मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कक्षाएं विधिवत शुरू कर दी जायेगी। मेडिकल कॉलेजों के शुरू होने से न केवल प्रदेश में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि तराई-भाबर सहित सीमांत क्षेत्रों के लोगों को अपने ही जनपद में उच्चस्तरीय व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी, साथ ही प्रदेश के युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई का अवसर भी मिल सकेगा।



#### रुद्रप्रयाग नर्सिंग कॉलेज का संचालन शीघ्र होगा

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रुद्रप्रयाग में राजकीय नर्सिंग कॉलेज का संचालन इसी शैक्षणिक सत्र से शुरू कर दिया जायेगा। इसके लिये विभाग द्वारा सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है।

#### चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित हुआ रुद्रपुर जिला चिकित्सालय

ऊधमसिंह नगर के जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय रुद्रपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। यह फैसला पंडित रामसुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर के सुचारू संचालन के लिये लिया गया है जिसका शासनदेश जारी कर दिया गया है जिसके तहत जिला अस्पताल का प्रशासनिक व वित्तीय नियंत्रण अब मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के अधीन होगा। इसके साथ ही अस्पताल में एनएमसी के मानकों के अनुसार मेडिकल उपकरण व औषधियों की व्यवस्था चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा की जायेगी।

अमृत विचार



## सिटी ब्रीफ

### बनभूलपुरा में गंदगी से रोष

**हल्द्वानी :** वार्ड संख्या 26, बनभूलपुरा में सफाई व्यवस्था चरमराने से लोगों में आक्रोश है। नालियां चोक होने से सड़कों पर कीचड़ और गंदगी फैल रही है। यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज मलिक ने कहा कि दो दिन बाद शब-ए-बारात का पवित्र त्योहार है, लेकिन रास्तों की हालत खराब है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से त्योहार के मद्देनजर तत्काल सफाई कराने और बिजली-पानी की आपूर्ति करने की मांग की है।

### शराब के साथ एक दबोचा

**हल्द्वानी :** पुलिस ने देसी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, एसआई कृष्ण गिरी ने टीम के साथ गौला गेट के पास से एक व्यक्ति से देसी शराब के 58 पाउच बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुशील कुमार पुत्र स्व. भागीरथ निवासी वार्ड 12 राजपुरा बताया।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लिया निर्णय, शीघ्र की जाएगी पर्याप्त रेबीज वैक्सीन की व्यवस्था


# राहतः अब एसटीएच में भी लगाई जाएगी रेबीज वैक्सीन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर में अभी तक सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में ही रेबीज वैक्सीन निशुल्क लगाई जाती है लेकिन अब डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भी निशुल्क रेबीज वैक्सीन लगाई जाएगी। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लिया गया है। इससे मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

एसटीएच में अभी तक रेबीज वैक्सीन लगाने की व्यवस्था नहीं थी। मरीज यहां आता था और उसे रेबीज वैक्सीन के लिए बेस अस्पताल जाना पड़ता था। बेस अस्पताल को हल्द्वानी में रेबीज वैक्सीन का सेंटर बनाया गया है और यहां प्रतिदिन करीब 100 रेबीज वैक्सीन लगाई जाती हैं। हालांकि कुत्ते, बंदर और अन्य जानवरों के हमले में घायल होने वाले कई लोग उपचार के लिए एसटीएच भी पहुंचते हैं। अभी तक यहां पर रेबीज वैक्सीन की व्यवस्था नहीं होने से मरीजों को काफी परेशानी होती है। एसटीएच प्रशासन से जानकारी मिली है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब एसटीएच में भी रेबीज वैक्सीन लगाई जाएगी। हालांकि यहां पर लगातार रेबीज वैक्सीन लगाने का काम नहीं होगा लेकिन जानवरों के हमले में अधिक घायल हुए ऐसे मरीज जिनका उपचार एसटीएच में चलेगा उनको वैक्सीन यहीं पर लगाई जाएगी। अस्पताल प्रशासन ने रेबीज वैक्सीन का स्टॉक भी मंगाने की तैयारी कर ली है।





रेबीज वैक्सीन लगाने का सेंटर बेस अस्पताल में है। वैक्सीनेशन सेंटर के तौर पर उसे ही रखा गया है लेकिन अब एसटीएच में भी जरूरत के अनुसार मरीजों को रेबीज वैक्सीन लगाने का काम किया जाएगा। **-डॉ. अरुण जोशी**, एमएस, एसटीएच

### कुत्तों को पकड़ने के लिए वार्डों में जा रही टीम


**हल्द्वानी :** शहर में कुत्तों का आंतक बरकरार है। बीते दिनों में कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आने के बाद नगर निगम भी एक्टिव मोड में आ गया है। निगम की टीम लगातार वार्डों में जाकर इस तरह के कुत्तों की पहचान करने व पकड़ने के लिए सर्वे कर रही है। निगम की टीम ने शुक्रवार को मुखानी क्षेत्र, वार्ड 44 सहित अन्य जगहों पर कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। हालांकि टीम की पकड़ में कुत्ते नहीं आए। नगर निगम के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि निगम की टीम लोगों की शिकायतों के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में मौके पर जा रही है। लेकिन मौके पर कुत्ते न मिलने से कुत्तों को पकड़ने में दिक्कत आ रही है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मल्ली बमौरी क्षेत्र में तीन लोगों को कुत्तों ने काट दिया था। साथ ही स्कूली बच्चे भी कुत्तों के हमले का शिकार हुए हैं। डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि शेल्टर नहीं होने से कुत्तों को रखा नहीं जा सकता है। बताया कि निगम की ओर से राजपुरा स्थित एबीसी सेंटर में कुत्तों व अन्य जानवरों का बधियाकरण किया जाता है।



सुशीला तिवारी अस्पताल। फाइल फोटो

# बिना कार्डियोलॉजिस्ट कैसे मिलेगा कैथलैब का लाभ

संवाददाता, हल्द्वानी




- अभी हृदय रोग विशेषज्ञ की कोई व्यवस्था नहीं
- संभावना, कामचलाऊ ढंग से चलेगी कैथलैब

**अमृत विचारः** एसटीएच में कैथलैब बना दी गई है और अब इस कैथलैब का शुरू करने की तैयारी चल रही है। अस्पताल प्रशासन का मानना है कि कैथलैब खुलने के बाद कार्डियोलॉजिस्ट आ जाएंगे। फिलहाल देहरादून से कार्डियोलॉजिस्ट बुलाकर ही माह में एक या दो ऑपरेशन करवा कर खानापूर्ति किए जाने की तैयारी है। अब हृदय रोगी को इमरजेंसी सेवा की जरूरत पड़ी तो दून से इतनी जल्दी हल्द्वानी तक डॉक्टर कैसे पहुंचेंगे।

यह बड़ी विडंबना है कि एसटीएच में जिस कैथलैब का प्रचार प्रसार स्वास्थ्य विभाग जोर-शोर से कर रहा है, उसका संचालन लग रहा है कि अस्थायी डॉक्टर से ही होने वाला है। कैथलैब को शुरू करने में अब कुछ ही दिन बचे हैं लेकिन अस्पताल प्रशासन के पास अपना हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट और कार्डियोसर्जन) तक नहीं है। जहां तक कैथलैब की उपयोगिता की बात है तो यहां पर एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिंग, पेसमेकर लगाना, ईपी स्टडी और एब्लेशन, वल्वुलोप्लास्टी जैसे उपचार होते हैं और इसके लिए हृदय रोग विशेषज्ञ का होना आवश्यक है। दूसरी समस्या यह है कि हृदय रोग से जुड़ी बीमारियों में अगर इमरजेंसी सेवाओं की जरूरत पड़ी तो तुरंत ही हृदय रोग विशेषज्ञ का मौके पर होना जरूरी है। अन्यथा मरीज को रेफर करने के अलावा और कोई चारा नहीं होता है। अगर एसटीएच को स्थायी कार्डियोलॉजिस्ट और कार्डियोसर्जन नहीं मिले तो करोड़ों रुपये जनता का धन लगाने के बाद भी कैथलैब रेफरल सेंटर बन सकता है।

### पहले डॉक्टर थे तब कैथलैब नहीं थी

साल 2009 में यहां से एक हृदय रोग विशेषज्ञ ने नौकरी इस बात छोड़ी थी कि एसटीएच के पास अपनी कैथलैब नहीं है। ऐसे में उनका यहां सेवाएं देना बेकार है। इसके बाद से अभी तक ढुलमूल रवैया ही चल रहा है। इधर एमएस डॉ. अरुण जोशी का कहना है कि अगर स्थायी डॉक्टर नहीं मिला तो देहरादून से ही डॉक्टर को बुलाया जाएगा।

### सीलन की समस्या बरकरार, कैसे लगेंगी मशीनें

**हल्द्वानी :** कैथलैब के शुरू होने से पहले यहां सीलन को ठीक करना होगा। करीब 10 दिन पहले अस्पताल प्रशासन ने यहां निरीक्षण किया था तब सीलन की समस्या सामने आई थी। मशीनों को लगाने के लिए सीलन हटाना जरूरी है। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि कैथ लैब की दीवारों में सीलन है। सीलन को हटाने पर काम पर हो रहा है जिससे स्टालेशन की प्रक्रिया पूरी हो पाए।

# प्राधिकरण नहीं मान रहा ऑफलाइन खतौनी लोगों के आवासीय नक्शे कर रहा है निरस्त


### ऑनलाइन खतौनी और विभागीय तालमेल नहीं होने से घर बनाने के लिए लोगों को हो रही हैं दिक्कतें

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डिजिटाइजेशन सरकारी तंत्र पर इस कद्र हावी हो गया है कि ऑफलाइन आदेश को मान्यता ही नहीं मिल रही है। राज्य सरकार के ई-भूलेख का पोर्टल अपग्रेड किया जा रहा है जिस वजह से एक माह से अधिक समय से ऑनलाइन खतौनी नहीं निकल रही है। अब घर बनाने के लिए लोग नक्शे के आवेदन में ऑनलाइन के बजाय ऑफलाइन खतौनी लगा रहे हैं। इस ऑफलाइन खतौनी (आर-6) को जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने सिरे से खारिज करते हुए नक्शों के आवेदन निरस्त किए। अब दो सरकारी महकमों में तालमेल की कमी का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, एक आवासीय नक्शे के आवेदन के लिए भवन का नक्शा, रजिस्ट्री, दाखिल खारिज, आधार-पैन कार्ड लगाए जाते हैं। अमूमन नक्शों के आवेदन में ऑनलाइन खतौनी लगाई जाती थी। पिछले एक माह से अधिक समय से ई-भूलेख पोर्टल अपग्रेड किया जा रहा था जिस वजह से पोर्टल संबंधी सभी कामकाज ठप थे। तहसील प्रशासन ने इसका समाधान निकालते हुए सभी को ऑफलाइन मोड में आर-6 (खतौनी) उपलब्ध करा रहा है ताकि आमजन के कोई भी काम नहीं रुके। ऑनलाइन खतौनी नहीं निकलने पर लोग आवसीय नक्शे के आवेदन में आर-6 की पीडीएफ लगा रहे हैं। पोर्टल से ऑनलाइन खतौनी नहीं मिलने का खामियाजा जनता को झेलना पड़ रहा है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की ओर से आर-6 लगाए गए आवेदनों को निरस्त किया जा रहा है। सभी में ऑन लाइन खतौनी नहीं होने की आपत्ति लगा दी जा रही है। इसको लेकर आवेदक हैरान हैं। वे तहसील जा रहे हैं तो उन्हें बताया जा रहा है कि आर-6 एक वैध दस्तावेज और खतौनी ही है। फिर वे प्राधिकरण के चक्कर काट रहे हैं, जहां उन्हें ऑनलाइन खतौनी की मांग की जा रही है। जब इसकी शिकायतें तहसील प्रशासन के सामने आईं तो उन्होंने प्राधिकरण अधिकारियों से वार्ता की। फिलहाल दो महकमों में आपसी तालमेल नहीं होने से जनता को परेशानी हो रही है।






### साहब की सेवा करनी होगी .... तभी नक्शा होगा मंजूर


**हल्द्वानी :** सूत्रों की मानें तो प्राधिकरण आर-6 को नहीं मान रहा है, ऑन लाइन खतौनी का हवाला देते हुए नक्शे के आवेदन निरस्त कर रहा है। ऐसे में लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं, प्राधिकरण से नक्शा पास कराने, सील खुलवाने, चालान करने और सुलझाने का ठेका लेने वाले लोग इसका फायदा उठा रहे हैं। वे आवेदकों से संपर्क कर रह हैं, नक्शा पास कराने के लिए सुविधा शुल्क की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि साहब की सेवा करनी होगी, तभी नक्शा मंजूर होगा। अमूमन 10 हजार से 50 हजार रुपये तक की डिमांड की जा रही है। ऐसे में लोग बार-बार तहसील, सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

### हर माह में आते हैं 150 से अधिक आवेदन

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण एक माह में 150 से अधिक आवासीय नक्शों के आवेदन प्राप्त होते हैं। बैंकों ने लोन के लिए स्वीकृत नक्शा मांगता है, इस वजह से हल्द्वानी में लोन लेकर घर बनाने वाला हर व्यक्ति नक्शा स्वीकृत कराता है।



मेरे संज्ञान में भी यह प्रकरण है कि जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण सत्यापित खतौनी को नहीं मान रहा है, आवासीय नक्शे निरस्त कर रहा है जबकि यह मान्य होना चाहिए। इसको लेकर डीडीए के संयुक्त सचिव से वार्ता की गई है। अनुरोध किया गया है कि नक्शों के आवेदन स्वीकृत किए जाएं। **-कुलदीप पांडेय**, तहसीलदार हल्द्वानी



मेरा संज्ञान में भी इस तरह के मामले आए हैं, सभी एई-जेई को निर्देश दिए गए हैं कि ऑफलाइन मोड में प्राप्त होने वाली खतौनी को मान्य किया जाए। सिर्फ इसी आधार पर आवेदन को रिजेक्ट नहीं किया जाए कि उनके पास ऑनलाइन खतौनी नहीं है। **-गोपाल सिंह चौहान**, संयुक्त सचिव/सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी

## ई-भूलेख पोर्टल हुआ अपग्रेड, पर धीमी है रफ्तार

**हल्द्वानी :** राज्य सरकार के ई-भूलेख पोर्टल को अपग्रेड किया जा रहा था। जिस वजह से एक माह से अधिक समय से ऑनलाइन खतौनी दर्ज भी नहीं हो रही है। ऑनलाइन निकल भी नहीं पा रही थी। इधर, अब यह पोर्टल अपग्रेड हो गया है। नया वर्जन कंप्यूटर के विंडोज के अपग्रेड वर्जन पर ही चल रहा है। ऐसे में तहसील के सभी सरकारी कंप्यूटरों को अपग्रेड किया गया।

शुक्रवार से पोर्टल ने काम करना शुरू कर दिया है लेकिन अभी रफ्तार बहुत धीमी है। एक माह में 1400 से 1500 खतौनियां ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाती हैं लेकिन वर्तमान में सिर्फ चार-पांच खतौनियां ही दर्ज हो पा रही हैं। इस वजह से खतौनियों को ऑनलाइन दर्ज होने में काफी वक्त लग सकता है। तहसीलदार कुलदीप पांडेय ने बताया कि पोर्टल अपग्रेड हो गया है, वर्तमान में चार-पांच खतौनियां दर्ज हो रही हैं। अतिरिक्त स्टाफ लगाकर जल्द ही सभी खतौनियों को ऑनलाइन दर्ज कर दिया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि म जनता को किसी तरह की परेशानी न हो।

# पुलिस ने शहर में ड्रग्स बेचने वाले पैडलर को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




- गिरफ्त में आए पैडलर ने पुलिस को बताया स्मैक का अड्डा
- पुलिस ने आरोपी के पास से 8.92 ग्राम स्मैक बरामद की

**अमृत विचार :** गौलापार स्मैक तस्करी का अड्डा बन चुका है। पुलिस ने एक ऐसे पैडलर को पकड़ा है, जिसने पुलिस को बताया कि वह गौलापार के एक व्यक्ति से स्मैक खरीद कर लाता था। न सिर्फ खुद स्मैक पीता था, बल्कि उसे शहर में बेचता भी था। पुलिस अब गौलापार के तस्कर की तस्दीक करने में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, बीते गुरुवार को एसआई मोनी टम्टा टीम के साथ गश्त पर थीं। उन्होंने प्रेम टॉकिज रेलवे फाटक के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी में युवक के पास से स्मैक मिली। पूछताछ में उसने अपना नाम जावेद पुत्र मो. याकुब निवासी गफुर बस्ती व हाल निवास जवाहर नगर बताया। साथ ही बताया कि वह स्मैक का आदी है। खर्चे पूरे करने के लिए वह स्मैक भी बेचता है। इसके चक्कर में वह जेल भी जा चुका है। बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फत्र्याल ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपी ने बताया कि वह स्मैक गौलापार में रहने वाले एक व्यक्ति से लेकर आता है।

# ठंड के चलते बढ़ने लगे सर्दी जुखाम के मरीज

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचारः** नैनीताल में बर्फबारी और बारिश के बाद कड़ाके की ठंड पड़ने से बीडी पांडे अस्पताल में सर्दी जुखाम व बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं। जिसमें बच्चे भी शामिल हैं। डॉक्टर उपचार के साथ मरीजों को ठंड से बचने की जरूरी सलाह भी दे रहे हैं।

बता दें कि नैनीताल में बीते दिनों बर्फबारी और बारिश के चलते कड़ाके की ठंड महसूस होने लगी है। जिसके चलते बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगने लगी है। ठंड के चलते बुखार व सर्दी जुखाम के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. दुग्ताल ने बताया कि इन दिनों ठंड के चलते बुखार, जुखाम, सिर दर्द, बुखार की शिकायत लेकर मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि मरीज ठंड से अपना बचाव करें। हर रोज कुछ देर धूप जरूर सेंके।

### ठंड के मौसम में बच्चों का रखें विशेष ध्यान

बीडी पांडे अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र सिंह मेर ने बताया कि ठंड बढ़ने के चलते इन दिनों सर्दी, जुकाम व बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं, जिसमे छोटे बच्चों की संख्या ज्यादा है। इन दिनों अस्पताल में लगभग 70 बच्चे उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। जिसमें लगभग 50 बच्चे सर्दी, जुखाम व बुखार से परेशान हैं। बताया कि बच्चों को उपचार के साथ उनके परिजनों को बच्चों को ठंड से बचाने की राय दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बच्चों को ठंड से बचाना जरूरी है।

# एक से तीन फरवरी तक पूरे राज्य में यलो अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

- बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि की संभावना
- मौसम विज्ञान केंद्र ने जारी किया अलर्ट

**अमृत विचारः** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का अनुमान जताया है और एक से तीन फरवरी तक बारिश होने का अनुमान है। साथ ही बर्फबारी और कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य के सभी जिलों में बारिश हो सकती है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के भी आसार हैं। अगर ऐसा होता है तो राज्य में एक बार फिर से ठंड का प्रकोप बढ़ेगा। पूरे कुमाऊं मंडल में जनवरी माह में अच्छी बारिश हुई है। केवल पिथौरागढ़ जिला ही ऐसा है जहां सामान्य से कम बारिश हुई है बाकी सब जगह सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। इससे ठंड के दिनों में पहाड़ों में पड़ा सूखा खत्म हो गया है। इधर, हल्द्वानी में दिन के समय बादल भी छाए रहे और साथ ही ठंडी हवा भी चली। शाम होने के साथ ही हल्का कोहरा भी छा गया। अधिकतम तापमान करीब 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान सात डिग्री दर्ज किया गया है।

# गौलापार में बिजली ठप होने से लोग रहे परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी



- आज भी गौलापार के कई क्षेत्रों में होगी बिजली कटौती

**अमृत विचारः** ऊर्जा निगम की ओर से बिजली लाइनों को आधुनिक बनाने और मरम्मत कार्य के चलते शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में बिजली गुल रही। टीपी नगर और गौलापार क्षेत्र के हजारों लोगों को दिनभर बिजली कटौती का सामना करना पड़ा।

टीपी नगर उपसंस्थान के अंतर्गत बेलबाला, देवलचौड़, नीलयम कॉलोनी और मानपुर पश्चिम जैसे बड़े क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। एसडीओ शुभा जोशी ने बताया कि इन क्षेत्रों में कनेक्टर रिप्लेसमेंट काकार्य किया गया। काम पूरा होने के बाद शाम 4 बजे आपूर्ति सुचारू कर दी गई। वहीं, गौलापार के 33/11 केवी उपसंस्थान से जुड़े नलकूप फीडर, दानीबगर फीडर और कालीचौड़ क्षेत्रों में भी सुबह 9:30 से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रही। शनिवार को भी गौलापार के 33/11 केवी उपसंस्थान से जुड़े नलकूप फीडर, दानीबंगर फीडर और कालीचौड़ क्षेत्रों में सुबह 9:30 से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

## बजट पर नजर

### केंद्र सरकार के दो फरवरी को प्रस्तावित बजट को लेकर आमजन ने पेश की अपनी-अपनी राय


# बहुत हो गई महंगाई की मार, अब तो राहत दो सरकार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दूसरे वर्ष का बजट 2 फरवरी को प्रस्तावित है। इस बजट को लेकर आमजन विशेषकर गृहणियों, लघु व्यापारियों, नौकरी पेशाओं को बहुत उम्मीद है।

सभी का मानना है कि पिछले दो-तीन वर्षों में महंगाई ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, ऐसे में आर्थिक बोझ ने जनता की रीढ़ तोड़ दी है। रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पेट्रोल, दाल, सब्जी, घी के दामों में जीएसटी की दरों में संशोधन के बाद भी खासा राहत नहीं हुई है। वहीं, लग्जरी कार, सोने-चांदी के जेवरात तो कमजोर व मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर हो गए हैं। ऐसे में जनता महंगाई में राहत मांग रही है। जब इस बाबत गृहणियों व विभिन्न वर्ग के लोगों से बातचीत की गई तो उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी।





केंद्रीय बजट ऐसा हो जो महंगाई को कम करे। महंगाई की वजह से आमजन काफी परेशान है। ऐसे प्रावधान करने चाहिए कि आमजन रोजमर्रा के सामान को कम दामों में खरीदे। **-डॉ. प्रमोद कुमार**, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, नैनीताल




आमजन की ओर से बैंकों को दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज दर को कम किया जाए। साथ ही शिक्षा के लिए दिए जाने वाले ऋण की प्रक्रिया को और भी सरल किया जाए। **-हेम पांडेय**, मेडिकल स्टोर संचालक, हल्द्वानी



महिलाओं के लिए लघु उद्योगों को दिए जाने वाले ऋणों की ब्याज दर कम और प्रक्रिया आसान हो। साथ ही पहाड़ों में छोटे-छोटे उद्यम लगाए जाने की योजना पर काम हो। **-लक्ष्मी बिष्ट**, सदस्य स्वयं सहायता समूह, शशबनी




मेरे लिए अच्छा बजट वही है जो मेरी रसोई का बजट न बिगड़ने दे। जब दाल, तेल और गैस के दाम नियंत्रण में होते हैं, तभी एक गृहणी चैन की नींद सो पाती है। बजट ऐसा हो जो थाली से पोषण कम न होने दें। **-चेतना बिष्ट**, गृहणी



एक गृहणी हमेशा बुरे वक्त के लिए छोटी रकम बचाती है। सरकार को ऐसी योजनाएं लानी चाहिए जिसमें महिलाओं की छोटी-छोटी बचत पर बेहतर ब्याज मिले। बजट में मध्यम वर्ग के लिए टैक्स की छूट और निवेश के आसान विकल्प होने चाहिए। **-सरिता अधिकारी**



आज के दौर में सबसे ज्यादा खर्च बच्चों की पढ़ाई पर होता है। बजट में शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि हमें अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए अपनी बुनियादी जरूरतों से समझौता न करना पड़े। सरकार को फीस पर नियंत्रण रखना चाहिए। **-आभा जीना**



बजट में उन महिलाओं के लिए भी प्रावधान होने चाहिए जो घर से छोटा-मोटा व्यापार करना चाहती हैं। अगर कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा तो गृहणी सिर्फ रुपये बचाएगी नहीं, बल्कि रुपये कमाएगी भी। गृहणी सशक्त होगी तो देश और समाज भी मजबूत होगा। **-बीना जीना**

# धन की स्वीकृति मिले तो शिफ्ट हो बस अड्डा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट होना है हल्द्वानी बस अड्डा

**अमृत विचार :** हल्द्वानी बस अड्डे की ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्टिंग के लिए अतिरिक्त वित्तीय अनुमतियों को हरी झंडी का इंतजार है। राज्य सरकार से अनुमति मिलते ही बस अड्डे को अस्थायी तौर पर शिफ्ट करने का काम शुरू हो जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत तहसील, बस अड्डा, निबंधन कार्यालय, डीएम कैंप कार्यालय का कुछ हिस्सा मिलाकर एक बहुद्देश्यीय भवन का निर्माण प्रस्तावित है। एडीबी, परिवहन, प्रशासन ने संयुक्त निरीक्षण के बाद दो साल पूर्व 8 फरवरी 2024 को बस अड्डे की शिफ्टिंग के लिए ट्रांसपोर्ट नगर की भूमि का चयन किया था। लगभग 1.23 एकड़ के रकबे वाली इस भूमि में 100 मीटर लंबाई और 40 मीटर चौड़ाई के मानक पूरे हो रहे हैं। इसमें बसों की पार्किंग, संचालन, कैंटीन, रोडवेज परिसर वगैरह भी अस्थायी तौर पर बनाए जाएंगे। शुरुआती चरण में यहां से 70 बसों का संचालन प्रस्तावित है। इसमें 35 बसों की पार्किंग होगी। परिवहन विभाग व प्रशासन की विभिन्न बिंदुओं पर सहमति भी बन गई है। इसमें लगभग दो करोड़ का खर्च आ रहा है। इसको लेकर सहमति बन गई है। अब इस शिफ्टिंग में कई अतिरिक्त वित्तीय अनुमतियां हैं, जिनसे राज्य सरकार से स्वीकृति मिलनी है लेकिन अभी तक नहीं मिली है जिस वजह से काम अटका पड़ा है।

## अब 2 जून तक निरस्त रहेंगी ट्रेनें

**हल्द्वानी :** उत्तर रेलवे के जम्मूतवी मंडल पर अलग-अलग ब्रिज में चल रहे तकनीकी कार्य के चलते रेलवे प्रशासन ने पहले से निरस्त कई ट्रेनों की निरस्तीकरण अवधि को बढ़ा दिया है। इसका असर जम्मू और कटरा जाने वाले यात्रियों पर पड़ेगा।

रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार काठगोदाम से जम्मूतवी जाने वाली काठगोदाम-जम्मूतवी एक्सप्रेस की सेवाएं 2 जून तक निरस्त रहेंगी, जबकि जम्मूतवी-काठगोदाम एक्सप्रेस 31 मई तक नहीं चलेगी। इसी तरह कानपुर सेंट्रल-काठगोदाम एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल से 2 जून तक और काठगोदाम-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस काठगोदाम से 1 जून तक निरस्त रहेंगी। इसके साथ ही गाजीपुर सिटी- कटरा एक्सप्रेस गाजीपुर सिटी से 29 मई तक निरस्त रहेगी।

अमृत विचार
हल्द्वानी, शनिवार, 31 जनवरी 2026
नैनीताल

सिटी ब्रीफ

## लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी

**नैनीताल :** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एसपी डॉ. जगदीश चन्द्र के नेतृत्व में नैनीताल पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। सूखाताल क्षेत्र में टीएसआई हरीश सिंह फर्त्याल ने टैक्सी ड्राइवरों, केमू बस चालकों व स्थानीय लोगों को एकत्र कर यातायात नियमों की जानकारी दी।

## शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग

**धानाचूली :** भीमताल विधानसभा से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा से मुलाकात कर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में लंबे समय से रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों का मुद्दा उठाया। उन्होंने इस संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र नियुक्तियों की मांग की। मनोज शर्मा ने कहा कि कई सरकारी स्कूलों में वर्षों से शिक्षक नहीं हैं, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है और छात्र-छात्राओं को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आग्रह किया कि सभी ऐसे विद्यालयों का चिन्हीकरण कर तत्काल प्रभाव से शिक्षकों की तैनाती की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## 92 टेट्रा पैक देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**धानाचूली :** मुक्तेश्वर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 92 टेट्रा पैक देशी मसालेदार शराब के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक नैनीताल के निर्देश पर थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर जगदीप नेगी के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बिट्टू मौर्य पुत्र रामचंद्र, निवासी किशनपुर सुकूनिया, मोटाहल्दू, जनपद नैनीताल (उम्र 29 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरि राम, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार व कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह शामिल रहे।

## 18 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी एकजुट

**नैनीताल :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद नैनीताल ने प्रान्तीय आह्वान पर गुरुवार को गेट मीटिंग कार्यक्रम के तहत कोषागार तथा जिला पंचायत कार्यालय में गेट मीटिंग आयोजित कर कर्मचारियों की 18 सूत्री मांगें शीघ्र पूर्ण किए जाने की मांग की। परिषद ने मांगें पूरी होने तक एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि जनपद के सभी विकास खंडों एवं विकास भवन भीमताल में गेट मीटिंग के उपरांत कार्यक्रम के अंतिम चरण में ट्रेजरी और जिला पंचायत कार्यालय में बैठकें आयोजित की गईं।

# डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवाइयां, जेजेएम में वसूली का आरोप

### क्षेत्र पंचायत कालाढूंगी की पहली बैठक में सदस्यों ने उठाईं समस्याएं, जेजेएम कनेक्शन लेने के लिए एक से तीन हजार रुपये वसूलने का आरोप

संवाददाता, कालाढूंगी




क्षेत्र पंचायत की बैठक में मौजूद विधायक सरिता आर्या, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी व अन्य। ● अमृत विचार



ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में अपनी समस्याएं रखते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत समिति की पहली बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याएं उठाई गईं। बैठक में सीएचसी कोटाबाग में डॉक्टरों द्वारा बाहर की दवाइयां लिखने तथा जल संस्थान के कर्मचारियों द्वारा जेजेएम योजना में कनेक्शन के नाम पर ग्रामीणों से एक हजार से तीन हजार रुपये वसूले जाने का मामला जोरशोर से उठा। बैठक में जनप्रतिनिधियों की ओर से पेश किए गए 249 प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में बीडीओ श्वेता सैनी ने क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों ने सिंचाई, पेयजल, सड़क, जंगली जानवरों द्वारा फसलों को हो रहे नुकसान सहित कई समस्याएं सदन में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल ने मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने जन-जन के द्वार कार्यक्रम में अधिकारियों की अनुपस्थिति एवं फोन न उठाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि कोटाबाग को आदर्श ब्लॉक बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य बाघनी विनोद बधानी, राहुल पंत एवं ग्राम प्रधान तलिया चंदु सनवाल ने सीएचसी कोटाबाग में रात्रि में डॉक्टरों की अनुपलब्धता, मरीजों को सुविधाएं न मिलने तथा डॉक्टरों द्वारा पर्चे में बाहर की दवाइयां लिखे जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने रिक्त डॉक्टरों की तैनाती एवं सीएचसी की एक्स-रे मशीन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि दो मरीजों के एक्स-रे में फ्रैक्चर नहीं आया, जबकि दर्द बढ़ने पर रामनगर में कराए गए एक्स-रे में फ्रैक्चर पाया गया। बाहर की दवाइयां लिखे जाने की शिकायत पर विधायक सरिता आर्या एवं जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए डिप्टी सीएमओ नैनीताल को तत्काल डॉक्टरों की बैठक बुलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य आंवलाकोट दीपा ढौंडियाल ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों से एक रुपये के कनेक्शन के बदले एक हजार से तीन हजार रुपये लेने का आरोप लगाया। पर्वतीय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बताया कि देवीपुरा-सौड़ मोटर मार्ग पर बाघनी पुल के पास सड़क पर आए मलबे को हटाकर वे स्वयं अपने वाहन निकालकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व इसी स्थान पर वाहन गिरने से पांच पर्यटकों की मौत हो चुकी है। ग्रामीण अपने खर्चे पर जेसीबी एवं ट्रैक्टर से मलबा हटाने और फंसे वाहनों को निकालने को मजबूर हैं।

क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल पंत ने क्षेत्र में बन रहे रिसॉर्टों में अवैध बोरिंग तथा गुरूणी नाले के पास राजस्व व वन भूमि पर बिल्डरों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की जांच की मांग की। ग्राम प्रधान ममता वर्मा ने उत्तराखंड परिवहन की दिल्ली, हरिद्वार एवं देहरादून जाने वाली बसों को पुनः कोटाबाग से संचालित करने तथा आंवलाकोट में राजस्व भूमि पर लगने वाले हाट बाजार का किराया जिला पंचायत के बजाय ग्राम पंचायत को दिए जाने की मांग रखी। चित्रा बिष्ट ने बुजुर्गों की पेंशन से जुड़ी समस्याएं, शुभम बिष्ट ने सौड़ क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल लाइन न बिछाए जाने, ग्राम प्रधान आशा मेहरा ने पेयजल लाइन लीकेज तथा नेहा पांडे ने पेयजल समस्या का मुद्दा उठाया। विधायक सरिता आर्या एवं जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम बिपिन पंत, ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी, कनिष्ठ प्रमुख अपूर्वा बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि विक्रम जंतवाल, विधायक प्रतिनिधि मयंक तिवारी, जिपं. सदस्य अनीता आर्या, प्रभा पांडे, राजेंद्र कार्की, किशोर देउपा, सिंचाई विभाग के एसडीओ गणेश पांडे, डॉ. कुलदीप मर्तोलिया, रेंजर मुकेश जोशी, विद्युत विभाग के एसडीओ दीपक पाठक रहे।

## सत्संग से जीवन के वास्तविक मूल्यों का मिलता है ज्ञान: सत्यबोधानंद

संवाददाता, लालकुआं



श्री हंस प्रेम योग आश्रम संजय नगर में आयोजित सत्संग समागम में उपस्थित श्रद्धालु।

**अमृत विचार:** यहां श्री हंस प्रेम योग आश्रम, संजय नगर में आयोजित सत्संग समागम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानव उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय संगठन सचिव महात्मा सत्यबोधानंद ने कहा कि सत्संग मनुष्य के भीतर विवेक को जागृत करता है और उसे जीवन के वास्तविक मूल्यों का ज्ञान कराता है। सत्संग के माध्यम से व्यक्ति विकारों से मुक्त होकर परम तत्व को जान लेता है। इस ज्ञान को समय-समय पर ज्ञानी संत, महात्मा एवं महापुरुषों द्वारा प्रदान किया जाता रहा है।महात्मा सत्यबोधानंद एवं प्रचारिका बाई जी बिंदुखत्ता के इंदिरा नगर प्रथम में आयोजित सत्संग सम्मेलन में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। संत महात्माओं ने कहा कि वर्तमान समय आध्यात्मिक क्रांति लाने का है, क्योंकि अध्यात्म से विमुख होने के कारण आज समाज में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। सद्भावना, समरसता और सौहार्द के स्थान पर दुर्भावना, द्वेष और कटुता बढ़ती जा रही है। ऐसे में जहां भी सत्संग हो, उसे श्रवण करने का अवसर नहीं गंवाना चाहिए, क्योंकि जीवन की सबसे अनमोल और वास्तविक कमाई आध्यात्मिक ज्ञान ही है, जो सत्संग के माध्यम से प्राप्त होता है। यहां मुख्य यजमान जगदीश कांडपाल, कमला कांडपाल, दीपक कांडपाल, भावना कांडपाल सहित भुवन चंद भट्ट, देवी दत्त भट्ट, स्वामीनाथ पंडित, भगवान दास वर्मा, अर्जुन नाथ गोस्वामी, रमेश नाथ, महेश पांडे, डॉ. आरपी. श्रीवास्तव, डॉ. सरिता श्रीवास्तव, पुष्पा भट्ट, नंदी उप्रेती आदि रहे।

## बुल्ले शाह का स्मारक तोड़ने पर रोष जताया

**रामनगर :** समाजवादी लोक मंच ने मसूरी में 24 जनवरी को पंजाबी सूफी संत बुल्ले शाह के स्मारक पर किए गए हमले और तोड़फोड़ की कड़े शब्दों में निंदा की है। मंच ने इस घटना में शामिल सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी तथा स्मारक के पुनर्निर्माण की मांग की है।

मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि जिस प्रकार तालिबान ने अफगानिस्तान के बामियान में बौद्ध मूर्तियों को नष्ट किया था, उसी तरह असामाजिक तत्व सूफी संत बुल्ले शाह के स्मारक को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुल्ले शाह ने पूरी दुनिया को प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। वे सूफी काव्य के शिखर पुरुषों में गिने जाते हैं। उनकी कविताएं रूहानियत, प्रेम और सामाजिक पाखंड पर करारी चोट करने के लिए जानी जाती हैं। समाजवादी लोक मंच ने जनवादी लोगों से नफरती हिंसा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया है।

## भाजपा सरकार पर महात्मा गांधी के योगदान को कमजोर करने का आरोप

संवाददाता, लालकुआं



लालकुआं तहसील में शुक्रवार को धरना-प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** लालकुआं तहसील में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा योजना के नाम में बदलाव के खिलाफ एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार महात्मा गांधी के विचारों और उनके योगदान को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर तहसील कार्यालय में आयोजित इस धरने में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि यह केवल प्रशासनिक फैसला नहीं बल्कि वैचारिक हमला है, और इसे पूरे प्रदेश तथा देश में फैलाया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नाम बदलकर राजनीतिक प्रयोगशाला तैयार कर रही है, ताकि मजदूरों का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाया जा सके। धरने में शामिल प्रमुख नेताओं में नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे, बिंदुखत्ता ब्लॉक अध्यक्ष पुष्कर दानू, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चन्द्र दुर्गापाल, हरेन्द्र बोरा, प्रमोद कालोनी, हेमवती नन्दन दुर्गापाल, कुदन सिंह मेहता, रवि शंकर तिवारी, हेमन्त पाड़े, मोहन कुडाई, राजपाल, मुन्ना बिष्ट, योगेश उपाध्याय, कमलेश यादव, प्रदीप बथ्याल और रमेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिरसिंग्या गांव में आजादी के वर्षों बाद अब पहुंचेगी सड़क

संवाददाता, धानाचूली

● वन मंत्रालय से सड़क निर्माण के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिली

**अमृत विचार:** नैनीताल जिले के धारी विकासखंड स्थित दूरस्थ बिरसिंग्या गांव के ग्रामीणों के लिए बड़ी खुशखबरी है। आजादी के बाद पहली बार गांव तक सड़क पहुंचने का रास्ता साफ हो गया है। लंबे इंतजार के बाद वन मंत्रालय से सड़क निर्माण को सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों की वर्षों पुरानी उम्मीदें फिर से जाग उठी हैं। प्रस्तावित सड़क लगभग पांच किलोमीटर लंबी होगी।

क्षेत्र के समाजसेवी रमेश टम्टा ने बताया कि सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। आपात स्थिति में मरीजों को डोली के सहारे मुख्य सड़क तक ले जाना मजबूरी बन गया था। उन्होंने कहा कि सड़क की मांग लगातार सरकार, क्षेत्रीय विधायक राम सिंह कैड़ा, सांसद अजय भट्ट और शासन-प्रशासन के समक्ष उठाई जाती रही। भवाली लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि यह सड़क



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बनाई जाएगी। सड़क बनने से स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं तक पहुंच आसान होगी, साथ ही गांव के सामाजिक व आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। वर्षों बाद मिली इस सौगात से बिरसिंग्या गांव में खुशी का माहौल है।

## ओखलकांडा में तेंदुए ने भैंस को बनाया निवाला

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** विकासखंड ओखलकांडा क्षेत्र में तेंदुए के आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम सभा सुनकोट के काफली निवासी केशव दत्त की दुधारू भैंस को तेंदुए ने अपना निवाला बना लिया।

बताया जा रहा है कि यह तेंदुआ लगातार ग्राम सभा कैड़ा गांव, ग्राम सभा कूकना एवं ग्राम सभा धैना क्षेत्र में देखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार, इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों को कई बार सूचित किया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बताते चलें कि विगत चार वर्ष पूर्व ग्राम सभा कूकना व ग्राम सभा धैना क्षेत्र में दो महिलाएं बाघ का शिकार बन चुकी हैं। तब क्षेत्रवासियों ने जंगलों की ओर सोलर लाइट लगाने एवं बाघ को पकड़ने की मांग उठाई थी, लेकिन आज तक जंगल से सटे क्षेत्रों में न तो सोलर लाइट लगी और न ही सायरन जैसी किसी चेतावनी उपकरण की व्यवस्था हुई। क्षेत्र पंचायत सदस्य कविता नौलिया ने वन विभाग देवीधुरा, रेंजर भिंगराड़ा एवं डीएफओ चंपावत से क्षेत्र के चारों ओर झाड़ी कटान तथा सोलर लाइट लगवाने की मांग की है।

## बर्फबारी ने लोगों के लिए खोले रोजगार के द्वार

**नैनीताल:** नैनीताल के ऊंचाई वाले और आसपास के क्षेत्रों में हुई बर्फबारी ने क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के द्वार खोल दिए हैं। बर्फबारी के बाद क्षेत्र में पर्यटकों की आवक से होटल कारोबारियों, टैक्सी चालकों व अन्य कारोबार ने भी रफ्तार पकड़ी हुई है। नैनीताल क्षेत्र में बर्फबारी के बाद पर्यटकों की आमद बढ़ी है। जिससे होटल कारोबारियों, टैक्सी चालक, नाव चालक, दुकानदारों व छोटे कारोबारियों को रोजगार मिल रहा है। होटल एसोशिएशन अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने बताया कि बीते वीकेंड व 26 जनवरी की छुट्टी के चलते अच्छा कारोबार हुआ। नाव चालक समिति अध्यक्ष राम सिंह ने इन दिनों अच्छा रोजगार मिलने की बात कही है।



भीमताल में शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते जनप्रतिनिधि।

## शिक्षकों के रिक्त पद भरने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**भीमताल :** कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा से मुलाकात कर उन्हें विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से प्रभावित हो रहे पठन-पाठन से अवगत कराया। उन्होंने डीईओ को ज्ञापन सौंप शिक्षकों की कमी पूरी करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से शिक्षकों के पद खाली होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनता लगातार शिक्षकों की नियुक्ति की मांग कर रही है, लेकिन अब भी कई विद्यालयों में पद रिक्त हैं। उन्होंने सभी रिक्त पदों वाले विद्यालयों का चिह्नीकरण कर तत्काल शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की।

आयोजन

### रामगढ़ के रीठा में जन-जन की सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित, विधायक राम सिंह कैड़ा ने की अध्यक्षता

## बहुद्देश्यीय शिविर में विभिन्न समस्याओं का मौके पर निपटाया

संवाददाता, भवाली



शिविर में लोगों की समस्याओं को सुनते सीडीओ अरविंद पांडे व एसडीएम नैनीताल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम में तहत रामगढ़ विकासखंड के रीठा में बहुद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। विधायक राम सिंह कैड़ा एवं मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडे की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में खाद्य विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, जल जीवन मिशन, समाज कल्याण विभाग, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग से संबंधित सर्वाधिक मामले आए।

इस मौके पर विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा कि सरकार ने आम जनमानस के हितों को ध्यान में रखते हुए जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार जैसे कार्यक्रम आयोजित किए हैं। उन्होंने कहा कि जहां पहले आम जनता न्याय के लिए सरकार के द्वार पर जाती थी, वहीं अब सरकार स्वयं जनता के द्वार पर खड़ी है। मुख्य विकास अधिकारी ने योजनाओं का लाभ लेने पहुंचे आम जनमानस से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली और संबंधित विभागों के माध्यम से समस्याओं का समाधान मौके पर ही कराया।

प्रकाश चंद्र, निवासी हरतोला को पिछले 3 वर्षों से किसान निधि न मिलने का मामला रखा। राजस्व विभाग द्वारा 45 भू-लेख प्रमाण पत्र, 4 जन्म प्रमाण पत्र तथा 4 विरासत प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। सीडीओ ने जल जीवन मिशन विभाग को गढ़गांव पेयजल योजना के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बाल विकास विभाग ने 3 महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया तथा नंदा गौरा एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की जानकारी दी गई। शिविर में खाद्य विभाग के कुल 50 मामले आए, जिनमें से 35 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

शिविर में प्राप्त शेष मामलों के लिए भी सीडीओ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में ब्लॉक प्रमुख दीपक कुमार, विधायक प्रतिनिधि कमलेश बिष्ट, कुंदन सिंह चिलवाल, ग्राम प्रधान बहादुर सिंह, राजेंद्र सिंह नेगी, प्रदीप सिंह, जिला पंचायत सदस्य निधि जोशी, क्षेत्र पंचायत सदस्य चंपा रैकवाल, गीता बिष्ट आदि रहे।



तहसील का निरीक्षण करते एडीएम विवेक राय। ● अमृत विचार

## एडीएम ने तहसील का किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित दो कर्मचारियों से मांगा स्पष्टीकरण

**कालाढूंगी :** एडीएम विवेक राय ने तहसील कार्यालय और न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारियों के अनुपस्थित पाए जाने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने एसडीएम बिपिन चंद्र पंत को लंबे समय से लंबित भूमि विवाद, मानवाधिकार, शासन एवं जनजातीय मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। एडीएम ने एसआइआर से संबंधित कुछ बूथों पर कार्यप्रणाली में तेजी लाने के बीएलओ को निर्देश दिए। उन्होंने भूमि संबंधी मामलों में विशेष सतर्कता बरतने और लंबित भूमि वादों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने को कहा। यूसीसी, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और विभिन्न प्रमाण पत्रों के निस्तारण की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने न्यायालय वाद और प्रमाण पत्र मामलों के निस्तारण पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान तहसीलदार ईश्वर सिंह भीमा रहे।

## पालिका पर अव्यवस्था फैलाने का आरोप

**नैनीताल:** भाजपा के नगर महामंत्री हरीश राणा ने पालिका पर नगर में अव्यवस्थाएं फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेट्रोपोल क्षेत्र में पार्किंग निर्माण के लिए मुख्यमंत्री खुद भूमि पूजन कर गए थे। वहां पालिका की ओर से कूड़े का ढेर लगवाकर डंपिंग जोन बना दिया है।

वहीं मेट्रोपोल में ही अवैध निर्माण कर विशेष व्यक्ति को लीज पर दिया गया। जिसकी शिकायत डीएम से की गई है। शहर सफाई और प्रकाश व्यवस्था नहीं करने का आरोप भी लगाया है। शहर में लगाए गए वाटर फिल्टरों को बिना लाइट के ही संचालित कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। वहीं पालिका की ओर से शहर व आसपास के लोगों पर पार्किंग व टोल का भार डालने का भी आरोप लगाया। उन्होंने उच्च अधिकारियों से पालिका से जवाब मांगने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## सिटी ब्रीफ

### निगम कर्मियों ने किया ठेका प्रथा का विरोध

**हल्द्वानी :** ठेका प्रथा के विरोध में नगर निगम परिसर में शुक्रवार को उत्तरांचल स्वच्छकार समिति और देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ ने संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने नारेबाजी कर अपना विरोध जताया। पदाधिकारियों ने कहा कि निजी कंपनी को ठेका दिए जाने से कर्मचारियों का शोषण होगा। उन्होंने बीते दिनों नगर आयुक्त के साथ वार्ता विफल होने पर नाराजगी जताई। इस मौके पर उत्तरांचल स्वच्छकार समिति के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार राजौर और देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राहत मसीह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### खिचड़ी भोज कार्यक्रम किया आयोजित

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल महानगर हल्द्वानी के अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल ने माघ खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन जन औषधि केंद्र तिकोनिया में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर और प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी ने किया। खिचड़ी भोज कार्यक्रम में महानगर महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, राकेश वर्मा, विजय कुमार गुप्ता, महेंद्र कश्यप, महेश आहूजा, बृजमोहन सिजवाली, आलोक सक्सेना, रजत गोयल, पंकज अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, कुसुम गोयल, निधि गोयल, अवनी गोयल, रेनू केसरवानी आदि रहे।

### अधेड़ ने गटका जहर, मौत

**हल्द्वानी :** ऊधमसिंह नगर में रहने वाले एक व्यक्ति ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक, पचौरिया, खटीमा, ऊधमसिंह नगर निवासी मदन मोहन (46 वर्ष) पुत्र फकीर राम ने पारिवारिक विवाद के कारण बीती 25 जनवरी को जहर खा लिया था। उसे गंभीर अवस्था में डॉ .सुशीला तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### बिना हनुमान बने राम मिलन असंभवः लोहनी

**हल्द्वानी :** दुम्काबंगर स्थित बाबाजी की कुटिया में हनुमान कथा के चौथे दिन आचार्य सतीश लोहनी ने भक्ति का मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि हनुमान का अर्थ है, सत्कर्मों के लिए हां, बुराइयों को ना, दूसरों को मान और स्वभाव में नम्रता। जब तक मनुष्य इन गुणों को अपनाकर हनुमान नहीं बनता, उसे राम की प्राप्ति संभव नहीं है। इस दौरान पूर्व मंत्री हरीश दुर्गापाल, गोपाल नेगी व कैलाश दुम्का समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# प्रशांत व खुशी का सब जूनियर खो-खो में चयन

- कुरुक्षेत्र में आयोजित हो रही प्रतियोगिता में लेंगी भाग
- डायरेक्टर डॉ. विकल बवाड़ी ने दी बधाई

**संवाददाता, हल्द्वानी**



खुशी मलड़ा और प्रशांत पचवारी।

**अमृत विचारः** वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो विद्यार्थियों प्रशांत पचवारी व खुशी मलड़ा का चयन राज्य स्तरीय सब-जूनियर खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता शनिवार से कुरुक्षेत्र में आयोजित होने जा रही है। इसके साथ ही स्कूल की तीन छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित छात्राओं में दीक्षा रावत, पूजा बेलवाल और मीनाक्षी नयाल शामिल हैं। जिला स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तीनों छात्राओं का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। एमबीपीजी कॉलेज में आयोजित थ्री-साइड बास्केटबॉल टूर्नामेंट में वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम फाइनल में पहुंच गई है। टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को एमबीपीजी कॉलेज में खेला जाएगा। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. विकल बवाड़ी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

## ऊधमसिंह नगर के बाद पिछले वर्ष महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ नैनीताल में हुए सबसे ज्यादा अपराध

# बच्चियां निशाने पर, पहले नंबर पर ऊधमसिंह नगर

- कुमाऊं में पिछले वर्ष दर्ज किए गए 921 केस
- मैदानी जिलों की तुलना में पहाड़ में ग्राफ कम

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** कुमाऊं में बच्चियां, दुष्कर्मियों के निशाने पर हैं और इस मामले में ऊधमसिंह नगर अव्वल नंबर है। नैनीताल जिला भी इससे पीछे नहीं है। महिलाओं के खिलाफ अपराध पहाड़ी जिलों में भी हो रहे हैं, लेकिन इनकी दर मैदानी जिलों की अपेक्षा काफी कम है और यह अच्छी बात है। वहीं मैदानी जिलों में बढ़ते अपराध चिंता की बात है।



पुलिस विभाग से मिले आंकड़ों की मुताबिक, ऊधमसिंह नगर जिले में पिछले वर्ष जनवरी से लेकर नवंबर तक 522 आपराधिक घटनाएं हुईं, जिसमें महिलाओं की हत्या, दहेज हत्या, दुष्कर्म, दहेज प्रतिषेध अधिनियम और पोस्को एक्ट के मामले हैं। इसके इतर नैनीताल जिले में 246 मामले दर्ज किए गए। इसी तरह अल्मोड़ा 44, बागेश्वर 15, पिथौरागढ़ 58 और चम्पावत में 36 केस दर्ज हुए।

अच्छी खबर यह है कि चम्पावत और बागेश्वर दो ऐसे जिलें हैं, जहां पिछले साल 11 महीनों में एक भी महिला की हत्या नहीं हुई। नैनीताल जिले में 4 और ऊधमसिंह नगर में 12 महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया गया। अब बच्चियों के साथ अपराध की बात करें तो नैनीताल जिले में पोक्सो एक्ट के तहत 111 और ऊधमसिंह नगर में 204 घटनाएं सामने आईं।

कुल मिलाकर पिछले साल जनवरी से नवंबर तक कुमाऊं में 921 केस दर्ज किए गए हैं। आईजी रिद्धिम अग्रवाल का कहना है कि महिला सुरक्षा राज्य सरकार और पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं। सभी जिलों के कप्तान को इसको लेकर स्पष्ट निर्देश हैं और कोताही बरतने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**पिछले वर्ष जनवरी से नवंबर तक महिलाओं के खिलाफ दर्ज हुए केस**

| अपराध | नैनीताल | यूएस नगर | अल्मोड़ा | बागेश्वर | पिथौरागढ़ | चम्पावत | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हत्या | 4 | 12 | 1 | 0 | 1 | 0 | 18 |
| दहेज हत्या | 1 | 9 | 0 | 0 | 1 | 1 | 12 |
| दुष्कर्म | 101 | 170 | 20 | 7 | 24 | 19 | 341 |
| दहेज प्रतिषेध अधि. | 29 | 127 | 3 | 1 | 2 | 2 | 164 |
| पोस्को एक्ट | 111 | 204 | 20 | 7 | 30 | 14 | 386 |



# केंद्र की मनमानी का शिकार हुई मनरेगा

## कांग्रेस का केंद्र सरकार पर मनरेगा में छेड़छाड़ करने का आरोप, ब्लॉक कार्यालय के समक्ष दिया धरना

- नैनवाल ने कहा- राज्यों पर डाला गया अतिरिक्त आर्थिक बोझ

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** ब्लॉक कार्यालय के समक्ष कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए धरना दिया। कांग्रेस ने कहा कि इस योजना को लागू करना अब राज्यों के लिए मुसीबत होगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने कहा कि राजनैतिक विद्वेष के कारण केंद्र सरकार ने ग्रामीणों को 100 दिन की काम की गारंटी देने वाली योजना के मानकों के साथ छेड़छाड़ कर इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया को कठिन कर दिया है। पीसीसी सदस्य सतीश नैनवाल ने कहा कि राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला गया है और कई राज्य इस बोझ को उठाने में सक्षम नहीं हैं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोलादत्त भट्ट ने कहा कि पहले मनरेगा में 10 प्रतिशत राज्यांश होता था व 90 प्रतिशत केन्द्र का अंश होता था, जिसे बदलकर राज्य का अंश 40 प्रतिशत कर दिया गया है। नीरज तिवारी, संजय बिष्ट व जया कर्नाटक ने कहा कि केंद्र सरकार की हिटलर शाली का शिकार मनरेगा जैसी काम की गारंटी देने वाली योजना को बनाया है।

इस दौरान मनोज बिष्ट, महेश कांडपाल, इंद्रपाल आर्या, किरन मेहरा, अशोक जोशी, दान सिंह तड़ागी, मनोज बिष्ट, सतनाम सिंह, गोपाल बिष्ट, गोविन्द बिष्ट ,हरेंद्र सिंह चौरसिया, पवन जोशी, मोनिका सती, रेनू तोमर, अलका आर्य, हेमू रंगवान, दीप जोशी थे।



मनरेगा योजना का नाम बदलने के विरोध में ब्लाक कार्यालय के बाहर धरना देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### राजेंद्र समेत 21 कांग्रेसियों को मिली मनरेगा कार्यक्रम की जिम्मेदारी

**हल्द्वानी :** मनरेगा योजना में संशोधन किए जाने के खिलाफ कांग्रेस ने बिगुल फूंक दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसके लिए 21 कांग्रेसियों को जिला और महानगर स्तर पर समन्वयक बनाया है। नैनीताल से राजेंद्र सिंह बिष्ट को जिम्मेदारी दी गई है। इसक अलावा डीडीहाट से प्रदीप पाल, पिथौरागढ़ से राजेंद्र भट्ट, चंपावत से नाथ सिंह बोहरा, बागेश्वर से राजेंद्र टंगड़िया, रानीखेत से प्रकाश अधिकारी, अल्मोड़ा से भैरव गोस्वामी, हल्द्वानी महानगर से संजय किरौला, काशीपुर से मुसर्रफ हुसैन, रुद्रपुर से जगदीश सिंह और ऊधमसिंह नगर से सीपी शर्मा को समन्वयक बनाया है। इनके अलावा गढ़वाल मंडल में रुड़की से अरविंद प्रधान, रुड़की ग्रामीण से आशीष सैनी, हरिद्वार ग्रामीण से विकास त्यागी, महानगर हरिद्वार से महेश प्रताप सिंह, परवादून से उमेश बोरा, पछुवादून से शम्मी प्रकाश, महानगर देहरादून से प्रदीप जोशी समन्वयक बने हैं। गढ़वाल में पर्वतीय क्षेत्रों से देवप्रयाग से श्याम लाल आर्य, टिहरी से राकेश राणा और रुद्रप्रयाग से लक्ष्मण सिंह रावत को जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सभी को निर्देश दिए हैं कि कांग्रेस की नीतियों के तहत इस अभियान को सफल बनाया जाए।

# होम डिलीवरीः फोन लगाओ, शराब मंगाओ

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

- शहर में फल-फूल रहे शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ पार्षद
- बोले पार्षद, स्कूटी से हो रही होम डिलीवरी, कोतवाल से की शिकायत

**अमृत विचार :** शहर में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों का कहना है कि शहर में घर-घर शराब की होम डिलीवरी हो रही है। एक कॉल पर स्कूटी सवार तस्कर बताए ठिकाने तक शराब पहुंचा रहे हैं। इसको लेकर शुक्रवार को पार्षदों का एक प्रतिनिधि मंडल कोतवाल से मिले और उन्हें शिकायती पत्र सौंपा।

पार्षद मनोज जोशी ने कोतवाल विजय मेहता को बताया कि नशा कम होने की जगह बढ़ता जा रहा है और अब तो आलम यह है कि फोन लगाओ और दारू मंगाओ। आप कहीं भी दारू मंगवा सकते हैं। स्कूटी से शराब की होम डिलीवरी की जा रही है। पार्षद ने आरोप लगाया कि वह पूर्व में भी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन सुनवाई नही हुई। पार्षद मुकुल बलुटिया ने कहा कि क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री हो रही है। पार्षद हेमंत शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी लगातार नशे की गिरफ्त में आ रही है। पार्षदों ने कहा अगर जल्द कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन होगा। इस दौरान पार्षद मनोज जोशी, पार्षद हेमंत शर्मा मोना, पार्षद मुकुल बलूटिया, पार्षद रईश अहमद गुड्डु, फिरोज खान मिंटू, देवेंद्र आदि थे।



कोतवाल विजय मेहता को ज्ञापन सौंपते पार्षद मनोज व अन्य। ● अमृत विचार




अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते नर्सेज। ● अमृत विचार

### एक दो तीन चार ...नर्सों की नियुक्ति हो वर्षवार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नर्सिंग एकता मंच उत्तराखंड के बैनर तले नर्सों ने रैली निकाली और अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई। नर्सों ने बुद्ध पार्क से एसडीएम कोर्ट तक रैली निकाली। नेहा पंत ने बताया कि हमारी मांग है कि नर्सिंग भर्ती को पूर्व की भांति वर्षवार किया जाए। इससे सभी बेरोजगार नर्सों को न्याय मिलेगा। इनके अलावा मांग की गई कि नर्सिंग अधिकारी भर्ती परीक्षा पोर्टल को बंद किया जाए। प्रवीण जोशी ने कहा कि आईपीएचएस मानकों के आधार पर नर्सिंग अधिकारियों के रिक्त 2500 पदों पर शिक्षा स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में एक साथ भर्ती निकाली जाएं। निर्धारित आयु सीमा को पार कर चुके अभ्यर्थियों को इस भर्ती में विशेष छूट दी जाए। इस दौरान पंकज भंडारी, नवल पुंडीर, मानवी, विनोद जोशी आदि रहे।

# पुलिस ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** शहीद स्मृति दिवस पर शुक्रवार को एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जिले भर में पुलिस ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों की स्मृति में मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुलिस कार्यालय नैनीताल में एसपी संचार आरडी मठपाल और सीओ हल्द्वानी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बहुद्देशीय भवन हल्द्वानी में पुलिस कर्मियों ने देश की आजादी के लिए बलिदान से राष्ट्र को गौरवान्वित करने वाले शहीदों का स्मरण किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता बनाए रखने व शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करने का संकल्प लिया। पुलिस कार्यालय नैनीताल में प्रधान लिपिक हेम चंद्र सती, आंकिक हिमांशु पंत, उपनिरीक्षक अभिसूचना जितेंद्र बिष्ट सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस बहुदेशीय भवन हल्द्वानी में प्रभारी साइबर सेल गणेश मनोला, निरीक्षक अमर चंद्र शर्मा, प्रभारी डीसीआरबी राजेंद्र सिंह रावत, प्रभारी महिला हेल्पलाइन सुनीता कुंवर, उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह सहित सभी शाखा प्रभारी एवं कर्मी मौजूद रहे।



शहीद स्मृति दिवस पर पुलिस बहुउद्देशीय भवन में शहीदों के लिए पुलिस ने रखा मौन।

### नवाड़ खेड़ा विद्यालय में बापू को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी :** शहीद दिवस के अवसर पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवाड़ खेड़ा, गौलापार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि मनाई गई। प्रधानाचार्य रामपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर बापू के बलिदान को नमन किया। इस दौरान उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को याद किया गया। मौके पर हरीश चंद्र जोशी, गोविंदी आर्या, लाखन सिंह नौला और कमल मोनी समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# स्कूटी नहीं हटाई तो चेहरे पर मारा चाकू, 12 टांके लगे

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** छोटी सी बात पर आगबबूला हुए एक युवक ने दूसरे युवक पर कातिलाना हमला कर दिया। आरोपी ने सब्जी के ठेले पर रखा चाकू उठा कर युवक पर हमला कर दिया, जिससे उसका चेहरा बुरी तरह कट गया। लहूलहुलान हालत में युवक को सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसके होंठ से लेकर नाक तक 12 टांके लगाए। घटना मंगलपड़ाव पुलिस चौकी के ठीक पीछे हुई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।

घासमंडी मंगलपड़ाव निवासी विनय राजपूत (21 वर्ष) पुत्र स्व. गंगा राम मंगलपड़ाव सब्जी मंडी स्थित एक क्रॉकरी की दुकान में काम करता है। विनय के बड़े भाई विशाल ने बताया कि रोज की तरह शुक्रवार को भी विनय काम पर गया था। विनय ने दुकान के पास अपनी स्कूटी खड़ी की थी। दोपहर को पास की दुकान में काम करने वाले एक युवक ने विनय से स्कूटी हटाने के लिए कहा। इसी पर दोनों में बहस हो गई। इससे आरोपी इतना आक्रोशित हुआ कि उसने पास में खड़े सब्जी के ठेले पर रखा चाकू उठा लिया। विनय कुछ समझ पाता, इससे पहले ही आरोपी ने विनय पर हमला कर दिया। चाकू विनय के मुंह पर लगा और होंठ से लेकर नाक तक लंबा घाव हो गया। बेस अस्पताल में विनय के चेहरे पर 12 टांके लगाए गए। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। तहरीर आते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### बालिकाओं ने ट्रायल में दिखाया दमखम

**हल्द्वानी :** मिनी स्टेडियम में उत्तराखंड साइकिलिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय साइकिलिंग ट्रायल के दूसरे दिन शुक्रवार को बालिका वर्ग के चयन ट्रायल संपन्न हुए। ट्रायल में रोड, ट्रैक और एमटीबी साइकिलिंग स्पर्धाओं के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।

ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस और खेल कौशल का आकलन 1600 मीटर दौड़, ब्रॉड जंप एवं फ्लाइंग जंप के माध्यम से किया गया। प्रभारी मनीष वर्मा ने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी नेशनल ट्रायल में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। निर्णायक एवं व्यवस्थापक के रूप में किशोर पाल, महेश बिष्ट, त्रिलोक जीना, श्याम भट्ट, विनय जोशी, गोपाल नेगी, दिनेश रावत, महेश फर्त्याल मौजूद रहे।

### एचसीसी 247 रनों से जीता क्रिकेट मैच

**हल्द्वानीः** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में एचसीसी और गोल्डन क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। गोल्डन क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एचसीसी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 334 रन बनाएं। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोल्डन क्रिकेट अकादमी की टीम 20वें ओवर में 87 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी और एचसीसी ने 247 रनों से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एचसीसी के मनमोहन को दिया गया। इस मौके पर कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट रहे।

# सहनशीलता की प्रेरणा देता है शिव का नीलकंठ स्वरूप

**हल्द्वानी, संवाददाता**

**अमृत विचारः** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से एमबी इंटर कॉलेज ग्राउंड में आयोजित भगवान शिव कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को व्यास डॉ. सर्वेश्वर ने समुद्र मंथन प्रसंग का वर्णन किया। कथा में व्यास ने बताया कि जब समुद्र मंथन से हलाहल कालकूट विष निकला तो जगत के कल्याण के लिए भगवान शिव ने उसे अपने कंठ में धारण कर लिया। जिसके कारण उनका एक नाम नीलकंठ भी पड़ गया।

कथा का मर्म समझाते हुए उन्होंने बताया कि शिव का नीलकंठ स्वरूप हमें त्याग व सहनशीलता का गुण अपने जीवन में धारण करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने भीतर दया, प्रेम, त्याग व करुणा जैसे गुणों को विकसित करने चाहिए। ये तब ही सम्भव है जब ब्रह्मज्ञान के माध्यम से हम नीलकण्ठ का दर्शन अपने घट में प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर कथा पंडाल में महाशिवरात्रि महोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भक्तों ने नृत्य कर खूब आनंद लूटा। इस दौरान जसनीत सिंह, कविता कौर, अंकित शर्मा, गीता बलुटिया, विपिन गुप्ता, दीक्षा गुप्ता, शिव कुमार, राजेन्द्र धामी, देवकरण, रेनू अधिकारी, ओम प्रभाकर, संगीता, महेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

**मॉनिटरिंग** | डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ीं जिले की 518 योजनाएं, जेजेएम पाइपलाइन ट्रैकिंग ऐप से होगी रियल टाइम निगरानी

# जल जीवन मिशन : अब ऐप पर दिखेगी पाइपलाइनों की लोकेशन

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रही पेयजल योजनाओं को अब हाईटेक बनाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। पारदर्शिता और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए विभाग ने इन योजनाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ दिया है। इसके लिए विशेष रूप से जेजेएम पाइपलाइन ट्रैकिंग ऐप विकसित किया गया है, जिसके जरिए अब पाइपलाइनों की लोकेशन, बिछाने की प्रक्रिया और उनकी गुणवत्ता की निगरानी सीधे मोबाइल स्क्रीन पर की जा सकेगी।

जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 518 योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



विभागीय आंकड़ों के अनुसार, इनमें से 400 योजनाओं का कार्य पूरा कर लिया गया है। खास बात यह है कि इन योजनाओं के तहत बिछाई गई करीब 200 किलोमीटर लंबी पाइपलाइनों का डेटा ऐप पर दर्ज भी किया जा चुका है। अधिकारियों का लक्ष्य है कि शेष बची योजनाओं को भी जल्द ही डिजिटल मैपिंग के दायरे में लाया जाए।

### सैटेलाइट इमेज से होगी सटीक निगरानी

जेजेएम पाइपलाइन ट्रैकिंग ऐप की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें डेटा सैटेलाइट इमेज के सहयोग से अपलोड किया जा रहा है। विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) मौके पर जाकर पाइपलाइन के रूट और मोटाई की जानकारी ऐप पर फीड कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि किस गांव में कितनी लाइन बिछी है और वहां पानी की सप्लाई सुचारू है या नहीं।

### पारदर्शिता और गुणवत्ता पर जोर

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस डिजिटल व्यवस्था से कार्य में पारदर्शिता आएगी। ऐप के माध्यम से योजना की प्रगति और गुणवत्ता को रियल टाइम ट्रैक किया जा सकेगा, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या देरी होने पर तुरंत कार्रवाई संभव होगी। डिजिटल ट्रैकिंग न केवल विभाग के लिए मददगार साबित होगी, बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान भी त्वरित गति से हो सकेगा।

> पानी की लाइनों को डिजिटल कर लिया गया है, जिनकी पूरी जानकारी अब जेजेएम पाइपलाइन ट्रैकिंग ऐप पर उपलब्ध है। जिले की कुल 518 योजनाओं में से 400 से अधिक का काम पूरा हो चुका है, शेष बची योजनाओं को भी जल्द ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपडेट कर दिया जाएगा। – **विशाल कुमार**, अधीक्षण अभियंता, जल संस्थान

## सिटी ब्रीफ

### ग्रीष्मकालीन धान के बजाय उगाएं मक्का और गन्ना

**शक्तिफार्म** : ग्राम गुरुग्राम में आयोजित कृषक गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को ग्रीष्मकालीन धान की खेती से बचने की सलाह दी। विशेषज्ञों ने गिरते जलस्तर का हवाला देते हुए धान के स्थान पर मक्का और गन्ना उत्पादन को प्रोत्साहित किया। वैज्ञानिकों ने बताया कि मक्का की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए औद्योगिक इकाइयों से समझौता किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति ग्रीष्मकालीन धान लगाना प्रतिबंधित है। जलभराव वाले क्षेत्रों के किसान विशेष अनुमति के लिए एसडीएम कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। गोष्ठी में डॉ. अमित भटनागर और सतीश कुमार शर्मा ने उन्नत तकनीक व विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

### चाकू लेकर घूम रहे युवक को पकड़ा

**सितारगंज** : पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। रात्रि चेकिंग के दौरान पुलिस ने गांव पहाड़ी उकरौली निवासी जीवन राम कोहली (26) को सिडकुल फेस टू से हेलीपैड को जाने वाले रास्ते से चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह नशें का आदी है। छोटी-मोटी चोरियां करता है। अपने बचाव के लिए चाकू रखा था।

# प्रैक्टिकल फीस के नाम पर अवैध वसूली को लेकर छात्रों का हंगामा

## कृष्णा इंटर कॉलेज में दिव्यांग छात्रा से बदसलूकी और फेल करने की धमकी का आरोप

**संवाददाता, रुद्रपुर**



कृष्णा इंटर कॉलेज के समक्ष प्रदर्शन करते छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : इंदिरा कॉलोनी स्थित कृष्णा इंटर कॉलेज में प्रयोगात्मक (प्रैक्टिकल) परीक्षा की फीस को लेकर विवाद गहरा गया है। कॉलेज प्रबंधन पर निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे वसूलने और विरोध करने पर छात्रों के साथ हाथापाई करने के गंभीर आरोप लगे हैं। शुक्रवार को आक्रोशित छात्रों ने छात्र संघ के नेतृत्व में कॉलेज गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जानकारी के अनुसार, इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। छात्रों का आरोप है कि शासन द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा का शुल्क 900 रुपये निर्धारित है, लेकिन कॉलेज प्रबंधन प्रति छात्र 1500 रुपये की मांग कर रहा है। जब कुछ छात्रों ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इसका विरोध किया, तो आरोप है कि शिक्षकों ने छात्र अमन कश्यप, मोहित साहनी और आयुष गंगवार के साथ अभद्रता और हाथापाई शुरू कर दी।

प्रदर्शनकारी छात्रों ने कॉलेज के शिक्षकों पर अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा कि विरोध करने पर एक दिव्यांग छात्रा को भी धक्का देकर गिरा दिया गया। छात्र संघ अध्यक्ष रजत बिष्ट ने बताया कि इस संबंध में दो दिन पहले भी प्रधानाचार्य से वार्ता की गई थी, लेकिन उसके बाद से छात्रों का उत्पीड़न और बढ़ गया है। आरोप है कि प्रबंधन अब छात्रों को प्रैक्टिकल में फेल करने और उनका भविष्य खराब करने की धमकियां दे रहा है।

### प्रधानाचार्य के हस्तक्षेप के बाद वार्ता शुरू

**रुद्रपुर** : हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। काफी देर तक चले प्रदर्शन के बाद प्रधानाचार्य ललित मोहन ने हस्तक्षेप किया और छात्र नेताओं को वार्ता के लिए बुलाया। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध वसूली बंद नहीं हुई और मारपीट करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान साजिद मंसूरी, राजकुमार, वीर नैनवाल, प्रिंस शर्मा, अजय देवगन, अमित कुमार, रेहान अहमद, योगेश आर्य, आयुष यादव और संजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## जिले में सूक्ष्म, लघु उद्यमों के विकास की हैं संभावनाएं

**रुद्रपुर:** भारतीय रिजर्व बैंक देहरादून की ओर से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से संबंधित टाउनहाल मीटिंग रुद्रपुर में आयोजित हुई। जिसमें लगभग 150 उद्यमी मौजूद थे। इस दौरान क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक देहरादून अरविंद कुमार भी मौजूद रहे।

शुक्रवार को बैठक के दौरान क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक अरविंद कुमार ने जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास की व्यापक संभावनाएं बताईं। साथ ही सूक्ष्म उद्यमों की महत्ता बताते हुए सभी से इस मंच का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से उठाए गए कदम और किए गए नए प्रयासों की जानकारी भी उद्यमियों को दी। बैठक में प्रतिभागियों की ओर से पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिए गए। साथ ही विभिन्न प्रकार की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। इस अवसर पर नैनीताल बैंक के सीएमडी सुशील कुमार लाल, भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक परमदीप सिंह, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक के उप महाप्रबंधक व ऊधमसिंह नगर के जिला अग्रणी प्रबंधक चिराग पटेल, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# हादसे में मेडिकल की दो छात्राएं गंभीर घायल

- ट्रक की टक्कर से हालत नाजुक, दिल्ली रेफर

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार** : खटीमा से रुद्रपुर आ रहीं मेडिकल की दो छात्राएं किच्छा हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गईं। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दोनों युवतियां गंभीर रूप से घायल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद रुद्रपुर के डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

घटना 28 जनवरी की है। बानुसी झनकट (खटीमा) निवासी इंदिरा देवी ने बताया कि उनकी बेटी अंजलि बोरा अपनी सहेली अंशिका के साथ स्कूटी से रुद्रपुर की ओर आ रही थी। इसी दौरान किच्छा हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवतियां लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गईं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों और ट्रक नंबर की मदद से फरार चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। रुद्रपुर के डॉक्टरों ने अंजलि व अंशिका को दिल्ली रेफर कर दिया है। दोनों ही युवतियों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

### आर्थिक तंगी और इलाज की चुनौती

घायल अंजलि बोरा और अंशिका गुप्ता दोनों ही पढ़ाई में होनहार हैं और अपने परिवार का सहारा बनने की तैयारी कर रही थीं। अंजलि ने हाल ही में बी.फार्मा का कोर्स पूरा किया था, जबकि अंशिका होम्योपैथिक चिकित्सा का कोर्स पूर्ण कर चुकी थी। परिजनों के अनुसार, अंशिका को अगले ही महीने डॉक्टर की डिग्री मिलने वाली थी, लेकिन इस हादसे ने खुशियों पर ग्रहण लगा दिया है। दोनों युवतियों के परिजनों ने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। तंगी के बावजूद उन्होंने अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाई ताकि वे एक बेहतर भविष्य बना सकें। वर्तमान में दोनों युवतियों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और वे दिल्ली के अस्पताल में जीवन-मौत के बीच संघर्ष कर रही हैं।

# कहीं धूप खिली तो कहीं छाया कोहरा

- तापमान में आयी दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट
- अधिकतम तापमान रहा 14.2 डिग्री सेल्सियस

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** तराई में कहीं धूप खिली रही तो कहीं कोहरा छाया रहा। इससे तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयी है। पिछले एक सप्ताह में अधिकतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस सबसे कम रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार शनिवार को भी सुबह के समय कोहरा छाया रहेगा और आसमान में बादल छाए रहेंगे।

यहां बता दें कि तराई में विगत दिनों बारिश के बाद चटक धूप निकलने लगी थी। वहीं पिछले दो दिन से तराई में कहीं धूप तो कहीं सुबह के समय कोहरा छाया रहा। शुक्रवार को रुद्रपुर में सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। दोपहर बाद कोहरा छटा और सूर्यदेव के दर्शन हुए। वहीं सायं होते ही शीतलहर के साथ ठंड का अहसास होने लगा।

जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एसएस नैन ने बताया कि पिछले दो दिन से तराई में कोहरा छाने से तापमान में गिरावट आयी है। उन्होंने बताया कि शनिवार को भी तराई में सुबह के समय कोहरा छाया रहेगा। साथ ही आसमान में बादल छाए रहेंगे।

**पिछले एक सप्ताह में यह रहा तापमान**

| दिन | अधिकतम (डिग्री सेल्सियस में) | न्यूनतम (डिग्री सेल्सियस में) |
|---|---|---|
| 30 जनवरी | 14.2 | 7.3 |
| 29 जनवरी | 16.6 | 8.8 |
| 28 जनवरी | 21.5 | 12.6 |
| 27 जनवरी | 17.6 | 6.5 |
| 26 जनवरी | 22.2 | 5.5 |
| 25 जनवरी | 21.0 | 7.4 |
| 24 जनवरी | 22.0 | 10.4 |

## दिल्ली-पंतनगर की दूसरी उड़ान रद्द

**पंतनगर:** शुक्रवार को पंतनगर एयरपोर्ट पर कम दृश्यता (लो विजिबिलिटी) के चलते इंडिगो एयरलाइंस की दिल्ली-पंतनगर के बीच दूसरी निर्धारित उड़ान रद्द कर दी गई। जिससे यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार उड़ान संख्या 6ई-7156, जिसे शाम 4:15 बजे पंतनगर पहुंचना था, मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण रद्द करनी पड़ी। एयरपोर्ट निदेशक पवन कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित यात्रियों को अगली उपलब्ध उड़ानों में समायोजित करने अथवा पूर्ण किराया वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष ने एसएसपी से की मुलाकात

- ऑडियो प्रकरण को लेकर चरित्र हनन पर जताई नाराजगी

**संवाददाता, रुद्रपुर**



अपने पति के साथ एसएसपी से मिलतीं पूर्व पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : शहर के बहुचर्चित ऑडियो प्रकरण को लेकर राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। शुक्रवार को पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसएसपी मणिकांत मिश्रा से मुलाकात की। उन्होंने मामले की जांच में हो रही प्रगति की जानकारी ली और स्पष्ट किया कि वह अपने चरित्र हनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगी।

कांग्रेस नेत्री ने मांग की कि ऑडियो की वैज्ञानिक जांच (वॉयस टेस्टिंग) कराई जाए। उन्होंने उन लोगों को भी चिह्नित कर दंडित करने का मुद्दा उठाया, जो ऑडियो रिकॉर्डिंग के दौरान अभद्र टिप्पणियों पर तालियां बजा रहे थे। मीना शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि जांच में सुस्ती बरती गई, तो वह पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोलेंगी।

बता दें कि दिसंबर 2024 में एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें कथित तौर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा मीना शर्मा और उनके पति पर अशोभनीय टिप्पणी की गई थी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने पहले ही मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएसपी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही ऑडियो को जांच के लिए भेजा जाएगा और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। इस घटनाक्रम के बाद ठुकराल की कांग्रेस में वापसी की चर्चाओं पर भी सवालिया निशान लग गए हैं।



"वर्ष 2024 का समय हो या फिर 2026 का साल हो। उनके द्वारा अभी तक किसी भी सोशल मीडिया पर पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी नहीं की है। कांग्रेस नेत्री द्वारा जब ऑडियो प्रकरण का मुद्दा उठाया और उनका नाम लिया तो उन्होंने एक महिला का सम्मान करते हुए सार्वजनिक मंच से माफी मांगी। वह नहीं चाहते हैं कि कोई भी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण द्वेष भावना रखे। वह हर जांच के लिए तैयार हैं जिसकी वजह से बहन मीना शर्मा परेशान हैं।

-**राजकुमार ठुकराल**, पूर्व विधायक

## मुंह में चांदी छिपाकर चोरी करते कंपनी कर्मी को दबोचा

**रुद्रपुर:** थाना पंतनगर इलाके में एक कर्मी को मुंह में चांदी छिपाकर चोरी करते हुए दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने सिक्योरिटी अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया कि चोरी होने वाली चांदी की कीमत 70 हजार रुपये थी। सिडकुल थाना पंतनगर सिडकुल निवासी रजनीश पाल ने बताया कि वह मेटल प्लांट में सिक्योरिटी हेड के पद पर कार्यरत है। रोजमर्रा की भांति 29 जनवरी की सुबह साढ़े 7 बजे मुख्य गेट पर सिक्योरिटी ऑफिसर के साथ ड्यूटी कर रहा था। जब जांच स्थान पर कर्मियों की जांच की गयी तो चेकिंग के दौरान अरविंद कुमार निवासी ग्राम बकैनिया जैतीपुर शाहजहांपुर यूपी पर संदेह हुआ। आधुनिक उपकरण से जब जांच की गयी तो पाया कि कर्मी अपने मुंह में 170 ग्राम चांदी का टुकड़ा छिपाकर चोरी करने का प्रयास कर रहा था। जिसकी कीमत 70 हजार रुपये बतायी जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



छात्रों को बैग प्रदान करते हेंकल ग्रुप के डायरेक्टर मार्क्स पीलन। ● अमृत विचार

### हेंकल इंडिया ने संवारी पंतनगर इंटर कॉलेज की जीव विज्ञान लैब

**पंतनगर** : : सिडकुल स्थित हेंकल एडहेसिव टेक्नोलॉजीज इंडिया ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड के माध्यम से पंतनगर इंटर कॉलेज (पंइंका) की जीव विज्ञान लैब का कायाकल्प किया है। शुक्रवार को जर्मनी से आए कंपनी के डायरेक्टर प्रोडक्शन नेटवर्क मार्क्स पीलन ने लैब का फीता काटकर इसे विद्यार्थियों को समर्पित किया। लैब की साज-सज्जा और मरम्मत के साथ-साथ हेंकल इंडिया द्वारा विद्यालय भवन का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे प्रभावित होकर कंपनी की ओर से सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। प्रधानाचार्य नंदकिशोर आर्य ने कंपनी के सहयोग की सराहना की, जबकि प्रबंधक डॉ. सुधा अरोड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बप्पा बंदोपाध्याय, सुनील अग्रवाल और अभिषेक कौल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## 650 से अधिक श्रमिकों को मिल चुकी है सुरक्षा किट

**खटीमा:** जन-जन की सरकार जन-जन के द्वारा कार्यक्रम के तहत निर्माण श्रमिकों को महत्वाकांक्षी योजना का लाभ दिया जा रहा है। श्रम कल्याण विभाग के माध्यम से श्रमिकों को सुरक्षा किट प्रदान की जा रही है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी मीनाक्षी भट्ट ने बताया कि सरकार की योजना के तहत 90 दिन तक मजदूरी करने वाले को लाभान्वित किया जाता है। प्रत्येक श्रमिक को सुरक्षा किट जिसमें कंबल, छाता, बूट, हेलमेट आदि का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक 650 से अधिक श्रमिकों योजना का लाभ दिया जा चुका है और एक हजार श्रमिकों को लाभ दिया जाना है। यह भी कहा कि विभिन्न शिविरों के माध्यम से भी योजना का लाभ दिया जा चुका है।

# बच्चों को प्रैक्टिकल में बैठने से रोकने का आरोप

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार:** लोहियाहेड रोड स्थित स्कूल प्रबंधन पर अभिभावकों द्वारा हर साल फीस बढ़ोतरी करने, अविलंब शुल्क जमा न होने पर कुछ छात्रों को प्रयोगात्मक परीक्षा में न बैठने देने की धमकी दिए जाने की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। यह कमेटी सात दिन में अपनी रिपोर्ट देगी। टीम ने शुक्रवार को स्कूल में पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

बीते दिवस अभिभावक गणेश ठकुराठी सहित कुछ अभिभावकों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी कुशवाहा से निजी विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिसपर बीईओ ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर आख्या मांगी है।

जिसमें राणा प्रताप इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, खंड विकास अधिकारी कार्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुदर्शन गतौली और राजकीय प्राथमिक विद्यालय दिया के प्रधानाचार्य करुणेश कुमार शामिल हैं। टीम ने शुक्रवार को विद्यालय में पहुंचकर विद्यालय के प्राचार्य अशोक बंसल सहित शिकायत करने वाले अभिभावकों तथा बच्चों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की। अभिभावकों का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों से अभिभावकों को लेट फीस शुल्क में पेनल्टी जमा करने एवं हर वर्ष फीस वृद्धि कर अभिभावकों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया जा रहा है।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468


**सूचना**

मेरी हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा सन् 2001 में अनुक्रमाक 2965792 जी॰ जी॰ आई॰ सी॰ जसपुर (उधमसिंह नगर) से संस्थागत छात्रा के रूप में उत्तीर्ण की है। परीक्षा का सनद प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है, मैंने किसी को दिया नहीं है और न कहीं जमा किया है। - **अफरोज जहाँ पुत्री श्री सईद अहमद निवासी मौ॰ नई बस्ती जसपुर, पोस्ट-जसपुर, तहसील जसपुर, जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)।**

**सूचना**

मैं वाहन संख्या UK-04 CB 6005 का पंजीकृत स्वामी हूँ। मेरे वाहन के पंजीयन प्रमाण-पत्र में मेरा नाम योगेश चन्द्र अंकित है, जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड सहित अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा सही व वास्तविक नाम योगेश चन्द्र आर्या है। अतः मेरे वाहन के पंजीयन में भी मेरा नाम योगेश चन्द्र आर्या कर दिया जाए। **योगेश चन्द्र आर्या पुत्र श्री महेश चन्द्र, निवासी गिनती गांव, कोटाबाग, जिला नैनीताल।**

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम भूलवश सरताज अली खान दर्ज हो गया है। जबकि मेरा आधार कार्ड सं॰ 4849 7538 2732 में सही नाम सरताज खान है। मैं अपने ड्राइविंग लाइसेंस में अपना नाम सरताज खान करना चाहता हूँ। - **सरताज खान, निवासी फजलपुर महारौला, प्रीतविहार कालोनी, रुद्रपुर, ऊ॰सि॰नगर (उत्तराखण्ड)**

**कार्यालय, नगर पंचायत सुल्तानपुर, ऊधम सिह नगर**

E-mail ID- npsultanpur108@gmail.com/ phone/fax-05947-225108

पत्रांक : 891/न॰पं॰/लो॰सू॰/2026-27 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक : 29-01-2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत सुल्तानपुर को (नया भवनकर) दर्ज करने हेतु एक आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनका विवरण निम्नवत् हैं।

| क्र॰ सं॰ | भवन स्वामी का नाम | गृहकर दर्ज करने का आधार | आवेदन के साथ संलग्न अभिलेख |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री सन्दीप पुत्र श्री आनन्द सिंह निवासी मौ॰, वार्ड नं॰-03, टांडा बजारा, सुल्तानपुर | क्रय-विक्रय आपसी इकरारनाम के आधार पर (नया भवन कर) | 1. आवेदन पत्र<br>2. प्रार्थी का शपथ पत्र<br>3. आपसी इकरारनाम<br>4. क्रेता-विक्रेता के आधार कार्ड की कापी<br>5. भवन का हस्तलिखित मानचित्र<br>6. भवन के साथ एक जी॰पी॰एस॰ फोटो |

अतः समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैं। उपरोक्त भवन के नया भवनकर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के तिथि से तीस दिन के अन्दर लिखित आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के तिथि से तीस दिन के अन्दर लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। वाद मियाद समाप्ति पर प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत सुल्तानपुर, ऊधम सिंह नगर — अध्यक्ष, नगर पंचायत सुल्तानपुर, ऊधम सिंह नगर

**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा**

दूरभाष : 05962-230065, फैक्स 05962-232182, ई-मेल almoraforestdivision@rediffmail.com

पत्रांक : 4793/10-2/अल्मोड़ा दिनांक : 30-01-2026

**"लीसा गढान व दुलान वर्ष 2026 लीसा फसल कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना"**

**अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा**

अल्मोड़ा वन प्रभाग के अन्तर्गत वर्ष 2026 में पंचायती एवं सिविल वनों में लीसा विदोहन कार्य हेतु अनुभवी एवं इच्छुक टैण्डरदाताओं से दिनांक 09.02.2026 के अपरान्ह 4:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी तथा प्रत्येक कूप के लिये पृथक-पृथक टैण्डर देना होगा। टैण्डर के लिफाफे के बाहर "टैण्डर बावत् पंचायती एवं सिविल वनों से लीसा गढान दुलान वर्ष 2026 लीसा फसल, कूप संख्या व रेंज का नाम" लिखना अनिवार्य होगा। निविदा फार्मों की बिक्री दिनांक 02.02.2026 से दिनांक 07.02.2026 के अपरान्ह 03:00 बजे तक अर्थात् राजकीय कार्यदिवसों में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से की जायेगी। निविदा किये जा रहे कूपों, घावों, निर्धारित आमद, डिपो सम्बन्धी नियमों एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस को अधोहस्ताक्षरी एवं प्रभाग के रेजों तथा अल्मोड़ा एवं रानीखेत उप वन प्रभागों के कार्यालयों में देखी जा सकती है। निविदा फार्मों को खोलने का समय दिनांक 11-02-2026 को प्रातः 11:00 बजे निर्धारित किया जाता है। उक्त तिथि को निविदा फार्म अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधि द्वारा प्रभागीय कार्यालय अल्मोड़ा वन प्रभाग के चिन्तन सभागार में खोले जायेंगे, इच्छुक टैण्डरदाता टैण्डर खोलते समय उपस्थित रह सकते है।

**(दीपक सिंह)**
**प्रभागीय वनाधिकारी,**
**अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा**

**कार्यक्रम** | पंत विवि में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में प्रेरणा एवं संचार की भूमिका विषय पर दिया प्रशिक्षण

# किसानों तक तकनीक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएं

**संवाददाता, पंतनगर**



कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विवि के प्रसार शिक्षा निदेशालय में समेटी और प्रसार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी (हरियाणा) की ओर से 'प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में प्रेरणा एवं संचार की भूमिका' विषयक प्रशिक्षण का आयोजन 27-31 जनवरी तक किया जा रहा है। जो केंद्रीय कृषि मंत्रालय से प्रायोजित है।

उद्घाटन करते हुए कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि विवि ने कृषकोपयोगी अनेक तकनीकें विकसित की हैं। आप सभी का दायित्व है कि इन तकनीकों को किसानों तक ले जाकर उनकी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कहा कि कृषि तकनीक बहुत तेजी से बदल रही है, इसलिए विस्तार रणनीतियों में भी उसी अनुरूप बदलाव आवश्यक है। हमको पारंपरिक एवं 'प्रदूषित सोच' से ऊपर उठकर किसानों के साथ कार्य करने के तरीकों और दृष्टिकोण में बदलाव लाना होगा। कहा कि उत्तराखंड को बने लगभग 25 वर्षों बाद भी कई जगह पुरानी तकनीकों का प्रयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक और किसानों की दूरी को कम किए बिना तकनीक हस्तांतरण प्रभावी नहीं हो सकता। विस्तार कार्य को आजीविका संवर्धन एवं उद्यमिता विकास से जोड़ते हुए किसानों को आत्मनिर्भर बनाना होगा। उन्होंने सभी विस्तार कार्मिकों से आह्वान किया कि वे कृषि एवं किसान कल्याण के लिए पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता से कार्य करें। संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. पीके सिंह ने अधिकारियों से अपील की कि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं व विभागीय कार्यक्रमों को कृषकों तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करें।

निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने विवि की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. बीडी सिंह ने समेटी की प्रमुख उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। वहीं पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. एसआर वर्मा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए नीलोखेड़ी संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण में उत्तराखंड के 35 मध्य स्तरीय विस्तार कार्मिक भाग ले रहे हैं।

ब्रीफ न्यूज

### करंट की चपेट में आने से दुधारू गाय की मौत

**गूलरभोज :** रेलवे फाटक के समीप एक लोहे के खोखे में उतरे करंट की चपेट में आने से एक दुधारू गाय की मौत हो गई। इस घटना से पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। वन विभाग से सेवानिवृत्त ड्राइवर बहादुर राम गुरुवार दोपहर अपनी गाय को चराने के लिए ले जा रहे थे। रेलवे फाटक के पास स्थित एक लोहे के खोखे से टकराते ही गाय को जोरदार करंट लगा और उसने मौके पर ही तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। बहादुर राम ने बताया कि गाय दुधारू थी और उनके परिवार की आजीविका का सहारा थी। घटना की सूचना तुरंत पशु चिकित्सालय को दे दी गई है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग और खोखा संचालक की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए उचित मुआवजे की मांग की है। उधर, गाय की मौत से परिवार पर आर्थिक संकट भी गहरा गया है। सेवानिवृत्त ड्राइवर अपनी आमदनी को लेकर चिंतित है।



सितारगंज में मेधावियों को छात्रवृत्ति प्रदान करते कंपनी के पदाधिकारी।

### सितारगंज में मेधावियों को वितरित की छात्रवृत्ति

**सितारगंज :** रेकिट बेंकिज़र कंपनी ने ''ज्ञान ज्योति छात्रवृत्ति'' योजना के लिए 390 मेधावियों का चयन किया है। शुक्रवार को जीआईसी शक्तिफार्म, जीजीआईसी शक्तिफार्म, जीआईसी सितारगंज और जीजीआईसी सितारगंज में आयोजित कार्यक्रम में 390 मेधावियों को छात्रवृत्ति वितरित की गई। कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट गौरव जैन ने बताया कि कंपनी साल 2010 से होनहार छात्र-छात्राओं को वार्षिक छात्रवृत्ति के तहत निर्धारित राशि प्रदान कर रही है। जिससे वह अपनी फीस जमा कर सकें। उन्होंने बताया कि ज्ञान ज्योति छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 11वीं और 12वीं में अध्ययनरत करीब 390 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। वहीं, कार्यक्रम का संचालन कंपनी के एचआर रमाकांत कौशिक ने किया। इस अवसर पर साइट हेड जेपी सिंह, एचआर हेड रोहित वर्मा, एचआर एक्जीक्यूटिव राजप्रीत कौर, प्राचार्या अर्चना पाठक, रवींद्र पाठक आदि उपस्थित रहे।

### विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मॉडलों की लगाई प्रदर्शनी, पृथ्वी, पानी के स्रोत, जीव जंतु पर बनाए मॉडल

## कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय झनकट में बाल शोध मेला

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय झनकट में आयोजित बाल शोध मिले में विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने हमारी पृथ्वी, पानी के श्रोत, मिट्टी के खिलौने, जीव जंतु, सब्जियां आदि पर अपने मॉडल प्रस्तुत कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अजीमजी प्रेमजी फाउंडेशन और समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बाल शोध मेले का शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रधान प्रतिनिधि ललित सिंह बोरा ने कहा आज के विज्ञान के दौर में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अगर जरूरत है तो उन्हें मंच देने और उन्हें प्रेरित करने की। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। फाउंडेशन के दिव्य प्रकाश जोशी ने कहा कि इन आयोजनों से विद्यार्थी की सृजन क्षमता और व्यक्तित्व विकास होता है। मेले में बच्चों ने सोलर पैनल, अनाज, मसाले, प्रकाश के श्रोत, गांव का नजरिया नक्शा, मेरा गांव मेरा गौरव, रासायनिक अभिक्रिया, आओ स्वाद बताएं, डाकघर सेवा, गांव में विद्युत खपत, हमारी पृथ्वी, कोणों के प्रकार, पानी के श्रोत, मिट्टी के खिलौने, जीव जंतु, सब्जियां, ईंट के भट्ठों के शैक्षिक भ्रमण जैसे विषयों पर अपने मॉडल की प्रदर्शनी लगाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। बाद में आयोजन मंडल द्वारा इनका अवलोकन भी किया गया।


खटीमा के झनकट में लगे बाल शोध मेले में बच्चों के मॉडलों को देखते अतिथि। ● अमृत विचार

इस अवसर पर अंकित, ईशा, प्राची, मदन अधिकारी, प्रणव मेहरोत्रा, बद्री प्रसाद, अमित राणा, सचिन रस्तोगी, चरणजीत सिंह राणा, राजकुमार राणा, प्रकाश पांडे, हरिशंकर गंगवार, राजेंद्र प्रताप सिंह, रमेश रावत, मानसी तिवारी, ललित राणा, सुनील कुमार, जसप्रीत सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

## फौजदारी और राजस्व वादों का त्वरित निस्तारण करें अधिकारी

### जिलाधिकारी भदौरिया ने विभिन्न कार्यालयों और न्यायालयों का वार्षिक निरीक्षण किया

- न्यायिक वादों को अनिवार्य रूप से आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करें

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों और न्यायालयों का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेंडिंग फाइलों पर नाराजगी जताते हुए फौजदारी, राजस्व, स्टांप और खनन से जुड़े वादों के त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।


निरीक्षण के दौरान फाइलों की जांच करते डीएम नितिन सिंह भदौरिया। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी न्यायिक वादों को अनिवार्य रूप से आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किया जाए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को निर्देशित किया कि पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। साथ ही बोर्ड ऑफ रेवेन्यू से प्राप्त मामलों में सही मूल्यांकन करते हुए जुर्माने के साथ राजस्व वसूली सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने खनिज न्यास पटल की पत्रावलियों की गहन जांच की। उन्होंने खनन विभाग और सीआरए के माध्यम से आरसी का मिलान करने के निर्देश दिए ताकि राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली हो सके। इसके अलावा, उन्होंने रजिस्ट्रार और सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों का समय-समय पर औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

डीएम ने संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट में पत्रावलियों के रखरखाव पर जोर देते हुए कहा कि जो फाइलें ''वीडिंग'' (हटाने योग्य) हैं, उनकी सूची बनाई जाए और पुराने रिकॉर्ड को रिकॉर्ड रूम में सुरक्षित भेजा जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, ओसी मनीष बिष्ट, गौरव पांडेय, ऋचा सिंह, मुख्य व्यक्तिक सहायक आनंद विश्वकर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गणेश आर्या, पटल सहायक देव पालनी, राहुल आर्या आदि मौजूद थे।

### महाकाल के दर्शन कर लौट रहे व्यापारी का निधन

**किच्छा :** बाबा महाकाल के दर्शन कर उज्जैन से लौट रहे नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सुनील मिगलानी (60) का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। शुक्रवार देर शाम नगर के सत्यपथ धाम पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

जानकारी के अनुसार, योग ग्रुप के साथ उज्जैन गए मिगलानी को रतलाम के पास अचानक सीने में दर्द हुआ और उन्होंने दम तोड़ दिया। मृदुभाषी और मिलनसार स्वभाव के मिगलानी योग के माध्यम से लोगों को जागरूक करते थे। उनके निधन पर विधायक तिलक राज बेहड़ और व्यापार मंडल सहित विभिन्न संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त कर शोक संवेदनाएं प्रकट कीं। उनके निधन पर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, भाजपा नेता लवी सहगल, देवभूमि व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय अरोड़ा, महामंत्री नितिन फुटेला, भाजपा नेता संजीव सिंह, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, संजीव खन्ना, राजेश मिगलानी, किशन गोयल, मदन मदान, गुलशन सिंधी, दिनेश भाटिया, राजीव अग्रवाल, जगरूप सिंह गोल्डी आदि ने शोक जताया।

## मिल्क प्लांट के विरोध में 28 वें दिन भी नहीं थमा आक्रोश


मिल्क प्लांट के विरोध में धरना देते पीड़ित परिवार व ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट को अन्यत्र जगह शिफ्ट करने की मांग को लेकर पीड़ित परिवारों का धरना 28 वें दिन भी जारी रहा।

शुक्रवार को दिनेशपुर से पहुंचे पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने धरने को समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह आइसक्रीम प्लांट के विरोध में नहीं है। लेकिन गरीब काश्तकारों को उजाड़ कर उनकी जमीन पर जबरन प्लांट लगाना गलत है। उन्होंने कहा कि सिडकुल फेस टू में भी कई एकड़ जमीन खाली पड़ी है। सरकार चाहे तो आइसक्रीम प्लांट को वहां भी लगा सकती है। लेकिन, सरकार मनमानी से गरीबों को उजाड़ने का प्रयास कर रही है। वहीं, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने कहा कि कृषि भूमि का पट्टा निरस्त कर लोगों से जमीन छीन ली गई। भू-अभिलेख में उपजाऊ भूमि को बंजर दिखाया गया। फिर, सरसों की लहराती फसल को नष्ट कर मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट लगाने के लिए निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया। मनमानी से गरीबों का हक छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष केवल पांच एकड़ जमीन का नहीं बल्कि, शक्तिफार्म में निरस्त किए गए सभी 216 पट्टों का है। इस मौके पर पूर्व दर्जा मंत्री बलवंत सिंह, भगवान पांडे, नारायण हालदार, सुब्रतन पाईक, उषा मिस्त्री, सती मंडल, कविता बाछाड़, सुनील हालदार, प्रशांत मंडल, सागर मंडल, सुभाष मंडल, चक्रधर, विश्वजीत मंडल, कमला हालदार आदि उपस्थित रहे।

## हर गांव में बनाई जाएगी सुरक्षा समिति

- कोतवाल सुंदरम शर्मा ने की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** क्षेत्र की कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कोतवाल सुंदरम शर्मा ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें निर्णय लिया गया कि नशाखोरी और चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रत्येक गांव में 'सुरक्षा समिति' का गठन किया जाएगा।


क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों संग बैठक करते कोतवाल। ● अमृत विचार

कोतवाल ने स्पष्ट किया कि नगर में अतिक्रमण से यातायात बाधित करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी और पुलिस-नगर पंचायत मिलकर संयुक्त अभियान चलाएंगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की बेतरतीब रफ्तार का मुद्दा भी उठाया। इस दौरान कई ग्राम प्रधानों ने पुलिस के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने पर सहमति जताई।

इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मानवेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, महेंद्र सिंह, राजा हालदार, निखिलेश घरामी, रविंद्र अग्रवाल, मनोज खान, देबू मंडल, गोविंद सरकार, देवाशीष पोद्दार, गोविंद पोखरिया, वीरंची वाइन, अमित कुमार, किट्टू पांडे, प्रभाकर राय आदि मौजूद रहे।

### धीमे सत्यापन पर जताई नाराजगी

**सितारगंजः** एसआईआर के धीमी सत्यापन पर तहसीलदार हिमांशु जोशी ने नाराजगी जताई है। शुक्रवार को तहसील परिसर में उन्होंने बीएलओ की समीक्षा बैठक की।

इस दौरान बीएलओ ने बताया कि सत्यापन अभियान में कई प्रकार की समस्याएं सामने आ रही हैं। लोगों में जागरूकता की कमी है। महिलाओं के पति मोबाइल लेकर काम पर चले जाते हैं। जिस वजह से तकनीकी कार्य सम्पन्न नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में करीब 50 फीसदी सत्यापन का कार्य हो गया है। जबकि, ग्रामीण क्षेत्रों में अभी केवल 85 फीसदी सत्यापन हुआ है। इसके अलावा बाहरी राज्यों के आए लोगों की अधिक संख्या होने के कारण भी एसआईआर सत्यापन में समस्या उत्पन्न हो रही है।

## बस्तियों की भूमि का हो नियमितीकरण

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचारः** वार्ड नंबर 2 निवासी व्यक्ति ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर शहरी बस्तियों के भूमि नियमितीकरण एवं रजिस्ट्री कर भूमि स्वामित्व प्रदान किए जाने की मांग की।

वार्ड नंबर 2 निवासी रमेश राय एवं सभासद सुशील राय ने नगर पंचायत शक्तिगढ़ के अधिशासी अधिकारी प्रियंका रैक्वाल को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि, नगर पंचायत क्षेत्र में जमीन व प्लाट खरीद कर बनाए गए कच्चे एवं पक्के घरों को नियमितीकरण व रजिस्ट्री कर भूमि स्वामित्व प्रदान किया जाए, जिससे नगर निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। ज्ञापन में कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 से 7 तक, प्रत्येक परिवार की क्रय की गई भूमि व प्लॉट का सर्वे कराकर शासन से अनुमोदन कराया जाए ताकि लोग लाभान्वित हो सके। बताते चलें कि नगर पंचायत क्षेत्र के भूमि का नियमितीकरण एवं स्वामित्व हासिल न होने के कारण, नगर के पात्र लोगों को आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जो कि नगर पंचायत क्षेत्र के लिए एक जटिल समस्या है।


अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सभासद। ● अमृत विचार

### तीन परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़


देवेंद्र सिंह (फाइल)।


राजेश सिंह (फाइल)।

**खटीमा :** सड़क हादसे ने तीन हंसते-खेलते परिवारों को उजाड़ दिया है। मृतक देवेंद्र सिंह राणा अपनी तीन बहनों का इकलौता भाई था, जबकि राजेश सिंह राणा अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बेटियों (9 और 6 वर्ष) को बेसहारा छोड़ गए हैं। तीसरा मृतक राजेश उर्फ बिल्ला भी बेहद गरीब परिवार से था और मजदूरी कर जीवन यापन करता था। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है, जिनका शनिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। तीन युवकों की मौत से गांव में चूल्हे तक नहीं जले।

हल्द्वानी

## कूड़ा निस्तारण ठप, नई डीपीआर बनने के बाद ही शुरू हो सकेगा लीगेसी प्लांट

- अनुबंध समाप्त होने पर कंपनी ने बंद किया काम, निगम करेगा डंप कूड़े का एनालिसिस
- कूड़ा निस्तारण में तेजी लाने के लिए एमआरएफ प्लांट शुरू होने का इंतजार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इंद्रानगर स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में लीगेसी प्लांट का संचालन ठप है। बीते दिनों से लीगेसी प्लांट बंद होने के कारण कूड़ा निस्तारण नहीं हो रहा है। इस वजह से ट्रंचिंग ग्राउंड में बड़ी मात्रा में कूड़ा जमा हो गया है। निगम के अनुसार पूर्व में काम कर रही कंपनी का अनुबंध करीब एक सप्ताह पूर्व समाप्त हो चुका है। जिससे इसका संचालन बंद पड़ा है। कंपनी का दावा है कि निर्धारित 1.39 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण किया जा चुका है। वहीं, निगम के अनुसार कूड़ा निस्तारण की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति का पता लग सकेगा।


हल्द्वानी के इंद्रानगर में स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड। ● अमृत विचार

कूड़ा निस्तारण प्रक्रिया दोबारा शुरू करने के लिए लीगेसी प्लांट का संचालन नए सिरे से शुरू किया जाएगा। प्लांट के लिए नई डीपीआर बनाई जाएगी और टेंडर प्रक्रिया पूरी होने पर ही प्लांट शुरू हो सकेगा। साथ ही ट्रंचिंग ग्राउंड में एमआरएफ प्लांट लगाने का काम भी जारी है। एमआरएफ प्लांट लगने के बाद कूड़े का सेग्रीगेशन शुरू होगा, जिसमें कूड़े में शामिल, मेटल, प्लास्टिक या अन्य सामग्री की छंटनी की जाएगी। यह भी निगम की आय बढ़ाने में मदद करेगा।

### रोजाना पहुंचता है करीब 230 मीट्रिक टन कूड़ा

**हल्द्वानी :** ट्रंचिंग ग्राउंड में रोजाना करीब 230 मीट्रिक टन कूड़ा पहुंचता है। जिसमें हल्द्वानी नगर निगम के साथ ही नैनीताल, भवाली, भीमताल, लालकुआं नगर निकायों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का कूड़ा भी शामिल है। निगम के अनुसार अकेले हल्द्वानी शहर से ही रोजाना लगभग 152 मीट्रिक टन कूड़ा ट्रंचिंग ग्राउंड में डाला जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि ट्रंचिंग ग्राउंड शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी परेशानी बढ़ा रहा है। प्लांट बंद होने से पुराने कूड़े के निस्तारण के बाद एक बार फिर से भारी मात्रा में कूड़ा जमा हो गया है। अनुबंधित कंपनी के कूड़ा निस्तारण कार्य बंद किए जाने से समस्या और बढ़ गई है। कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सालों बीत जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। गर्मियों में ट्रंचिंग ग्राउंड में आग लगने से लोगों को सांस संबंधी दिक्कतें भी होती हैं। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि कंपनी के अनुसार निर्धारित कूड़े का निस्तारण हो चुका है। ट्रंचिंग ग्राउंड में जमा कूड़ा बीते करीब दस महीनों में जमा हुआ है। कहा कि डंप कूड़े का एनालिसिस किया जाएगा, जिसके बाद वास्तविक स्थिति का पता लग सकेगा। बताया कि नए सिरे से लीगेसी प्लांट के संचालन के लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही एमआरएफ प्लांट शुरू होने से भी कूड़ा निस्तारण में तेजी आएगी।

## एक करोड़ की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर पुलिस, एसटीएफ और एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट ने संयुक्त अभियान चलाकर नशे के सौदागरों पर अब तक की सबसे बड़ी चोट की है। टीम ने एक करोड़ रुपये से अधिक अंतरराष्ट्रीय कीमत वाली एक किलो 33 ग्राम स्मैक के साथ उत्तर प्रदेश के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि बरेली से स्मैक की एक बड़ी खेप उत्तराखंड लाई जा रही है। बीरूनगला रोड पर चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक पुलिस को देख भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान शाहनवाज उर्फ मामू (36 वर्ष) निवासी बहेड़ी, जिला बरेली (यूपी) के रूप में हुई है। सितारगंज क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र सिंह धोनी की मौजूदगी में हुई तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह माल बरेली के एक व्यक्ति से लेकर आया था।

पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया है और आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सिटी ब्रीफ

### महापौर ने ग्रीष्मकालीन धान की खेती के लिए सौंपा मांग पत्र

**काशीपुर :** महापौर दीपक बाली ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने काशीपुर के किसानों की समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र भी सौंपा। महापौर ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि क्षेत्र के किसानों को 31 मार्च 2026 तक जल संरक्षण आधारित ग्रीष्मकालीन धान की खेती की सशर्त अनुमति दी जाए। उन्होंने तर्क दिया कि यह फसल कम अवधि में तैयार होती है और आधुनिक पद्धतियों से इसमें पानी की खपत भी कम होती है। मुख्यमंत्री ने इस जनहित के मुद्दे पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष जसपाल सिंह जस्सी भी मौजूद रहे।

### यूजीसी एक्ट के विरोध में निकलेगी जन आक्रोश रैली

**जसपुर :** यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज उत्थान समिति शनिवार की सुबह 11 बजे पुरानी नगर पालिका चौक से विशाल जन आक्रोश रैली निकालेगी। कार्यक्रम के आयोजक मनोज चौहान ने बताया कि सरकार द्वारा सवर्ण छात्र-छात्राओं के भविष्य को अंधकारमय बनाने वाले काले कानून यूजीसी के विरोध में रैली निकालने के बाद राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को दिया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वह अपने बच्चों के भविष्य तथा अपने अस्तित्व को बचाने के लिए रैली में पहुंचकर अपना आक्रोश प्रदर्शित करें।

### जसपुर में कल होगा हिंदू सम्मेलन

**जसपुर :** नगर में 1 फरवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक खड़क सिंह एवं सह संयोजक प्रदीप गोयल ने बताया कि भूतपुरी रोड स्थित महादेव नगर शिवाजी कॉलोनी में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय संयोजक संस्कार भारती मंचीय कला विभाग के देवेंद्र सिंह होंगे। बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समितियां भी बनाई गई हैं। इसके लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। आयोजकों ने लोगो से सम्मेलन में पहुंचने की अपील की है।

### 4.48 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जसपुर :** कोतवाली पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने स्मैक बरामद की है। गुरुवार को पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम रहमापुर कासमपुर रोड से महुवाडाबरा निवासी इबरान हुसैन को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपी के पास से 4 .48 ग्राम स्मैक बरामद की। आरोपी यूपी के ठाकुरद्वारा से स्मैक खरीदकर स्थानीय युवाओं को बेचता था। कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि आरोपी पहले भी बाइक चोरी और आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई ललित सिंह, शैलेंद्र सिंह, अरुण कुमार, प्रविंदर सिंह शामिल रहे।

### जमीन पर गिरकर दो चोटिल

**काशीपुर :** जमीन पर गिर कर एक बालक और वृद्धा चोटिल हो गए। नई बस्ती निवासी दस वर्षीय अयान घर के पास ही बालकों के साथ खेल रहा था। अचानक वह जमीन पर गिर कर चोटिल हो गया। वहीं मानपुर रोड निवासी 64 वर्षीय खीमिया का घर पर पैर फिसल गया। इससे वह भी चोटिल हो गई। परिजनों ने दोनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक ने इलाज के बाद दोनों को छुट्टी दे दी है।

# मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने का विरोध

## महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया



काशीपुर में मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने का विरोध जताते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

● राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

**अमृत विचार:** महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आज वार्ड नं 25 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एआईसीसी सदस्य और प्रदेश कांग्रेस महासचिव अनुपम शर्मा, महानगर जिला अध्यक्ष अलका पाल और पूर्व महानगर जिला अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया।

श्रद्धांजलि सभा के पश्चात, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के विरोध में एक विशाल धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना से राष्ट्रपिता का नाम हटाना उनके व्यक्तित्व और ऐतिहासिक योगदान को कम करने की एक साजिश है। नेताओं ने चेतावनी दी कि कांग्रेस बापू के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी और इस नाम को बहाल करने की मांग को लेकर अपना आंदोलन जारी रखेगी।

धरना प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी मनोज जोशी, विमल गुड़िया, हरीश कुमार, महेंद्र बेदी, संजीव शर्मा, राकेश भगत, प्रदीप जोशी, अनिल सिंह, अजीता शर्मा, परम सिद्धू, अब्दुल क़ादिर, आरिफ़ सैफ़ी, इलयास महिगीगर, सुभाष पाल आदि उपस्थित रहे।

## बिजली चोरी करने पर 41 लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और विजिलेंस की संयुक्त टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी छापेमारी की। लगातार मिल रही शिकायतों और लाइन लॉस को देखते हुए देहरादून, हल्द्वानी और रुद्रपुर की संयुक्त विजिलेंस टीमों ने एक साथ ट्रांजिट कैंप, खेड़ा और दरियानगर क्षेत्रों में दस्तक दी।

घेराबंदी कर पकड़ी गई चोरी अधिशासी अभियंता राजीव चक्रवर्ती, एसडीओ अन्नू अरोरा और एसडीओ अंशुल मदान के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई के दौरान 41 घरों और प्रतिष्ठानों में सीधे तौर पर बिजली चोरी पकड़ी गई। चेकिंग के दौरान पाया गया कि कई लोग बिजली के मुख्य पोल से केबल डालकर 'कटिया' के माध्यम से बिजली जला रहे थे, जबकि कुछ शातिर उपभोक्ताओं ने मीटर से पहले ही केबल काटकर उसे बाईपास कर दिया था ताकि रीडिंग दर्ज न हो सके।

बकाएदारों पर भी चला डंडा एसडीओ अन्नू अरोरा ने बताया कि पकड़े गए लोगों में कई ऐसे पुराने बकाएदार भी शामिल हैं, जिन्होंने पिछले 2-3 सालों से एक भी रुपया बिल जमा नहीं किया था। यूपीसीएल ने सभी 41 आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में तहरीर सौंप दी है।

# किसानों ने राइस मिलर्स से धान के भुगतान की मांग उठाई

● किसान विकास क्लब की मासिक बैठक हुई संपन्न

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में बैठक को संबोधित करते किसान नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** किसान विकास क्लब की मासिक बैठक अनाज मंडी के गेस्ट हाउस में क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन क्लब के सचिव श्वेतांशु चतुर्वेदी ने किया।

बैठक में सरकार की नीति पर आक्रोशित होते हुए किसानों ने कहा कि वर्ष 1983 अथवा इससे पूर्व वर्ग- 4 के कब्जेदारों (जिसकी भूमि वर्ग - 1(ख) में परिवर्तित की गई थी) उक्त भूमियों पर अभी तक भी वर्ग -1(क) अथवा संक्रमणीय भूमिधरी अधिकार नहीं मिल पाया है। इसमें किसानों का कहना है कि सरकार को शीघ्र ही ऐसी भूमि को मालिकाना अधिकार दिया जाना चाहिए। किसानों ने कहा कि सरकारी धान तौल केंद्रों पर उन्होंने पोर्टल खुलने की उम्मीद में क्रय केंद्रों के अधिकारियों के कहने पर अपना धान राइस मिलों पर डाल दिया था, लेकिन पोर्टल नहीं खुला। कुछ दिन पहले किसानों, राइस मिलर्स एवं अधिकारियों की बैठक के बाद राइस मिलर्स ने किसानों को 2280 रुपए प्रति कुंतल रकम देने का वादा किया था। जिसमे कुछ मिलर्स ने तो किसानों की उक्त राशि का भुगतान वादानुसार कर दिया, परन्तु कुछ राइस मिलर्स ने रकम देने से इनकार कर दिया। जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

किसानों ने कहा कि सरकार अगर शीघ्र ही उक्त रकम राइस मिलर्स से नहीं दिलवाती है तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख जसपुर रवि कुमार, सुभाष चौधरी, टीका सिंह सैनी, देवी सिंह यादव, उपेंद्र शर्मा, राजवीर मिश्रा, डॉ अशोक अरोड़ा, चौधरी सुरेंद्र सिंह, अजय कपूर, सुभाष चंद शर्मा, चौधरी किशन सिंह, रमेश सपरा, प्रशांत शर्मा आदि उपस्थित थे।

### नादेही चीनी मिल में लगा दूसरा मिल बंदी का नोटिस

**जसपुर :** क्षेत्र की सहकारी चीनी मिल नादेही में मिल बंदी का दूसरा नोटिस 31 जनवरी का लग गया है। नोटिस की सूचना बाकायदा किसानों के लिए चस्पा करा दी गई है। दूसरा नोटिस लगने से गन्ना किसान अपना गन्ना आपूर्ति करने के प्रयत्न में लगे हैं। मिल बंदी का पहला नोटिस 25 जनवरी का लगा था। बता दें कि चीनी मिल बुधवार से गन्ने के अभाव में बंद है। वहीं क्षेत्र में हुई बारिश के कारण किसानों को गन्ना आपूर्ति करने में दिक्कतें हो रही हैं। मिल के जीएम सीएस इमलाल ने गन्ना किसानों से समय रहते अपना गन्ना मिल को आपूर्ति करने की अपील की है।

# अधिवक्ताओं ने किया परेशानियों पर मंथन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** बार एसोसिएशन काशीपुर की आम सभा शुक्रवार को संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे व संचालन सचिव यशवंत सिंह चौहान ने किया।

आम सभा का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं के सम्मुख विधि व्यवसाय करते समय आने वाली विभिन्न परेशानियों व चुनौतियों का निराकरण किस प्रकार हो था तथा विधि व्यवसाय में नए अधिवक्ताओं के समक्ष आने वाली परेशानियां पर चर्चा करना था। अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा की हमारी कार्यकारिणी सदैव अधिवक्ता हित के लिए प्रयासरत है।सचिव यशवंत सिंह चौहान ने कहा कि हमारी कार्यकारिणी का मुख्य उद्देश्य नए अधिवक्ताओं के सामने आने वाली चुनौतियों को दूर करना है तथा बार एसोसिएशन काशीपुर की ऐतिहासिकता को बनाए रखना है ।

इस मौके पर कई अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे। आम सभा में उपाध्यक्ष विद्युशेखर शर्मा, उपसचिव अंकित चौधरी, कोषाध्यक्ष बी सी नौटियाल, आय व्यय निरीक्षक गौरव मेहरोत्रा, पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश प्रजापति, संदीप सहगल, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, आनंद रस्तोगी, गोपाल कृष्ण, धर्मेंद्र तुली, मुजीब अहमद, भास्कर त्यागी, देवांग मिश्रा, जितेंद्र कुमार, अंकित त्यागी, अब्दुल रशीद नसर वीरेंद्र कुमार चौहान शामिल रहे।

# 6.89 लाख से दूर होगी पानी की किल्लत


बाजपुर में पेयजल पाइप लाइन बिछाने के कार्य के शुभारंभ पर मिष्ठान वितरित करते मोहल्लेवासी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नगर के वार्ड नंबर एक, मोहल्ला मझरा प्रभु में पेयजल संकट को दूर करने के लिए पाइपलाइन बिछाने के कार्य का विधिवत शुभारंभ हो गया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के प्रयासों से जिला योजना 2025-26 के तहत स्वीकृत 6.89 लाख रुपये की लागत से यह कार्य किया जा रहा है।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारीज की बीके ज्योति ने पूजा-अर्चना के साथ कार्य की शुरुआत कराई। यह पाइपलाइन गिल चौक से लेवड़ा नदी तक बिछाई जाएगी, जिससे स्थानीय निवासियों को स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

वार्डवासियों ने खुशी जताते हुए कहा कि वे लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे थे, जिसका अब समाधान होने जा रहा है। कार्यक्रम में वार्ड-एक के सभासद प्रतिनिधि आदित्य चनाना, पंकज कुमार तिवारी, शीतल सक्सेना, भूरा भाई, राहुल वर्मा, हरिओम राठौर, संदीप यादव, निखिल कश्यप, पैट्रिक, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

# वक्फ बोर्ड सीईओ के फर्जी हस्ताक्षर कर बनाई कमेटी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काजीबाग स्थित मस्जिद की प्रबंध समिति के गठन में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के फर्जी हस्ताक्षर कर नई कमेटी बनाने और चार्ज हड़पने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मई 2025 में मोहम्मद कासिम और फईम अहमद ने वक्फ बोर्ड का एक कथित पत्र दिखाकर पुरानी कमेटी से चार्ज की मांग की थी। सचिव अली अनवर एडवोकेट को शक होने पर जब उन्होंने बोर्ड से जांच कराई, तो सीईओ ने हस्ताक्षरों को पूरी तरह फर्जी बताया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर हुई तीन चरणों की जांच में पाया गया कि कमेटी गठन का पत्र और किया एलान पूरी तरह कूटरचित था।

### जालसाजी के पीछे भू-माफिया का हाथ!

**काशीपुर :** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत केस दर्ज कर लिया है। सचिव अली अनवर का आरोप है कि इस जालसाजी के पीछे वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने की नीयत रखने वाले कुछ प्रॉपर्टी डीलर और व्यापारी शामिल हैं। गौरतलब है कि 2019 में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था, जिसमें 63 लोगों पर कार्रवाई हुई थी।

# मंडल के सभी मोर्चा अध्यक्षों की घोषणा

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल जिंदल की संस्तुति पर किच्छा में नगर एवं ग्रामीण मंडल में भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चों के मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई।

भाजपा मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया ने सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपने दायित्व एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठा एवं ईमानदारी से करने का आह्वान किया है। विशाल गुप्ता को युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, कविता मान को महिला मोर्चा, अमरीक सिंह को किसान मोर्चा, रितिक कश्यप को अन्य पिछड़ा वर्ग, राकेश कुमार को अनुसूचित जाति तथा इमरान को अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष बनाने की घोषणा की है।

इधर जिला अध्यक्ष जिंदल की संस्तुति पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी ने ग्रामीण मंडल में सभी मोर्चा के अध्यक्षों का ऐलान कर दिया है। ग्रामीण अध्यक्ष तिवारी ने जसमीत कक्कड़ को ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष, रेनू यादव को महिला मोर्चा, जोगिंदर सिंह को किसान मोर्चा, डॉ. सावन सिंह को अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अमरनाथ को अनुसूचित जाति मोर्चा एवं रिहान अंसारी को अल्पसंख्यक मोर्चा का ग्रामीण मंडल का अध्यक्ष बनाए जाने का ऐलान कर सभी को मनोनयन की बधाई दी है।

# डाइवर्जन के कारण लग रहे जाम से भड़के लोग

● एसडीएम और लोनिवि के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर में मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करतीं एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा एवं भाजपा नेता गौरव शर्मा।

**अमृत विचार:** बाजपुर-बेरिया रोड स्थित लेवड़ा नदी के डाइवर्जन के कारण सड़क पर लग रहे घंटों लंबे जाम और बदहाली को लेकर क्षेत्रवासियों का गुस्सा फूट पड़ा है। समस्याओं के समाधान हेतु शुक्रवार को भाजपा नेता गौरव शर्मा और एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने लोनिवि व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मौके का मुआयना किया।

डाइवर्जन के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों और व्यापारियों को हर दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी व्यथा सुनाई, जिस पर एसडीएम ने यातायात व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। वहीं, उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो जनता स्वयं वैकल्पिक पुल बनाने को मजबूर होगी। उन्होंने सरकार से फंड का बहाना न बनाने की अपील की।

भाजपा नेता गौरव शर्मा ने कहा कि वे इस गंभीर मुद्दे पर प्रशासन के लगातार संपर्क में हैं। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने एक स्वर में स्थायी पुल निर्माण और सुचारु मार्ग की मांग की।

## मुखर

सूर्यनगर में हुआ आयोजन, जंगली हाथियों से फसलों को नुकसान का मुद्दा उठाया

# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में सुनीं समस्याएं

संवाददाता, शांतिपुरी


सूर्यनगर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर पांच सूर्यनगर में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने ग्राम सूर्यनगर नज़ीबाबाद के किसानों को जंगली हाथियों द्वारा हो रहे फसल के नुकसान, विद्युत मीटर को वारिसान करने और नये विद्युत मीटर लगवाने, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आवारा पशुओं से निजात दिलाने संबंधी समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव के गरीब व्यक्ति धन सिंह मेहता को आर्थिक सहायता दिलाने के विषय को प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर किच्छा तहसीलदार गिरीश चंद्र पार्टी राजस्व निरीक्षक दीपक गैड़ा, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पीडी तिवारी, युवा मोर्चा बरा मंडल अध्यक्ष दीपक मेहता, भाजपा मंडल महामंत्री आकाश मेहता (बहादुर मेहता), ग्राम प्रधान राहुल कुमार, पुरोहित बसंत तिवारी, विक्रम मेहता, महेश पाण्डेय, सुरेंद्र प्रताप देव, गोविन्द दानू , जगत मेहता, रघुवीर सिंह, खड़क कोरंगा, पूरन कोरंगा आदि मौजूद रहे।

### पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सुनीं पेंशनर्स की समस्याएं

**काशीपुर :** पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार ने शुक्रवार को कोतवाली परिसर में पुलिस पेंशनर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया गया। बैठक में पेंशनर्स ने पेंशन भुगतान, चिकित्सा सुविधाओं, नए पहचान पत्र और विभाग में लंबित प्रकरणों जैसे मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष रखा। क्षेत्राधिकारी ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित शाखाओं को निर्देश दिए कि पेंशनर्स के कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न की जाए।

## स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

**बाजपुर:** शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एसडीएम कोर्ट परिसर में अमर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों को नमन किया। इस दौरान एसडीएम ने सभी कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की बदौलत ही आज हम स्वतंत्र हवा में सांस ले रहे हैं, उनका त्याग हमारे लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। इस मौके पर संजीव चौहान, भीमसेन और कार्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# हज समिति के सदस्य का स्वागत

संवाददाता, दिनेशपुर


उत्तराखंड राज्य हज समिति सदस्य फईम खां का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य हज समिति के नवनियुक्त सदस्य नगर पंचायत पूर्व अधिशासी अधिकारी फईम खां ने कहा कि उन्हें लगभग छह दशकों तक जनसेवा के बाद सेवानिवृत्ति उपरांत प्रदेश सरकार द्वारा यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएंगे।

शुक्रवार को नगर पंचायत सभागार में आयोजित एक सम्मान समारोह में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क सहित जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों द्वारा फईम खां के उत्तराखंड राज्य हज समिति का सदस्य नियुक्त होने पर फईम खां का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान फईम खां ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने वर्ष 1985 में नगर पंचायत दिनेशपुर में पहली बार अधिशासी अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। इसके पश्चात वर्ष 1995 तथा 2014-15 में भी उन्होंने इसी पद पर रहते हुए नगर की जनता की सेवा की। उन्होंने कहा कि लगभग 32 वर्षों की सेवा अवधि में विभिन्न स्थानों में रहते हुए नगर के विकास, स्वच्छता, प्रशासनिक सुधार एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मोहम्मद यामीन, सभासद प्रतिनिधि विशंबर बैरागी, सभासद संजय सरकार, भाजपा नेता भोला शर्मा, अशोक कालड़ा, युवा नेता जग्गा सिंह विर्क, देव कुमार आदि मौजूद रहे।

**ब्रीफ न्यूज**

### नव प्रभात हाईस्कूल में कार्यशाला शुरू

**बैरती (अल्मोड़ा) :** उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी द्वारा अपने पिता स्वर्गीय नरोत्तम तिवारी की स्मृति में बाल प्रहरी एवं बाल साहित्य संस्थान, अल्मोड़ा के सौजन्य से नव प्रभात पब्लिक हाईस्कूल बसभीड़ा में पांच दिवसीय साहित्य सृजन कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. कुलदीप बिष्ट एवं बाल प्रहरी के संपादक एवं संयोजक श्री उदय किरौला ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में कक्षा छह, सात एवं आठ के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। श्री किरौला ने बच्चों को कविता व कहानी लेखन की बारीकियां बताते हुए रचनात्मक लेखन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक किरण कुमार पांडेय, अध्यक्ष पवन कुमार पांडेय, प्रधानाचार्य कमल किशोर पांडेय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

### सरयू किनारे बंजारों के टेंट, गंदगी से बढ़ी चिंता

**बागेश्वर :** सरयू नदी किनारे बाहरी क्षेत्र से आए बंजारों द्वारा टेंट लगाकर रहने और गंदगी फैलाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। नगर के सूरजकुंड क्षेत्र में कुछ परिवार रह रहे हैं, जहां पुरुष जड़ी-बूटी बेचते हैं, जबकि महिलाएं भीख मांगने व राहगीरों को टीका लगाने का कार्य करती हैं। इन लोगों द्वारा खुले में शौच व अन्य गतिविधियों से नदी प्रदूषित हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका से कार्रवाई की मांग की है। नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने शीघ्र निरीक्षण कर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है। कहा कि नदी को प्रदूषित नहीं होने दिया जाएगा।

### 20 ग्राम प्रधान पुरस्कार समारोह में हुए शामिल

**लोहाघाट :** मॉडल यूथ ग्राम सभा राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए चम्पावत जिले के 20 ग्राम प्रधान दिल्ली पहुंचे। ग्राम प्रधान संगठन के बाराकोट ब्लाक अध्यक्ष निर्मल गोस्वामी के नेतृत्व में बाराकोट ब्लाक सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए पंचायत प्रतिनिधि दिल्ली रवाना हुए थे। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधियों ने पंचायती राज व्यवस्था से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में ग्राम सभाओं की भूमिका, युवा भागीदारी और मॉडल ग्राम सभाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा हुई। प्रतिनिधि मंडल में नवीन जोशी, संजय जोशी, विनोद अधिकारी, गंगाधर पंत, चंचल सामंत सहित पाटी, लोहाघाट और चम्पावत क्षेत्र के कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल रहे।

---

**आम तौर पर मार्च में खिलने वाला फूल इस बार जनवरी में खिला, जलवायु परिवर्तन माना जा रहा कारण**

## बदलावः पहाड़ों में समय से पहले खिलने लगा बुरांश

- बिनसर अभ्यारण्य के जंगलों में खिले बुरांश के फूल
- समय पर पहाड़ों में अपेक्षित बारिश न होने भी बड़ी वजह

कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** पहाड़ों में मौसम चक्र में लगातार परिवर्तन हो रहा है। इसका ताजा उदाहरण इन दिनों बिनसर अभ्यारण्य के जंगलों में साफ दिख रहा है। पहाड़ में अक्सर मार्च में खिलने वाला बुरांश का फूल इस बार जनवरी में ही खिल गया। इससे लोग हैरत में हैं और जलवायु परिवर्तन को ही इसकी वजह मानते हैं।


अल्मोड़ा के बिनसर अभ्यारण्य में समय से पहला खिला बुरांश। ● अमृत विचार

पहाड़ के जंगलों में बुरांश का फूल 15 मार्च के बाद खिलता है। मगर अब प्रकृति अपना अलग रंग दिखा रही है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस बार जनवरी के अंतिम पखवाड़े से ही बिनसर अभयारण्य के जंगलों में बुरांश खिल गया है। दरअसल, अब ठंडे पहाड़ गर्म होने लगे हैं और यहां की आबोहवा धीरे-धीरे बदल रही है। स्थिति यह है कि पिछले साल नवंबर, दिसंबर बिल्कुल भी बारिश नहीं हुई। जबकि इस साल जनवरी के अंतिम सप्ताह में बारिश हो सकी। बाकि पूरा शीतकाल शुष्क गुजरा है। जिससे पहाड़ की जैव विविधता बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। अब जनवरी में बुरांश का खिलना चिंता का विषय हैं।

**बुरांश के औषधीय गुण**

बुरांश केवल सुंदरता का प्रतीक नहीं, बल्कि अपने औषधीय गुणों के लिए भी प्रसिद्ध है। विशेषज्ञों के अनुसार बुरांश के फूलों में कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर को अनेक लाभ देते हैं। बुरांश के फूल का जूस, स्क्वैश लीवर से जुड़ी बीमारियां, सूजन, ब्रोंकाइटिस, गठिया और जोड़ों का दर्द और इम्युनिटी बढ़ाने में लाभकारी माना जाता है।

> समय से पहले पेड़-पौधों का फूलना-फलना सीधे-सीधे जलवायु परिवर्तन का असर है। पहाड़ में समय से बारिश व बर्फबारी नहीं होने से इन प्रजातियों को समय से पहले ही अनुकूल तापमान मिल रहा है, जो चिंतनीय है।
> -**डॉ. धनी आर्या,** प्राध्यापक एसएसजे परिसर, अल्मोड़ा

---

## मुए थाई चैंपियनशिप में अनिल ने कांस्य जीता

- अनिल बोरा ने पूर्व में भी कई प्रतियोगिताओं में जीते हैं पदक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय सीनियर मुए थाई चैंपियनशिप में अनिल बोरा ने कांस्य पदक जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।

दौलाघट के चौना गांव निवासी अनिल बोरा ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल प्रतिभा से यह सफलता हासिल की। अनिल से इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाते हुए पदक हासिल किए है। उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख गोपाल सिंह खोलिया, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल खोलिया, कोच कुंदन बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्योति खोलिया, ग्राम प्रधान रमा खोलिया, घनश्याम बोरा, जगजीवन खोलिया, शंकर बोरा, सरपंच जीवन खोलिया, राजा बोरा, रोहित खोलिया, कैलाश बोरा आदि खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।


पदक और कोच के साथ अनिल बोरा।

---

## अल्मोड़ा के पांच ब्लॉकों में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**सरकार पर मनरेगा हटाकर गरीबों का शोषण करने का आरोप**


अल्मोड़ा के हवालबाग ब्लॉक मुख्यालय में शुक्रवार को धरना-प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** मनरेगा अभियान बचाओं के तहत शुक्रवार को जिले के पांच ब्लॉकों में सरकार के खिलाफ धरना दिया। और नारेबाजी कर सरकार पर मनरेगा हटाकर गरीबों के शोषण का आरोप लगाया।

कांग्रेसियों ने हवालबाग, ताकुला, लमगड़ा, भैंसियाछाना और धौलादेवी में सरकार के खिलाफ धरना दिया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि मनरेगा देश की गरीब, ग्रामीण जनता की जीवनरेखा है, लेकिन भाजपा सरकार जानबूझकर बजट में कटौती कर रही है। वहीं, भुगतान में देरी कर और काम बंद कर इस योजना को समाप्त करने की साजिश कर रही है। इसका सीधा असर गरीब मजदूरों, महिलाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। कांग्रेस ने सभी मनरेगा मजदूरों को 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित करने, लंबित मजदूरी का तत्काल भुगतान करने, मजदूरी दर बढ़ाने, और मनरेगा को कमजोर करने वाली सभी नीतियों को वापस लेने की सरकार से मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष हवालबाग आनंद सिंह बिष्ट, शिवराज नयाल, जिला पंचायत सदस्य कुंदन राम, नारायण सिंह, रविंद्र मुस्यूनी, प्रेम सिंह, केशव पांडे, देव सिंह भोजक, चंदन भोज, किशन सिंह, इंदर सिंह, शोभन दत्त, आनंद सिंह बिष्ट, मोहन सिंह, गोपाल जोशी, राजेंद्र सिंह, सुरेश राम, सुंदर लाल, राजेंद्र नेगी, पंकज पाठक, परितोष जोशी, सुरेंद्र मेहता, प्रवीण मेहता, रविंद्र सिंह, हेम पाठक, राजन सिंह, अनिल पाठक, गणेश मेहता, नरेन्द्र मेहता, आनंद सिंह बिष्ट, विनोद जोशी, गणेश पाठक, हरेंद्र रावत, पान सिंह मेहरा, शेर सिंह, सुरेन्द्र आर्या, आंनद राम, रमेश लटवाल, भीम सिंह, दान सिंह, राम दत्त भट्ट, खड़क सिंह बिष्ट, कुंदन बिष्ट, देव सिंह कनवाल, विशाल कनवाल आदि रहे।

---

### स्वाला सहित हाईवे के कार्यों का सचिव ने किया निरीक्षण

**टनकपुरः** लोक निर्माण विभाग के प्रदेश सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा जनपद चम्पावत भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-09 चम्पावत बाईपास निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को परियोजना में आवश्यक संसाधनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा सके। सचिव ने पेड़ कटान की प्रक्रिया तथा प्रभावित परिवारों को मुआवजा वितरण की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में कोई भी प्रशासनिक या तकनीकी बाधा न आने पाए तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

उन्होंने स्वाला क्षेत्र में सड़क सुधारीकरण कार्यों का भी जायजा लिया तथा अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग प्रखंड को निर्देशित किया कि समस्त कार्य मानकों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने परियोजना की प्रतिदिन मॉनिटरिंग तथा हर हफ्ते प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने टनकपुर से पूर्णागिरि मंदिर तक राज्य मार्ग संख्या-108 पर हो रहे निर्माण व सुदृढ़ीकरण कार्यों का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने को कहा।

---

## बहुउद्देश्यीय शिविर में ग्रामीणों ने डीएम के समक्ष रखीं समस्याएं


बहुउद्देशीय शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर/लोहाघाट

**अमृत विचारः** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी पहल 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के तहत ब्लॉक लोहाघाट की न्याय पंचायत डुमडाई के रामलीला मंच मडलक में डीएम मनीष कुमार की अध्यक्षता में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का समाधान करना रहा।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां योजनाओं की जानकारी दी गई, प्रमाण पत्र वितरित किए गए और शिकायतों का निस्तारण किया गया। कुल 473 ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। प्राप्त 67 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। पशुपालन विभाग ने 59 लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान कीं। राजस्व विभाग द्वारा स्थायी निवास, जाति, आय व चरित्र प्रमाण पत्र सहित 22 से अधिक प्रमाण पत्र जारी किए गए। पूर्ति विभाग से 11, श्रम विभाग से 14 तथा समाज कल्याण विभाग से 7 लोगों को लाभ मिला। इसके अलावा 88 से अधिक प्रमाण पत्र जारी किए गए और 25 से अधिक ग्रामीणों के आधार कार्ड संशोधन व समान नागरिक संहिता पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराई गई।

जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मजपीपल निवासी प्रशांत बोहरा की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए प्रशांत, पारस एवं करन नामक तीन अनाथ भाइयों को शिक्षा, भरण-पोषण एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने शिविर के दौरान सरिता देवी, भागा देवी सहित अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किए।

शिविर में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष बगौली, निर्मल मेहरा, नगरपालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, सीडीओ डॉ जीएस खाती, एडीएम कृष्णनाथ गोस्वामी, एसडीएम नीतू डांगर, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार आदि मौजूद रहे।

---

## पुलिस ने महिला सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** विकास खंड पाटी और तामली पुलिस टीम ने पुलिस आपके द्वार अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एसपी अजय गणपति के दिशा-निर्देशन में थाना पाटी के पूनाकोट जैरोली और थाना तामली के अमनी गांव में यह अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति सजग रहने, विपरीत परिस्थितियों में तत्काल पुलिस सहायता लेने, महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों एवं अधिकारों, साइबर अपराध से बचाव, गौरा शक्ति एप के उपयोग तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 1090 आदि की विस्तृत जानकारी दी। थानाध्यक्ष पाटी ओम प्रकाश ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत करना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा पुलिस के प्रति विश्वास को और गहरा करना है। कहा कि यह कार्यक्रम चम्पावत पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। इसका लाभ समाज को मिलेगा।


पाटी में महिलाओं को जागरूक करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

---

### लटकते बिजली तारों को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग

**बनबसा :** सभासद काजल रत्नाकर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर वार्ड संख्या 5 की समस्या के निस्तारण करने की मांग की।

सभासद ने ज्ञापन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कहा कि उनके वार्ड में जर्जर हालत में बड़े-बड़े पेड़ हैं जिनके गिरने से जान-माल के भारी नुकसान की संभावना है। उन्होंने इन पेड़ों के काटने की मांग की है, वहीं उपखंड अधिकारी को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि बिजली के लटकते तारों से जानमाल के नुकसान की आशंका बनी है, उन्होंने खंभे लगाकर बिजली तारों को दुरुस्त करने की मांग की है।

---

## लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारण

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सीडीओ रामजी शरण शर्मा ने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण व योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में बैंकों एवं विभागों के मध्य समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समयबद्ध निस्तारण की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सीडीओ ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके। इसके अलावा बैठक में स्वरोजगार योजना 2.0 के अंतर्गत लंबित कार्यों के शीघ्र निस्तारण, पर्यटन क्षेत्र से संबंधित पहलों की प्रगति, आवश्यक दस्तावेजों की समय पर पूर्ति तथा दीन दयाल उपाध्याय ग्राम विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश दिए गए। यहां बैठक में परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण के एन तिवारी, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक लेते सीडीओ रामजी शरण शर्मा।

---

### 92 वाहनों का किया चालान, 2 सीज

**हल्द्वानी :** परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने गौला खनन क्षेत्र के विभिन्न गेटों पर चेकिंग अभियान चलाया। इसके साथ ही टीम ने नदी क्षेत्र, क्रेशर और धर्मकांटा का निरीक्षण कर वन निगम की कार्यप्रणाली को समझा।

इस दौरान खनन में लगे वाहनों को अंडरलोड चलाने को लेकर जरूरी सुझाव दिए। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर 92 वाहनों के चालान किए गए, जबकि 2 वाहनों को सीज किया गया। टीम ने बरेली बाईपास फ्लाईओवर से गौलापार की ओर रांग साइड आने वाले वाहनों की विशेष चेकिंग की। इसके अलावा शीशमहल गेट सहित अन्य जगहों पर भी चेकिंग की। आरटीओ प्रवर्तन अरविंद पांडे ने जनता से सड़क सुरक्षा और नियमों का पालन करने की अपील की।

---


एसएसबी मुख्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित करते अधिकारी और जवान। ● अमृत विचार

### गांधी की पुण्यतिथि पर किया शहीदों का स्मरण

**रानीखेत, अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय रानीखेत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को 'शहीद दिवस' के रूप में श्रद्धा व गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं जवानों ने देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को याद किया। मुख्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बिगुल की धुन के साथ दो मिनट का मौन रखा गया। सभी कार्मिकों ने मौन धारण कर बापू एवं वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जवानों ने सत्य व अहिंसा के सिद्धांतों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। उप महानिरीक्षक दुर्गा बहादुर सोनार ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी हमें अनुशासन, शांति और धैर्य की सीख देते हैं। उन्होंने सामाजिक समरसता और राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. ओबी सिंह, देबासिस पाल, कुमार सुंदरम, अनिल कुमार जोशी, प्रभाकर, संजीव डिमरी, राहुल कुमार राय सहित अधिकारी व कर्मचारी रहे।

---

**स्मरण** | **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया याद, जिलेभर के कार्यालयों में शहीद पर हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम, राष्ट्र सेवा में तत्पर रहने का लिया संकल्प**

## जिले में अमर शहीदों का भावपूर्ण स्मरण, श्रद्धांजलि दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिलेभर में स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया गया।

शुक्रवार को शहीद दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कार्यालयों में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर देश के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन किया गया। वहीं, कार्यक्रम के माध्यम से सभी ने शहीदों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। इधर, पुलिस कार्यालय में भी देश की स्वतंत्रता में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद किया गया। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कहा कि अमर सेनानियों की शहादत से ही आज हम आजाद हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी गई। उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है।


अल्मोड़ा में पुलिस जवानों ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। ● अमृत विचार


बाराकोट स्वास्थ्य केंद्र में शोक सभा में मौजूद स्वास्थ्य कर्मचारी। ● अमृत विचार

### शहीद दिवस पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

**बागेश्वर :** शहीद दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में डीएम आकांक्षा कोंडे, एडीएम एनएस नबियाल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के त्याग व बलिदान को नमन किया।

### स्वास्थ्य केंद्रों में रखा दो मिनट का मौन

**टनकपुर/चम्पावत :** शहीद दिवस पर चम्पावत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्य कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी सामान्य कार्य एवं गतिविधियां अस्थायी रूप से स्थगित रहीं। जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. देवेश चौहान भी मौन में शामिलि हुए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधीक्षकों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सकों, कर्मचारियों ने भी बलिदानियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।



हमें बीते हुए समय के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, न ही हमें भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। विवेकशील लोग केवल वर्तमान क्षण में ही जीते हैं।

**-चाणक्य**, दार्शनिक

# सुखद आर्थिक संकेत

आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 एक ऐसे समय में आया है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार विखंडन और वित्तीय अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे विकट समय में यह सुखद है कि 7.4% वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान भारत को लगातार चौथे वर्ष सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करता है। यह उपलब्धि भारतीय बाजार के आत्मविश्वास को मजबूत करती है, किंतु इसके सामाजिक और संरचनात्मक आयामों का संतुलित मूल्यांकन आवश्यक है। मांग और निवेश विकास का दोहरा इंजन है। ऐसे में निजी उपभोग का 7% की वृद्धि यह संकेत देती है कि अपेक्षाकृत कम मुद्रास्फीति और स्थिर रोजगार ने क्रयशक्ति को सहारा दिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि की मजबूती और शहरी क्षेत्रों में मांग का आधार विस्तृत हुआ है। सकल स्थिर पूंजी निर्माण में 7.8% वृद्धि और पूंजीगत व्यय का 4% तक पहुंचना अवसंरचनात्मक विकास को बल देगा, जिससे भविष्य में निर्माण, स्टील, सीमेंट और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों को लाभ होगा, हालांकि उच्च सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के साथ राज्यों का बढ़ता राजकोषीय घाटा जो तकरीबन सवा तीन फीसद है, चिंताजनक है। दीर्घकालिक वित्तीय अनुशासन के लिए यह एक चेतावनी है। यदि विकास ऋण-निर्भर हो जाए, तो भविष्य में ब्याज भार सामाजिक व्यय को सीमित कर सकता है। बैंकों का बट्टा खाता या जीएनपीए 2.2% और निवल एनपीए 0.5% तक गिरना वित्तीय क्षेत्र की सुदृढ़ता का संकेत है। 55 करोड़ जनधन खाते, 36 लाख करोड़ से अधिक मुद्रा ऋण वितरण और 21.6 करोड़ डीमैट खाते इस क्षेत्र की स्थिरता और समावेशन सत्यापित करते हैं। यह आंकड़ा बाजार में वित्तीय भागीदारी के विस्तार को दर्शाता है कि निवेश संस्कृति और उद्यमिता को बल मिला है, हालांकि खुदरा निवेशकों की तेज़ी से बढ़ती संख्या पूंजी बाजार में अस्थिरता के जोखिम भी लाती है। सेवाओं का निर्यात 387.6 अरब डॉलर तक पहुंचना भारत की तकनीकी और पेशेवर क्षमता को दर्शाता है। परंतु माल व्यापार घाटा अभी भी चुनौती है। सेवा-आधारित वृद्धि टिकाऊ है, पर विनिर्माण के बिना व्यापक रोजगार सृजन कठिन रहेगा। रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और बागबानी क्षेत्र का विस्तार ग्रामीण आय को सहारा देते लगते हैं। पीएम-किसान के तहत 4.09 लाख करोड़ रुपये का हस्तांतरण उनकी आय सुरक्षा को मजबूत करता है, लेकिन आय-सहायता दीर्घकालिक उत्पादकता सुधार का विकल्प नहीं हो सकती। रोजगार के मोर्चे पर 56.2 करोड़ कार्यरत आबादी और विनिर्माण में 6% वृद्धि सकारात्मक संकेत तो हैं। सेमीकंडक्टर मिशन और एआई पारिस्थितिकी तंत्र दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित कर सकते हैं, परंतु तकनीकी परिवर्तन से पारंपरिक रोजगारों पर दबाव भी बढ़ेगा।

आर्थिक सर्वेक्षण एक सशक्त, विविध और लचीली अर्थव्यवस्था की तस्वीर प्रस्तुत करता है। बाजार के लिए यह विश्वास और विकास का दस्तावेज़ है, पर विकास की यह रफ्तार तभी सार्थक होगी, जब वृद्धि के लाभ समान रूप से वितरित हों, राजकोषीय अनुशासन कायम रहे और रोजगार सृजन केंद्र में रहे। अन्यथा ऊंची वृद्धि दर सामाजिक असमानता की खाई को गहरा सकती है।

**प्रसंगवश**

## नई शिक्षा नीति का बेटियों की तालीम पर असर

शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावशाली साधन रही है। नई शिक्षा नीति 2020 इसी परिवर्तन की बड़ी परिकल्पना लेकर आई, परंतु इस नीति को यदि सबसे संवेदनशील दृष्टि से देखा जाए, तो यह भारतीय बेटियों के भविष्य से गहराई से जुड़ी हुई दिखाई देती है। वर्षों से सामाजिक बंधन, आर्थिक सीमाएं, घरेलू जिम्मेदारियां और लैंगिक भेदभाव लड़कियों की शिक्षा में बाधा बनते रहे हैं। ऐसे में यह नीति केवल शैक्षिक सुधार नहीं, बल्कि उन लाखों बेटियों के लिए उम्मीद की किरण हैं, जो शिक्षा के सहारे अपने जीवन की दिशा बदलना चाहती हैं।

नई संरचना 5+3+3+4 और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर दिया गया जोर बालिकाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। अक्सर देखा गया है कि लड़कियां प्राथमिक स्तर से आगे नहीं बढ़ पातीं। अब खेल-आधारित, गतिविधि-आधारित और मातृभाषा में सीखने की प्रक्रिया, उन्हें शिक्षा से जोड़कर रखने मंद सहायक हो सकती है। जब पढ़ाई डर का विषय न होकर आनंद का अनुभव बनती है, तो परिवार भी बालिकाओं की शिक्षा के प्रति अधिक सकारात्मक होते हैं। प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर ध्यान उनकी बुनियाद को मजबूत करता है, जिससे आगे की शिक्षा उनके लिए सरल हो जाती है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षिका

इस नीति का सबसे क्रांतिकारी पहलू है लचीलापन। मल्टीपल एंट्री-एग्ज़िट, विषय चयन की स्वतंत्रता और कौशल-आधारित शिक्षा उन बालिकाओं के लिए वरदान साबित हो सकती है, जो विवाह, पारिवारिक जिम्मेदारियों या आर्थिक परिस्थितियों के कारण पढ़ाई बीच में छोड़ देती थीं। अब वे अपनी सुविधा अनुसार शिक्षा को फिर से शुरू कर सकती हैं। यह व्यवस्था शिक्षा को एक बार मिलने वाला अवसर न बनाकर जीवनभर उपलब्ध रहने वाला अवसर बनाती है। कौशल और व्यावसायिक शिक्षा पर दिया गया जोर बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अब शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि रोजगार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता से जुड़ती है। डिजिटल कौशल, कंप्यूटर शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बना सकता है। यह आत्मनिर्भरता ही उन्हें समाज में सम्मान और निर्णय लेने की शक्ति देती है। डिजिटल शिक्षा ने नई संभावनाएं खोली हैं। ऑनलाइन कक्षाएं, ई-लर्निंग सामग्री और वर्चुअल संसाधन उन बालिकाओं तक शिक्षा पहुंचा सकते हैं, जो सामाजिक कारणों से स्कूल नहीं जा पातीं। पर यही डिजिटल विस्तार एक चुनौती भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और स्मार्ट उपकरणों की कमी का सबसे अधिक प्रभाव लड़कियों पर पड़ता है। कई घरों में यदि एक ही मोबाइल है, तो उसका उपयोग पहले लड़कों को मिलता है। यह डिजिटल विभाजन बेटियों के अवसरों को सीमित कर देता है।

मातृभाषा में शिक्षा का प्रावधान बालिकाओं के लिए सहज सीख का माध्यम बनता है। वे अपनी भाषा में बेहतर समझ विकसित कर पाती हैं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। पर अभिभावकों की चिंता यह भी है कि अंग्रेज़ी की कमी भविष्य के अवसरों को सीमित कर सकती है। इस संतुलन को साधना नीति के सफल क्रियान्वयन की कुंजी है। आंकड़े बताते हैं कि प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं का नामांकन बढ़ा है, पर माध्यमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर अब भी चिंता का विषय है। कम उम्र में विवाह, घरेलू कार्यों का बोझ, सुरक्षा की चिंता और आर्थिक दबाव बालिकाओं की शिक्षा को रोक देते हैं।

# ग्रीनलैंड: शक्ति से बड़ा विज्ञान का सच





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

भू-राजनीति ने ग्रीनलैंड को अचानक वैश्विक विमर्श के केंद्र में ला खड़ा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड पर कब्जे की बयानबाज़ी से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा रहे हैं। रणनीतिक और आर्थिक कारणों का हवाला देते हुए उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका के हित में बताया है। दूसरी ओर डेनमार्क और यूरोपीय देशों ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है, जिससे राजनयिक तनाव बढ़ता दिख रहा है, लेकिन यह विशाल द्वीप किसी एक दौर की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रहा है। विज्ञान के लिए ग्रीनलैंड दशकों से एक अनोखी प्रयोगशाला रहा है, जहां पृथ्वी के अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक साथ पढ़ा जा सकता है।

उत्तरी अटलांटिक और आर्कटिक महासागर के बीच स्थित यह द्वीप क्षेत्रफल में लगभग 21.6 लाख वर्ग किलोमीटर है, यानी भारत के आकार के लगभग दो-तिहाई के बराबर, लेकिन इसकी आबादी केवल 56 हजार के आसपास है। इतनी कम जनसंख्या और विशाल बर्फीला भूभाग इसे वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए आदर्श बनाते हैं, क्योंकि यहां मानवीय हस्तक्षेप अपेक्षाकृत न्यूनतम है और प्राकृतिक प्रक्रियाएं अपेक्षाकृत शुद्ध रूप में देखी जा सकती हैं।

ग्रीनलैंड की आइस शीट लगभग 17 लाख वर्ग किलोमीटर में फैली है और औसतन इसकी मोटाई 1.5 से दो किलोमीटर तक मानी जाती है। यदि ग्रीनलैंड की पूरी बर्फ पिघला दी जाए, तो विश्व के समुद्र स्तर में लगभग सात मीटर की वृद्धि हो सकती है। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन के अध्ययन में यह क्षेत्र केंद्रीय महत्व रखता है। सेटेलाइट्स के आंकड़ों के अनुसार 1990 के दशक के बाद से ग्रीनलैंड हर साल औसतन 250 से 280 अरब टन बर्फ खो रहा है। केवल 2019 में ही लगभग 530 अरब टन बर्फ पिघली, जिसे अब तक का सबसे तेज पिघलाव माना जाता है। यह आंकड़े केवल स्थानीय परिवर्तन नहीं, बल्कि दुनिया के तटीय शहरों, द्वीपीय देशों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य से भी जुड़े हुए हैं।

ग्रीनलैंड में की जाने वाली आइस-कोर ड्रिलिंग ने पृथ्वी के जलवायु इतिहास को समझने में क्रांतिकारी योगदान दिया है। इनसे यह पता चलता है कि लाखों साल पहले वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन का स्तर कितना था और तापमान में किस तरह के उतार-चढ़ाव आए। कुछ आइस-कोर रिकॉर्ड लगभग 1.2 लाख साल पुराने हैं, जबकि नवीनतम परियोजनाओं का लक्ष्य 20 लाख साल तक पुराने जलवायु संकेतों को निकालना है। इन आंकड़ों ने यह स्पष्ट किया है कि वर्तमान समय में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर औद्योगिक युग से पहले की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक है।

जलवायु के अलावा, ग्रीनलैंड भूविज्ञान और खनिज विज्ञान के लिए भी महत्वपूर्ण है। यहां दुर्लभ खनिजों और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार होने के संकेत मिले हैं, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीक, इलेक्ट्रिक वाहनों और रिन्यूएबल एनर्जी प्रणालियों में होता है। वैज्ञानिक सर्वेक्षण बताते हैं कि ग्रीनलैंड में यूरेनियम, जिंक, निकेल, तांबा और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की संभावनाएं मौजूद हैं, हालांकि बर्फ के नीचे छिपी यह भूगर्भीय संपदा अब तक सीमित रूप में ही दोहन के योग्य रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण जैसे-जैसे बर्फ पीछे हट रही है, वैसे-वैसे भूविज्ञान के नए प्रश्न भी सामने आ रहे हैं। जैसे कि पिघलती बर्फ के नीचे की चट्टानों का व्यवहार और भूकंपीय गतिविधियों पर इसका असर।

समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में भी ग्रीनलैंड की भूमिका अहम है। यहां से निकलने वाली ठंडे मीठे पानी की धाराएं अटलांटिक महासागर की थर्मोहेलाइन सर्कुलेशन को प्रभावित करती हैं, जिसे अक्सर महासागरीय कन्वेयर बेल्ट कहा जाता है। यह प्रणाली यूरोप और उत्तरी अमेरिका की जलवायु को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अध्ययनों के अनुसार, ग्रीनलैंड से बढ़ता हुआ मीठा पानी इस परिसंचरण को धीमा कर सकता है, जिससे उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र में ठंडे और अनिश्चित मौसम की संभावना बढ़ सकती है। कुछ मॉडल बताते हैं कि यदि पिघलाव इसी गति से जारी रहा, तो इस सदी के अंत तक महासागरीय परिसंचरण की ताकत में 10 से 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है।

जीव विज्ञान और पारिस्थितिकी के लिए भी ग्रीनलैंड एक खुली प्रयोगशाला जैसा है। यहां के आर्कटिक जीव जैसे ध्रुवीय भालू, सील, व्हेल और माइक्रोस्कोपिक प्लवक जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। समुद्री तापमान में मामूली वृद्धि और बर्फ के घटते क्षेत्र का सीधा असर इनके जीवन चक्र पर पड़ता है। उदाहरण के लिए हाल के अध्ययनों में पाया गया है कि बर्फ के पिघलने से समुद्री शैवाल और प्लवक की मौसमी वृद्धि का समय बदल रहा है, जिसका प्रभाव पूरी खाद्य श्रृंखला पर पड़ता है। यह परिवर्तन स्थानीय समुदायों की आजीविका और पारंपरिक जीवन शैली को भी प्रभावित कर रहा है।

ग्रीनलैंड में वैज्ञानिक अनुसंधान का एक सामाजिक आयाम भी है। यहां की इनुइट आबादी (इनुइट कनाडा, ग्रीनलैंड, अलास्का और रूस के आर्कटिक क्षेत्रों में रहने वाले स्वदेशी लोग हैं) सदियों से बर्फ, समुद्र और मौसम के सूक्ष्म संकेतों के आधार पर जीवन यापन करती आई है। आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान के मेल से पर्यावरणीय परिवर्तनों को अधिक गहराई से समझने की कोशिश की जा रही है। कई अनुसंधान परियोजनाओं में स्थानीय समुदायों को सक्रिय भागीदार बनाया गया है, ताकि आंकड़ों के साथ अनुभवजन्य ज्ञान भी संरक्षित रह सके।

आज जब भू-राजनीति ग्रीनलैंड को रणनीतिक ठिकानों, समुद्री मार्गों और संसाधनों के नजरिए से देख रही है, तब यह याद रखना जरूरी है कि यह द्वीप पहले से ही विज्ञान का एक मौन साक्षी रहा है। यहां की बर्फ में पृथ्वी का इतिहास दर्ज है।

> विज्ञान के लिए ग्रीनलैंड दशकों से एक अनोखी प्रयोगशाला रहा है, जहां पृथ्वी के अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक साथ पढ़ा जा सकता है।

**आमने** **सामने**



अपनी किताबों में लोग छपवाते हैं कि कोई लोदी है तो कोई गजनी है ये सब हिन्दुस्तानी लुटेरे थे। ये बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोग कहते हैं कि उन्होंने ये तोड़ दिया और वो तोड़ दिया। सब हिन्दुस्तानी थे।

**-हामिद अंसारी**
पूर्व उपराष्ट्रपति

अंसारी की टिप्पणी कोई अलग घटना नहीं है, बल्कि यह उस पैटर्न का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस से जुड़े लोग बार-बार भारत के मध्यकालीन इतिहास को साफ-सुथरा दिखाने का प्रयास करते हैं। शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा नेता बताने के बाद अब कांग्रेस इकोसिस्टम महमूद गजनवी जैसे शासक का महिमामंडन कर रहे हैं।

**-शहजाद पूनावाला**, भाजपा प्रवक्ता



# मुद्राओं की कमजोरी व सोना-चांदी का बढ़ता प्रभुत्व



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

सोना-चांदी की ऐतिहासिक ऊंचाईयां केवल बाजार की खबर नहीं, बल्कि बदलती हुई वैश्विक चेतना का स्पष्ट संकेत हैं। यह तेजी किसी अचानक उत्साह का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे समय से जमा होते असुरक्षा और अविश्वास का विस्फोट हैं। जब दुनिया का आर्थिक तंत्र डगमगाने लगता है, तब निवेशक लाभ की संभावनाओं से अधिक सुरक्षा की तलाश में निकल पड़ते हैं। आज वही स्थिति दिखाई दे रही है। शेयर बाजारों की अस्थिरता और मुद्राओं की कमजोरी ने लोगों को सदियों पुराने भरोसे की ओर लौटने के लिए मजबूर किया है। सोना और चांदी की चमक दरअसल इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक व्यवस्था पर विश्वास कमजोर पड़ चुका है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव इस तेजी की सबसे बड़ी वजह बनकर उभरे हैं। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध की नई परतें, यूरोप की राजनीतिक अस्थिरता, मध्य पूर्व में लगातार सुलगते संघर्ष और लैटिन अमेरिका के संकट ने वैश्विक बाजारों में भय का वातावरण बना दिया है। निवेशक अब यह मानने लगे हैं कि आने वाला समय टकराव और अनिश्चितता से भरा हो सकता है। ऐसे माहौल में जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियां आकर्षण खो देती हैं। पूंजी स्वभाव से ही डरपोक होती है और खतरे की आहट मिलते ही सुरक्षित ठिकानों की ओर भागती है। सोना और चांदी इसी डर का स्वाभाविक आश्रय बनते हैं। यह तेजी बताती है कि दुनिया स्थिरता नहीं बल्कि सुरक्षा खोज रही है।

केंद्रीय बैंकों की रणनीति ने इस प्रवृत्ति को और मजबूती प्रदान की है। जब देश अपनी मुद्रा और आर्थिक संप्रभुता को लेकर चिंतित होते हैं, तब वे सोने की ओर लौटते हैं। बड़े पैमाने पर सोने की खरीद केवल निवेश नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश होती हैं। यह संकेत देता है कि वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में तनाव बढ़ सकता है। जब केंद्रीय बैंक सोने को प्राथमिकता देते हैं, तब बाजार को यह स्पष्ट संदेश मिलता है कि भविष्य में मुद्रा जोखिम गहरा सकता है। आम निवेशक भी इस संकेत को समझता है और उसी दिशा में कदम बढ़ाता है। इस सामूहिक विश्वास से कीमतें केवल मांग के कारण नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक मजबूती के कारण भी बढ़ती हैं।

चांदी की तेजी इस पूरी कहानी में एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती हैं। यह धातु अब केवल सुरक्षित निवेश का साधन नहीं रही, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की अनिवार्य जरूरत बन चुकी है। सौर ऊर्जा इलेक्ट्रिक वाहन डिजिटल उपकरण और औद्योगिक उत्पादन में चांदी की मांग तेजी से बढ़ रही है। वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन ने इसकी उपयोगिता को कई गुना बढ़ा दिया है। दूसरी ओर आपूर्ति सीमित है, जिससे कीमतों पर दबाव स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। निवेशक अब चांदी को केवल संकट में सुरक्षा नहीं, बल्कि भविष्य के विकास का माध्यम भी मान रहे हैं। यही दोहरी भूमिका इसकी कीमतों को और अधिक अस्थिर, लेकिन आकर्षक बना रही है।

आर्थिक अनिश्चितता और मौद्रिक नीतियों की दुविधा ने इस उछाल को और गहराई दी है। मुद्रास्फीति की मार और ब्याज दरों को लेकर असमंजस ने कागजी मुद्रा की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब लोगों को लगता है कि उनकी मुद्रा धीरे-धीरे मूल्य खो रही है, तब वे ठोस संपत्तियों की ओर रुख करते हैं। सोना और चांदी इस संदर्भ में मूल्य संरक्षण का सबसे पुराना और भरोसेमंद साधन माने जाते हैं। यह केवल आर्थिक गणना नहीं, बल्कि मानसिक सुरक्षा की तलाश है। लोग भविष्य को लेकर चिंतित हैं और वर्तमान में अपने धन को सुरक्षित रखना चाहते हैं। यही भावना इस रिकॉर्ड तेजी की असली ऊर्जा बन चुकी है।

भारतीय बाजार में इस तेजी का प्रभाव केवल निवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जीवन को भी गहराई से प्रभावित कर रहा है। सोना भारतीय संस्कृति में केवल धातु नहीं, बल्कि परंपरा और भावनाओं का प्रतीक है। शादी विवाह और त्योहारों से जुड़ी उम्मीदें अब महंगाई की दीवार से टकरा रही हैं। आम परिवार के लिए आभूषण खरीदना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। इसके बावजूद निवेश के स्तर पर यह समय अवसर भी प्रस्तुत करता है। डिजिटल गोल्ड सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड और अन्य वित्तीय विकल्पों ने निवेश को पहले से अधिक सुलभ बना दिया है। लोग धीरे-धीरे भौतिक संग्रह से अधिक वित्तीय सुरक्षा की ओर बढ़ रहे हैं।

इतनी ऊंची कीमतों पर निवेश करते समय सावधानी अनिवार्य हो जाती है। बाजार भावनाओं से चलता है और भावनाएं तेजी से बदल सकती हैं। वैश्विक तनाव यदि किसी मोड़ पर कम होता है, तो कीमतों में उतार-चढ़ाव भी आ सकता है, इसलिए विवेक संतुलन और दीर्घकालिक दृष्टि सबसे जरूरी है। सोना और चांदी को त्वरित लाभ के साधन के बजाय सुरक्षा कवच के रूप में देखना अधिक उचित होगा। यह समय लालच से अधिक समझदारी की परीक्षा है। जो निवेशक भावनाओं के बजाय रणनीति के साथ कदम रखेंगे, वही इस दौर से लाभ उठा पाएंगे।

> सोना-चांदी की ऐतिहासिक ऊंचाइयां केवल बाजार की खबर नहीं, बल्कि बदलती हुई वैश्विक चेतना का स्पष्ट संकेत हैं।

**सोशल फोरम**

## आदर की परंपरा

किसी के आगे झुककर उसे 'आदर' देना मनुष्यों द्वारा बनाई गई एक क्रिया मात्र है। ये हम मनुष्यों ने बनाया है। जैसे हमने भाषा बनाई। दुनिया में बहुत सारी सभ्यताएं और प्रांत हैं, जहां किसी को आदर देने की बड़ी अलग-अलग क्रियाएं हैं। जैसे- केनिया का मसाई कबीला किसी पर थूक कर उसे आदर और सम्मान देता है। दुनिया में पहले बहुत सारे कबीलों का आदर और सत्कार का तरीक़ा बिल्कुल अलग-अलग हुआ करता था, मगर जैसे-जैसे मनुष्य अपने कबीलों को छोड़कर शहरों, प्रांतों और देशों में बसने लगा, उसने आदर प्रकट करने की यूनिवर्सल प्रक्रिया को मानना शुरू कर दिया। आजकल हमारी ज्यादातर सामाजिक क्रियाएं और परंपराएं वही हैं, जो लगभग हर देशों और प्रांतों में मान्य हैं।



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

अगर आप किसी ईश्वर के आगे झुक रहे हैं और उसे ये पसंद आ रहा है तो वो ईश्वर आप ही के जैसा नहीं हुआ? अगर मसाई कबीले का ईश्वर होता तो वो आपको थूकने का हुक्म देता या किसी और परंपरा का, वो ईश्वर होता तो उस हिसाब से आपसे आदर मांगता। जैसे अरब के लोग झुक कर प्रार्थना करते हैं और अपने ख़ुदा को आदर देते हैं।

आप किसी भी धर्म को मानते हैं या किसी भी ईश्वर की आराधना करते हैं, आप जो भी करते हैं सब खुद से बनाई और स्वयं से समझी गई परंपराएं और क्रियाओं का निर्वहन करते हैं। जैसे आप भिंडी को भिंडी बोलते हैं और अंग्रेज़ उसे 'ओकरा' या 'लेडी फिंगर'। आप किसी अंग्रेज़ के सामने अगर 'भिंडी' कहेंगे और उसे हिंदी नहीं आती है तो वो उसे समझ नहीं आएगा। ऐसे ही आपका बनाया ईश्वर है। आप उसके आगे झुकेंगे, अरबी या संस्कृत में बात करेंगे, तभी वो समझेगा.. नहीं तो वो नहीं समझेगा।

आपका ईश्वर आपका ही प्रतिबिंब होता है। आप कितना भी कहें कि वो सर्वव्यापी है। ये है वो है, वो सब आप ही हैं। सर्वव्यापी और बाकी सारी भाषाएं और परिभाषाएं आपकी ही बनाई हुई हैं और आप उसी गुणों को धारण करने वाले को ईश्वर बोलते हैं। आप ने ही उसे ये धारण करवाई है और आपने ही उसे आदर सूचक क्रिया 'झुकना' को ही एकमात्र आदर समझाया है। कोई आपके सामने झुके तो आप खुश होते हैं, इसलिए आप सोचते हैं कि आपका ईश्वर भी ख़ुश हो रहा होगा, जबकि झुकने को आप ही आदर समझते हैं, दुनिया का कोई अन्य प्राणी नहीं!

**-फेसबुक वॉल से**

**सामयिकी**

## एविएशन सेक्टर में ठोस कदम उठाने की जरूरत

हवाई यात्रा को लंबे समय तक सबसे सुरक्षित यात्रा माध्यम माना जाता रहा है। आंकड़े भी यही गवाही देते हैं कि सड़क, रेल और जलमार्ग की तुलना में विमान दुर्घटनाएं कहीं कम होती हैं। आधुनिक तकनीक, कड़े सुरक्षा मानक, प्रशिक्षित पायलट और अत्याधुनिक एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम ने हवाई यात्रा को भरोसेमंद बनाया है। इसके बावजूद, पिछले कुछ वर्षों से एविएशन सेक्टर पर लगातार सवाल उठने लगे हैं। रह-रहकर सामने आ रही हवाई दुर्घटनाएं इस भरोसे को झकझोर रही हैं।

इन दुर्घटनाओं के पीछे कई कारण छिपे हैं। कहीं तकनीकी खामियां जिम्मेदार हैं, तो कहीं मानवीय चूक। कई बार विमान का रख-रखाव तय मानकों के अनुसार नहीं होता, तो कभी पायलटों पर बढ़ता कार्य दबाव और लंबी ड्यूटी भी दुर्घटनाओं का कारण बन जाती हैं। मौसम की अनदेखी, एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट में लापरवाही और सुरक्षा नियमों में ढील भी खतरे को बढ़ा देती है। निजीकरण और मुनाफे की होड़ ने कई बार सुरक्षा को दूसरे पायदान पर खड़ा कर दिया है और यही सबसे बड़ा खतरा है।



सुनील कुमार महला
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे देश में सड़क दुर्घटनाएं पहले से ही एक गंभीर समस्या हैं, जहां हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं। रेल और जल दुर्घटनाएं भी कम नहीं हैं, लेकिन जब विमान दुर्घटनाएं होती हैं, तो वे समाज को ज्यादा झकझोरती हैं, क्योंकि आम धारणा यही रही है कि आसमान में यात्रा सबसे सुरक्षित है। ऐसी घटनाएं यह एहसास कराती हैं कि जीवन आज कहीं भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है।

हाल ही में महाराष्ट्र के बारामती में हुए एक दुखद विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। यह पहला अवसर नहीं है, जब किसी बड़े राजनीतिक नेता की मृत्यु विमान या हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई हो। गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून 2025 को एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का निधन हुआ। 8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर के पास हुए हेलिकॉप्टर हादसे में भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की मृत्यु हो गई थी। 30 अप्रैल 2011 को अरुणाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दोरजी खांडू और चार अन्य लोगों की मृत्यु उस समय हो गई, जब उन्हें तवांग से ईटानगर ले जा रहा हेलिकॉप्टर पश्चिमी कामेंग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

वर्ष 2005 में उद्योगपति और हरियाणा के मंत्री ओम प्रकाश जिंदल तथा कृषि मंत्री सुरेंद्र सिंह की भी एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी, जिन्हें वाईएसआर के नाम से जाना जाता था, की दो सितंबर 2009 को एक हेलिकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधवराव सिंधिया की 30 सितंबर 2001 को एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हुई थी। 23 जून 1980 को संजय गांधी की भी एक हवाई दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, जब वे दिल्ली फ्लाइंग क्लब का विमान उड़ा रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष और तेलुगु देशम पार्टी के नेता जीएम सी बालयोगी की तीन मार्च 2002 को हेलिकॉप्टर दुर्घटना में जान चली गई थी।

इन सभी घटनाओं ने भारत में तेजी से बढ़ते एविएशन सेक्टर की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। दुर्घटनाएं पूरी तरह टाली नहीं जा सकतीं। अधिकांश हादसे ऐसे होते हैं, जिन्हें समय रहते सावधानी, सख्त निगरानी और नियमों के ईमानदार पालन से काफी हद तक रोका जा सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# इतिहास व रहस्य का संगम लेपाक्षी

लेपाक्षी मंदिर आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के एक छोटे से गांव में है, जिसे लेपाक्षी गांव के नाम से ही जाना जाता है। इसके सबसे पास का शहर हिंदूपुर है। यह हिंदूपुर शहर से 15 किलोमीटर पूर्व में तथा बेंगलुरु के 120 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। मंदिर को कुर्म सैला के विशाल पहाड़ों के बीच चट्टान को काटकर ग्रेनाइट के पत्थरों की सहायता से बनाया गया है। यह पहाड़ एक कछुए के आकार में हैं, इसलिए इन्हें कुर्म सैला/ कुर्मासेलम के नाम से जाना जाता हैं। संस्कृत भाषा में कछुए को कुर्म कहा जाता है।



अजय त्रिवेदी
उप निदेशक युवा कल्याण

## कुर्म सैला की गोद में बसा मंदिर

लेपाक्षी मंदिर कुर्म सैला नामक पहाड़ियों के बीच स्थित है। ये पहाड़ कछुए के आकार के हैं, इसलिए इन्हें कुर्म सैला या कुर्मासेलम कहा जाता है। संस्कृत में 'कुर्म' का अर्थ कछुआ होता है। मंदिर का निर्माण इन विशाल चट्टानों को काटकर ग्रेनाइट पत्थरों से किया गया है। पहली दृष्टि में ही यह स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शिल्प और स्थापत्य का जीवंत इतिहास है।

## रामायण से जुड़ी अमर कथा

लेपाक्षी की पहचान रामायण काल की एक अत्यंत करुण और वीर गाथा से जुड़ी है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण और माता सीता के साथ वनवास के अंतिम चरण में यहां ठहरे थे। इसी दौरान रावण ने मारीच की सहायता से माता सीता का अपहरण किया। पुष्पक विमान से लंका ले जाते समय यह दृश्य जटायु ने देख लिया। जटायु ने रावण से आकाश में भीषण युद्ध किया, लेकिन अंततः रावण ने उसका एक पंख काट दिया। घायल जटायु राम नाम लेते हुए इसी भूमि पर गिर पड़े। जब श्रीराम माता सीता की खोज में यहां पहुंचे, तो उन्होंने जटायु को कराहते हुए पाया।



## 'ले-पाक्षी' से बना लेपाक्षी

श्रीराम ने जटायु का सिर अपनी गोद में रखा और बार-बार "ले पाक्षी, ले पाक्षी" कहते रहे, जिसका तेलुगु भाषा में अर्थ है- 'उठो पक्षी।' जटायु ने माता सीता के अपहरण की पूरी कथा सुनाई और श्रीराम की गोद में ही अपने प्राण त्याग दिए। श्रीराम ने पुत्रवत जटायु का अंतिम संस्कार किया। तभी से इस स्थान का नाम लेपाक्षी पड़ा और मंदिर लेपाक्षी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ।




## विश्व का विशाल एकाश्म शिवलिंग

लेपाक्षी मंदिर में स्थित स्वयंभू शिवलिंग को विश्व का सबसे बड़ा एकाश्म शिवलिंग माना जाता है। इसे एक ही चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसके पीछे सात मुखों वाला विशाल शेषनाग विराजमान है, जो मंदिर को और भी दिव्य, भव्य और रहस्यमय बना देता है। लेपाक्षी की यात्रा केवल एक मंदिर दर्शन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, रामायण की गाथा और प्राचीन स्थापत्य से साक्षात्कार है। यहां हर पत्थर, हर स्तंभ और हर कथा इतिहास और आस्था की कहानी कहती है। लेपाक्षी से लौटते समय मन में यही भाव रहता है कि कुछ स्थल केवल देखे नहीं जाते, वे भीतर तक उतर जाते हैं।

## स्वयंभू शिवलिंग और प्राचीन मान्यताएं

लेपाक्षी मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन माना जाता है, जिसकी जड़ें सतयुग से जोड़ी जाती हैं। मान्यता है कि यहां स्थित स्वयंभू शिवलिंग की स्थापना महर्षि अगस्त्य ने की थी। रामायण काल में दो और शिवलिंग स्थापित किए गए—एक भगवान श्रीराम द्वारा और दूसरा भक्त हनुमान द्वारा। लंबे समय तक ये शिवलिंग खुले आकाश के नीचे रहे और बाद में मंदिर का निर्माण हुआ।



## वीरभद्र और शक्ति की उपासना

दक्ष प्रजापति के यज्ञ और माता सती के आत्मदाह के बाद भगवान शिव के रूद्र रूप वीरभद्र के प्रकट होने की कथा भी इस मंदिर से जुड़ी है। मान्यता है कि महर्षि अगस्त्य ने भगवान शिव के इसी वीरभद्र रूप को समर्पित विशाल शिवलिंग और मंदिर का निर्माण यहां करवाया था, जिससे यह स्थान शक्ति और तपस्या का केंद्र बन गया।

## माता सीता का चरणचिह्न

मंदिर परिसर में एक विशाल पैर की छाप दिखाई देती है, जिसे माता सीता का चरणचिह्न माना जाता है। लोक मान्यता के अनुसार जब रावण माता सीता को लंका ले जा रहा था और जटायु घायल होकर यहां गिरे थे, तब माता सीता ने श्रीराम को संदेश देने के लिए यह छाप छोड़ी थी। इस स्थान पर खड़े होकर रामायण की करुण कथा मानो सजीव हो उठती है।





## विजयनगर काल का स्थापत्य वैभव

16 वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य के दौरान विरुपन्ना और विरन्ना नामक दो भाइयों ने इस विशाल मंदिर का निर्माण करवाया। मंदिर की स्थापत्य शैली, नक्काशी, स्तंभ और भित्ति-चित्र विजयनगर कला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मंदिर निर्माण की तिथि को लेकर मतभेद हैं, लेकिन सामान्यत: इसका निर्माण 1520 से 1585 ईस्वी के बीच पूर्ण माना जाता है। कहा जाता है कि मंदिर की अद्भुत बनावट के पीछे कुछ रहस्यमयी शक्तियों का भी योगदान रहा है, क्योंकि इसकी संरचना आज भी इंजीनियरों और स्थापत्य विशेषज्ञों को चकित करती है।

## नृत्य मंडप और झूलता हुआ स्तंभ

विजयनगर काल में मंदिर के भीतर भव्य नृत्य मंडप का निर्माण किया गया। मान्यता है कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह इसी स्थान पर हुआ था। नृत्य मंडप कभी 70 स्तंभों पर टिका हुआ था। यहां का सबसे बड़ा रहस्य है हैंगिंग पिलर एक ऐसा स्तंभ, जो धरती से कुछ सेंटीमीटर ऊपर उठा हुआ है। 1902 ईसवी में एक अंग्रेज इंजीनियर हैमिल्टन ने इसका रहस्य जानने का प्रयास किया, जिससे एक स्तंभ ऊपर उठ गया, लेकिन टूटा नहीं। आज भी श्रद्धालु इसके नीचे से कपड़ा निकालने का प्रयास करते हैं और इसे मनोकामना पूर्ति से जोड़ते हैं।

# कभी एशिया की सबसे बड़ी कंपनी थी केमू

उत्तराखंड के कुमाऊं में अंग्रेजों द्वारा मोटर मार्ग बनाने से पहले बैलगाड़ी ही यातायात का प्रमुख साधन हुआ करती थी। बैलगाड़ी वाले मार्ग प्रमुख रूप से तीन थे, जिन्हें ' कोर्ट रोड ' कहा जाता था। 1911 में नैनीताल तक सड़क का निर्माण हुआ, तो 1915 में हल्द्वानी से नैनीताल के मध्य यातायात शुरू हुआ। 1920 में मोटर यातायात को अल्मोड़ा से रानीखेत तक बढ़ाया गया। 1921 से 1938 तक कुमाऊं में 13 मोटर कंपनियां पंजीकृत थी, जिनमें मुख्य रूप से हिल मोटर ट्रांसपोर्ट, हरवंश ट्रांसपोर्ट , फौंसिका ट्रांसपोर्ट, नैनीताल मोटर ट्रांसपोर्ट, कुमाऊं मोटर सर्विस कंपनी आदि थी। इन तेरह कंपनियों को आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण हानि उठानी पड़ती थी। अधिकतर कंपनियां घाटे में थी। 1939 में घाटे के कारण नैनीताल मोटर ट्रांसपोर्ट कंपनी डूब गई।



दीपक नौगांई
शिक्षक


घाटे को देखते हुए इन सभी कंपनियों ने एकीकरण का निर्णय लिया और 1939 में कुमाऊं मोटर्स ऑनर्स यूनियन लिमिटेड (केमू) की स्थापना हुई। एक दौर में यह कंपनी एशिया की सबसे बड़ी निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी मानी जाती थी।

केमू की स्थापना में ट्रांसपोर्ट कंपनियों के मालिकों के अलावा कई स्थानीय लोगों का भी सहयोग था, जिनमें गोविंद बल्लभ पंत प्रमुख थे। शुरुआत में केमू के महाप्रबंधक काठगोदाम निवासी एंग्लो इंडियन ईजेड फौंसिका थे। उन्होंने कंपनी को आगे बढ़ाने में काफी मेहनत की और नई बसों का बेड़ा जोड़कर कंपनी को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वे काठगोदाम स्थित फौंसिका स्टेट में रहा करते थे, जहां कंपनी का ऑफिस भी था। बाद में उन्होंने अपनी जमीन स्कूल और चर्च के निर्माण हेतु दान में दे दी। देवीदत्त तिवारी केमू के पहले सचिव थे, जबकि हरवंश सिंह और लाला बालमुकुंद कंपनी के डॉयरेक्टर थे। बाद में यह कार्यालय काठगोदाम स्थित नरीमन भवन में स्थानांतरित कर दिया गया, जो आज भी वही से संचालित किया जा रहा है। यह भवन मुंबई से आए पासरी नरीमन द्वारा बनाया गया था। केमू कार्यालय की दो शाखाएं रामनगर और टनकपुर में भी खोली गईं। कभी केमू कंपनी में 250 के आसपास वाहन थे। हजारों लोगों को केमू ने रोजगार दिया, तो लोगों को कुमाऊं के दूरस्थ इलाकों तक भी पहुंचाया, लेकिन धीरे-धीरे चुनौतियां बढ़ती गईं। सरकारी परिवहन की बसों की संख्या बढ़ने और उन्हें मुनाफे वाले रास्तों में चलाने के कारण केमू की आय घटती गई और कंपनी घाटे में जाने लगी, लेकिन इन सबके बावजूद केमू का महत्व आज भी बरकरार है।



केमू को आज भी पहाड़ों की लाइफलाइन माना जाता है, जो कठिन और दुर्गम रास्तों में बसें चलाती हैं। खड़ी चढ़ाइयों, तंग सड़कों और कठिन मौसम का सामना करते हुए ये बसें लोगों को उन गांवों तक पहुंचाती हैं, जहां अभी भी रोडवेज या निजी परिवहन सेवा उपलब्ध नहीं है।

# ज्वाइनिंग की जद्दोजहद और सीनियरिटी की दौड़



## जॉब का पहला दिन

यूं तो नौकरी में लगभग 23 वर्षों का समय गुजर गया है, किंतु उस समय की कुछ धुंधली यादें आज भी जहन में हैं, जिन्हें आपसे साझा कर रहा हूं। सुबह-सुबह डाकिया महोदय घर आए और उन्होंने नियुक्ति आदेश की प्रति प्राप्त कराई, तो जैसे लगा कि दुनिया की सारी खुशियां मिल गईं। झट से हम भी सीधे सीएमओ कार्यालय गए और वहां से मेडिकल कराया तथा बगल में बीएनएसडी इंटर कालेज, कानपुर नगर गए, जहां से इंटर तक शिक्षा प्राप्त की थी, वहां के प्रधानाचार्य महोदय से चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। सारे काम इतनी तेज गति से किए गए कि 11:30 बजे प्रातः ज्वाइनिंग लेने अपर जिलाधिकारी (नगर) के कार्यालय पहुंचे, तो जानकारी दी गई कि वह नहीं हैं, तो अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महोदय के कार्यालय पहुंचे और ज्वाइनिंग लेटर के साथ चिकित्सीय प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण-पत्र (जैसाकि नियुक्ति आदेश में अंकित था) प्रस्तुत किया। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महिला अधिकारी थीं, उन्होंने घूरते हुए मुझे देखा और कहा कि इतनी जल्दी कैसे करा लाए? उन्होंने प्रस्तुत चरित्र प्रमाण-पत्र मानने से इंकार किया कहा कि मैं इसको नहीं मानती। जिलाधिकारी कार्यालय में ही तैनात बनारसी तिवारी से मेरे पूर्व के गुरु-चेला के संबंध थे, तो उन्होंने मेरी मदद की और दो चरित्र प्रमाण-पत्र अन्य अधिकारियों से तत्काल बनवा दिए।



नितिन प्रकाश गुप्ता
कानपुर


आधे घंटे के अंदर फिर मैं मैडम के कक्ष में पहुंच गया। मैडम फिर बोलीं मैं ये भी नहीं मानूंगी। मैडम के चैंबर में अन्य लोग भी बैठे थे, उनके सामने मैडम से थोड़ी सी बहस भी हो गई, क्योंकि मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैडम जानबूझकर मुझे ज्वाइन नहीं कराना चाह रही हैं। मैडम भी आगबबूला हो गईं। मैंने फिर कहा कि अब आप जिन अधिकारीगण को बता दें, मैं उनसे ही बनवाकर ले आता हूं। पब्लिक में से कुछ लोग मेरी ओर से बोले कि मैडम इस लड़के ने चार कैरेक्टर दे दिए हैं और कहां से लाएगा? मेरी कोशिश थी कि मेरी ज्वाइनिंग उसी दिन हो जाए ताकि सीनियरटी का फायदा मिल जाए। तब मैडम बोलीं अच्छा जाओ दो और बनवाकर ले आओ। अगर 4 बजे तक आ जाओगे तो ज्वाइनिंग दे दूंगी नहीं तो अगले दिन ही ज्वाइन करना।

तिवारी जी ने पुनः मेरी मदद की और दो चरित्र प्रमाण-पत्र अपने निकटस्थ अधिकारीगण से बनवा दिए। मैं 3:00 बजे पुनः मैडम के सामने पेश हो गया और कहाकि आपके कहे अनुसार दो और बनवा लाया हूं। मैंडम ने फिर घूरते हुए मेरे ज्वानिंग लेटर पर अनुमति प्रदान कर दी। कुल मिलाकर पहला दिन सिर्फ ज्वाइनिंग की जद्दोजहद में ही निकल गया। ज्वाइनिंग के बाद ऑफिस के वरिष्ठ साथियों से मिला। बाद में ये जानकारी हुयी कि मैडम किसी और की ज्वाइनिंग पहले कराना चाहती थीं ताकि उसे सीनियरटी मिल सके, लेकिन मेरे सतत प्रयास से ऐसा हो न सका। खैर बाद में मैडम ने मेरी लगन और मेहनत को देखते हुए मुझे पूरा सपोर्ट किया और मुझे अपने लड़के की तरह मानने लगीं। इस तरह नौकरी का पहला दिन सिर्फ ज्वाइनिंग की जद्दोजहद में ही निकल गया।

# लेखन: अभिव्यक्ति की सशक्त विधा



भाषा हमारे पूर्वजों की अर्जित सामूहिक संपत्ति है। भाषा की उत्पत्ति हमारे पूर्वजों ने इसलिए की थी कि हम अपने गोपनीय मनोभावों का जो अदृश्य है, अज्ञात है, उसको सामने वाले तक पहुंचाया जा सके और साकार या दृष्य रूप में प्रस्तुत या उपस्थित किया जा सके। संदेशों का संप्रेषण किसी भी समाज में भाषा की उपस्थिति का मुख्य कारण रहा है। आज यह जरूर कहा जा रहा है कि जिस भाषा को हमारे पूर्वजों ने गोपनीयता के प्रकाशन के लिए तैयार किया था, आज उसी भाषा से हम अपने मनोभावों के गोपन का कार्य कर रहे हैं। भाषा ने अतीत, वर्तमान और भविष्य तीनों लोकों को प्रकाशित कर रखा है। भाषा में व्यक्त किए जा रहे अनुभवों एवं संवेदनाओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित-संरक्षित करने हेतु लिपि का पूर्वजों ने संज्ञान किया और भाषा को लिपिबद्ध किया। लिपिबद्ध होने पर भाषा के अंतर्गत बोलचाल या बातचीत के अतिरिक्त ज्ञान और संवेदनाओं के विस्तार के लिए ज्ञान के दो रूपों शास्त्र एवं साहित्य की परिकल्पना करते हुए विभिन्न प्रकार के शास्त्रों और साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन कार्य प्रारंभ किया गया।



## लेखन जगत की अनिवार्यता

पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन एवं पुस्तकों के संपादन के साथ ही 'संपादकीय' हमारे लेखन जगत की अनिवार्यता बन गई है। उदंत मार्तण्ड से लेकर अद्यतन दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, द्वैमासिक, त्रैमासिक, षट्मासिक, वार्षिक जैसी अवधिवाली पत्र-पत्रिकाओं में संपादकीय एक विशिष्ट सामूहिक अभिव्यक्ति का माध्यम है। संपादकीय में किसी भी संस्था, संगठन, संघ से संबंधित विचारधारा को पारदर्शी तरीके से कम से कम शब्दों में रखने का विधान किया गया है। संपादकीय के द्वारा शासन-सत्ता की चुनौतियों का सामना करते हुए संपादक स्थानीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक समस्याओं पर अपने संस्थान के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का कार्य करता है। लगभग ज्ञान को प्रकाशित करने वाले प्रत्येक अनुशासन में पत्रिकाएं निकल रही हैं। साहित्य में समग्रता को समेटते हुए और विधापरक पत्रिकाओं की भी प्रगति देखी जा सकती है। स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई से लेकर आपातकाल तक संपादकों की दमदार संपादकीय देखी जा सकती है। आपातकालीन संपादकीय प्रयोगों की एक गौरवशाली शानदार श्रृंखला है। आज तक समस्याओं एवं चुनौतियों का जितना सामना संपादकीय के द्वारा किया गया है, उतना किसी अन्य विधा के द्वारा संभव नहीं हुआ है। गौरतलब है कि भाषा के इस महत्वपूर्ण उपक्रम को अभी तक विधा की मान्यता नहीं दी गई है। हिन्दी साहित्य के इतिहासों से संपादकीय विधा का इतिहास गायब है। जब विधा माना नहीं गया तो इतिहास , उद्भव- विकास लिखने की आवश्यकता भी नहीं रह गई। चर्चित साहित्यिक पत्रिका हंस में गौतम नवलखा ने कई वर्ष पूर्व संपादकीय को एक विधा के रूप में मान्यता देने के लिए एक लेख लिखा था। हंस के 'संपादकीय' गद्य की किसी विधा से ज्यादा चर्चित रहे हैं। आलोचना, पूर्वाग्रह या पहले की पत्रिकाओं के संपादकीय से साहित्य की नीति तय हो जाती थी।

आज भी बौद्धिक समाज और प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए संपादकीय कितनी महत्वपूर्ण हैं, यह बात हम सब जानते हैं। पादकीय गद्य की अप्रतिम, अद्वितीय, अनन्य विधा है। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के हिंदी साहित्य के पाठ्यक्रम में कुलपति महोदय की कुशल निर्देशन के द्वारा अकादमिक क्षेत्र में यह नवाचार संभव हो सका है। हिन्दी जगत के यशस्वी रचनाकार आचार्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी द्वारा संपादित 'दस्तावेज' त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका का एक संपादकीय 'शब्द और कर्म' पाठ्यक्रम में लगाया गया। संपादकीय जगत के इतिहास में यह संपादकीय अद्भुत स्थान रखता है। संपादकीय का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। संपादकीय के विभिन्न रूप विषय और समय गत पत्र-पत्रिकाओं में देखे जा सकते हैं। संपादकीय के तकनीकी पक्षों का अध्ययन अध्यापन होता रहा है, किंतु अब संपादकीय विधा के उद्भव और विकास पर भी विद्वानों का ध्यान गया है। अब इस विधा का भी समग्रता से इतिहास प्रस्तुत किया जाएगा।

## भाषा का घनत्व और संपादकीय

वेदांग के नाम पर छह शास्त्रों से हमारे अध्ययन की शुरुआत आज छह सौ विषयों तक पहुंच चुकी है। वहीं पर साहित्य में महाकाव्य, खंडकाव्य, तुकांत-अतुकांत कविताएं और गद्य के क्षेत्र में निबंध, नाटक, एकांकी, ललित निबंध, रेखा चित्र, रिपोर्ताज, फीचर, संस्मरण, डायरी, पत्र , आत्मकथा, जीवनी, ब्लॉग जैसी विधाएं सामने आई हैं और निरंतर विकसित हो रही हैं। साहित्य और शास्त्र का विभाजन शब्द की अर्थ प्रक्रिया पर निर्धारित की गई है। यदि शब्द से एक निश्चित अर्थ की प्राप्ति हो रही है और अर्थ विचलन नहीं है, तो उसे शास्त्र में प्रयुक्त किया गया और अर्थ की दृष्टि से इसे 'विचारित सुस्थ' कहा गया। शास्त्र में अभिधा अर्थ ही प्रथम और अंतिम है। जबकि साहित्य में अभिधा, लक्षणा, व्यंजना, तात्पर्य जैसे अर्थों की परिकल्पना करते हुए, उसे 'अविचारित रमणीय' नाम दिया गया है। इस अविचारित रमणीय अर्थों वाली दुनिया, जिसे हम साहित्य कहते हैं, जो विभिन्न विधाओं में है। उसमें भाषा का लिखित रूप अपने सर्वोत्तम रूप में संपादकीय में देखा जा सकता है। अर्थ की दृष्टि से भाषा का घनत्व संपादकीय का प्राणतत्व है।

-प्रो . शैलेंद्र नाथ मिश्र, बलरामपुर

## न्यूज ब्रीफ

### अकासा का इंडियन ऑयल से हरित विमान ईंधन के लिए करार

**हैदराबाद।** देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने विंग्स इंडिया 2026 में नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर के साथ हरित विमानन ईंधन की भविष्य की आपूर्ति की संभावनाओं पर मिलकर काम करने के लिए एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किये। एलओआई में हरित विमान ईंधन की संभावित आपूर्ति के माध्यम से एयरलाइन के हरित ऊर्जा के इस्तेमाल के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए दोनों कंपनियों के बीच सहयोग के लिए एक ढांचा स्थापित करने का प्रस्ताव है। पारंपरिक विमान ईंधन में हरित विमान ईंधन को मिलाकर हवाई यात्रा से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम किया जाता है।

### जयपुर में 'इंडिया स्टोन मार्ट' प्रदर्शनी पांच फरवरी से

**जयपुर।** पत्थर उद्योग पर केंद्रित प्रदर्शनी 'इंडिया स्टोन मार्ट 2026' यहां पांच फरवरी से शुरू होगी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि जयपुर में पांच से आठ फरवरी तक होने वाले इस आयोजन से राजस्थान के पत्थर उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम नीति संवाद, तकनीक और वैश्विक सहयोग का अंतरराष्ट्रीय मंच बनेगा। उन्होंने कहा कि पत्थर उद्योग क्षेत्र से जुडे सभी हितधारकों को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2000 में शुरू हुए 'इंडिया स्टोन मार्ट' का यह 13वां संस्करण है। इसमें चीन, तुर्की, ईरान, थाइलैंड, इटली सहित अन्य देशों से प्रदर्शक भी शामिल होंगे।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 3300, मसूरी- 780, बासमती- 5500, परमल- 1200

**दाल दलहन :** काला चना- 2000, साबुत चना दाल- 1200, मूंग साबुत- 4300, राजमा- 8400-11200, दाल उड़द- 5000, साबुत मसूर दाल- 2000, मसूर दाल- 130, उड़द साबुत- 3400, काबुली चना- 7800, अरहर दाल- 10300, लोबिया/करमानी- 1700

# आम बजट में राजकोषीय घाटे के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात पर जोर देगा केंद्र

## करीब 55 प्रतिशत पहुंच चुका है राजकोषीय घाटा, 4 से 5 प्रतिशत माना जाता है सामान्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आने वाले आम बजट में केंद्र सरकार की ओर से किसी खास राजकोषीय घाटे के आंकड़े को लक्षित करने के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात को कम करने पर जोर दिया जाएगा, जो इस समय लगभग 55 प्रतिशत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि देश एफआरबीएम कानून में दिए गए राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग के लगभग अंत तक पहुंच गया है।

भारत जैसी बढ़ती और विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए 3-4 प्रतिशत का राजकोषीय घाटा सहज और उचित माना जाता है, जिसका उद्देश्य वित्तीय स्थिरता के साथ आर्थिक विस्तार को संतुलित करना है। संशोधित राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम)



अधिनियम के तहत, 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे रखा गया था। इसलिए केंद्र सरकार ने ऋण-जीडीपी अनुपात को एक नया मानक घोषित किया है। अगले छह साल का मसौदा एक फरवरी, 2025 को जारी एफआरबीएम वक्तव्य में घोषित किया गया था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई, 2024 के अपने बजट भाषण में कहा था, मेरे द्वारा 2021 में घोषित राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग ने हमारी अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी सेवा की है और हमारा लक्ष्य अगले वर्ष घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाना है। सरकार इस पथ पर बने रहने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा था कि 2026-27 के बाद से हमारा प्रयास प्रत्येक वर्ष राजकोषीय घाटे को इस तरह रखने का होगा कि केंद्र सरकार का ऋण जीडीपी के प्रतिशत के रूप में घटते क्रम पर रहे। यह कठोर वार्षिक राजकोषीय लक्ष्यों के बजाय अधिक पारदर्शी और परिचालन रूप से लचीले राजकोषीय मानकों की ओर बदलाव को प्रोत्साहित करता है। इसे राजकोषीय प्रदर्शन के अधिक विश्वसनीय माप के रूप में भी मान्यता दी गई है, क्योंकि यह पिछले और वर्तमान वित्तीय निर्णयों के मिलेजुले प्रभावों को दर्शाता है।

### केंद्र का राजकोषीय घाटा बजट अनुमान के 54.5 % पर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर के अंत तक 8.55 लाख करोड़ रुपये रहा जो 2025-26 के बजट लक्ष्य का 54.5 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 56.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को इस संबंध में सरकारी आंकड़े जारी किए गए। सरकार का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) जीडीपी का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा। महालेखा नियंत्रक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्र सरकार को दिसंबर, 2025 तक कुल प्राप्तियां 25.25 लाख करोड़ रुपये रही, जो बजट अनुमान का 72.2 प्रतिशत है। दिसंबर तक केंद्र सरकार का कुल व्यय 33.8 लाख करोड़ रुपये रहा। यह 2025-26 के बजट अनुमान का 66.7 प्रतिशत है। इसमें से 25.93 लाख करोड़ रुपये राजस्व मद में और 7.87 लाख करोड़ रुपये पूंजी मद में खर्च किए गए।

# भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में हर चुनौती को अवसर में बदला: हरदीप पुरी

**अनिल त्रिगुणायत, गोवा**



हरदीप पुरी से सर्वश्रेष्ठ ऑयल कंपनी का पुरस्कार लेते ओएनजीसी के अधिकारी।

अमृत विचारः पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि विगत कई दिनों से विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। सत्ता संतुलन को लेकर तनातनी तो है ही, ऊर्जा के वर्चस्व को लेकर भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। ऐसी परिस्थिति में भी भारत सरकार अपने ऊर्जा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा को लेकर कृतसंकल्प है। हमारे देश में ऊर्जा की मांग और आपूर्ति सुदृढ़ बनी हुई है। भारत में ऊर्जा कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं।

27 से 30 जनवरी के मध्य गोवा राज्य स्थित ओएनजीसी परिसर में आयोजित "भारत ऊर्जा सप्ताह" के समापन अवसर पर पुरी ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारत के मजबूत तैयारी के साथ सतत खड़ा होने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि वैश्विक ऊर्जा के क्षेत्र में हमारा देश संवाद का बड़ा केंद्र बना हुआ है। देश की ऊर्जा रणनीति विविधीकरण, सशक्कतता व भविष्य के अनुकूल बदलावों पर आधारित है। ऊर्जा आपूर्ति के स्रोत के विविधीकरण और स्वच्छ की ओर तीव्रतम बदलाव के जरिए हमने संबंधित चुनौतियों को अवसर में बदला है। पुरी ने जोर देते हुए कहा कि भारत ऊर्जा की उपलब्धता किफायती दामों पर करता रहेगा, निरंतरता सुनिश्चित करता रहेगा। उन्होंने पारंपरिक ईंधनों में अनवरत निवेश के साथ साथ कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी), हरित हाइड्रोजन, स्वदेशी स्वच्छ ऊर्जा पर कार्य करने की जिजीविषा दिखाई। पुरी ने कहा कि भारत में पारंपरिक ऊर्जा जरूरी रहेगी, लेकिन इथेनॉल ब्लेंडिंग से लेकर सीबीजी, हाइड्रोजन व बायो ऊर्जा के उत्पादन तथा नवाचार पर हम पूरा जोर लगाए हैं। हमारा मंत्रालय हरित ऊर्जा उत्पादन को लेकर भगीरथ प्रयास कर रहा है। इस सम्मेलन में आए ऊर्जा विशेषज्ञों ने माना कि घरेलू स्तर पर ऊर्जा अन्वेषण, स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार और स्थिर मूल्य निर्धारण से भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ी है। इस संदर्भ में पेट्रोलियम मंत्री ने बताया कि भारत ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में निरंतर प्रदर्शन किया है। आगे भी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा चर्चा में केंद्रीय भूमिका निभाता रहेगा।

### भारत ऊर्जा सप्ताह सम्मेलन

- कहा, विश्व में अस्थिरता के बावजूद भी ऊर्जा की घरेलू मांग व आपूर्ति रही सुदृढ़
- भारत में ऊर्जा की कीमतें दुनिया में सबसे कम, उत्तम सुविधाओं में कमी नहीं

### जामनगर सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी

भारत ऊर्जा सप्ताह सम्मेलन के समापन अवसर पर स्टार्टअप्स, ऊर्जा अकादमियों व उद्योग में नवाचार, तकनीकी उत्कृष्टता तथा नेतृत्व को मान्यता देने वाले पुरस्कार दिए गए। इसी कड़ी में जामनगर को सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी का अवॉर्ड। शोध और विकास के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को, पाइपलाइन परिवहन के लिए भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन को तथा ओएनजीसी को सर्वश्रेष्ठ "ऊर्जा खोजकर्ता" का सर्वश्रेष्ठ कंपनी का पुरस्कार दिया गया।

## 15 साल में सबसे तेज... ताइवान की जीडीपी 8.6 प्रतिशत बढ़ी

**ताइपे, एजेंसी**

- एआई आधारित वैश्विक मांग और निर्यात से आया तेज उछाल

ताइवान की अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 में 8.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो 15 वर्षों में सबसे तेज है। यह वृद्धि मुख्य रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी वैश्विक मांग और निर्यात में तेज उछाल का नतीजा है। ताइवान की सांख्यिकी एजेंसी की तरफ से शुक्रवार को जारी अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, यह वृद्धि दर 2010 के बाद सबसे अधिक है और अर्थशास्त्रियों के पूर्वानुमानों से कहीं बेहतर रही।

निर्यात-आधारित उद्योगों, खासकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने इस आर्थिक विस्तार में अहम भूमिका निभाई। आंकड़ों के मुताबिक ताइवान का कुल निर्यात 2025 के दौरान सालाना आधार पर करीब 35 प्रतिशत बढ़ा। इसमें प्रौद्योगिकी से जुड़े उत्पादों एआई सर्वर, सेमीकंडक्टर (चिप) और सटीक उपकरणों की हिस्सेदारी सर्वाधिक रही। जनवरी की शुरुआत में ताइवान ने अमेरिकी प्रशासन के साथ एक व्यापार समझौता किया था जिसके तहत अमेरिका ने ताइवान से आयात पर शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया। इसके बदले में ताइवान ने सेमीकंडक्टर और एआई जैसे क्षेत्रों में अमेरिका में 250 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंचे आधार प्रभाव के कारण आगे चलकर वृद्धि की रफ्तार धीमी हो सकती है। डॉयचे बैंक ने 2026 में ताइवान की आर्थिक वृद्धि 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

## शेयर बाजार में तीन दिन से चल रही तेजी थमी सेंसेक्स 297 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 297 अंक और एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। धातु, आईटी शेयरों में बिकवाली के साथ एक फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से बाजार नुकसान में रहा।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और रुपये में कमजोरी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई सेंसेक्स 296.59 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 625.34 अंक तक नीचे आ गया था। पचास एनएसई निफ्टी 98.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,320.65 अंक पर बंद हुआ। टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 4.57 प्रतिशत की गिरावट आई। आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और कोटक महिंद्रा बैंक में भी गिरावट रही।

## भारतीय निर्यातकों को मिलेगा बड़ा बाजार : मूडीज

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौता भारत को अपने व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने में मदद करेगा। साथ ही अमेरिकी शुल्कों के कारण बढ़ती अनिश्चितता के बीच निर्यातकों को व्यापक बाजार तक पहुंच मिलेगी।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच समझौते की घोषणा 27 जनवरी को हुई थी। इसके इसी साल हस्ताक्षरित और लागू होने की संभावना है। मूडीज ने कहा, भारत के लिए, यह समझौता व्यापारिक संबंधों को चुनिंदा रूप से विविधतापूर्ण बनाने के उसके प्रयासों को दर्शाता है। साथ ही यह अमेरिका के शुल्क बढ़ाने से पैदा होने वाली व्यापारिक अस्थिरता के खिलाफ बचाव प्रदान करता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 709.41 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह में ये 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.3 अरब डॉलर रहा था।



मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था, लेकिन हाल के दिनों में इस पर दबाव देखा गया। खासकर तब जब रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग किया गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 562.88 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं में मूल्य वृद्धि या मूल्यह्रास के प्रभाव शामिल होते हैं।

## राष्ट्रीय

# राकांपा के दोनों धड़ों के विलय की जिला परिषद चुनाव के बाद घोषणा होना तय

## अजित पवार के निधन से पहले अंतिम दौर में पहुंच चुकी थी वार्ता, अब और तेजी आने की उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे में हुए निधन के बाद उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और उनके चाचा एवं राजनीति के दिग्गज माने जाने वाले शरद पवार नीत राकांपा (शप) के प्रस्तावित विलय की प्रक्रिया में तेजी आ सकती है। दावा किया जा रहा है कि विलय की घोषणा जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव नतीजों के फौरन बाद हो सकती है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक बुधवार को अजित पवार की विमान हादसे में मौत की दुखद घटना के बावजूद सत्तारूढ़ राकांपा और राकांपा (शप) के वार्ताकारों ने विलय की प्रक्रिया के पूरी तरह सही दिशा में आगे बढ़ने का दावा किया है। सूत्रों ने बताया कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका चुनावों में एक साथ मैदान में उतरकर जमीनी स्थिति का जायजा लेने के बाद अजित पवार ने विलय प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक समयबद्ध योजना तैयार की थी। दोनों दलों के सूत्रों ने स्वतंत्र रूप से पुष्टि की कि विलय की बातचीत अंतिम चरण में है। कहा जा रहा है कि परिवार और पार्टी को फिर एकजुट करने की प्रक्रिया पहले से चल रही थी। अजित पवार ने खुद वरिष्ठ नेताओं के साथ मतभेदों को दूर करने के लिए कई दौर की बातचीत की थी।

अजित पवार के पिछले चार दशकों से करीबी विश्वासपात्र रहे किरण गूजर ने दावा किया है कि दिवंगत नेता राकांपा के दोनों धड़ों का विलय करने के प्रति दृढ़ संकल्पित थे। गूजर ने बृहस्पतिवार को बताया कि जित पवार दोनों धड़ों के विलय को लेकर दृढ़ थे। उन्होंने पांच दिन पहले बताया था कि इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में विलय होने वाला है। गुजर ने कहा, पवार साहब, सुप्रिया सुले और अन्य नेताओं के साथ सकारात्मक बातचीत चल रही थी और साफ संकेत थे कि शरद पवार इस कदम का समर्थन करेंगे।




अजित पवार के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पुणे में जगह-जगह होर्डिंग लगाए गए हैं।

### सीआईडी को सौंपी गई विमान हादसे की जांच

**मुंबई।** विमान दुर्घटना में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की मृत्यु की जांच राज्य के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी गई है। शुरुआत में यह जांच पुणे ग्रामीण पुलिस कर रही थी। पुणे ग्रामीण पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में बीएनएस की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया था। सरकार ने पुणे ग्रामीण पुलिस को अब तक जुटाए गए मामले के विवरण और सुबूत राज्य सीआईडी को सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सीआईडी ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

### विलय के बाद भी सरकार को खतरा नहीं, पर बदलेंगे सियासी समीकरण

राकांपा (शप) से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बुधवार को हुए विमान हादसे से पहले दोनों पक्ष बातचीत के फाइनल दौर में पहुंच चुके थे, और आगामी जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के समापन के तुरंत बाद आठ फरवरी को विलय की घोषणा किए जाने की योजना थी। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के पास महाराष्ट्र विधानसभा में 40 सीट हैं। इनमें अजित पवार के निधन से उनकी बारामती सीट खाली हो गई है। शरद पवार नीत धड़े के 10 विधायक हैं। सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि क्या विलय के बाद भी राकांपा भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' सरकार का हिस्सा बनी रहेगी। हालांकि, राकांपा के राज्य सरकार से अलग होने की स्थिति में भी संख्याबल के आधार पर देवेंद्र फडणवीस सरकार को कोई खतरा नहीं है। वर्तमान में भाजपा, राकांपा और शिंदे नीत शिवसेना के गठबंधन महायुति के पास 288 सदस्यीय विधानसभा में 235 विधायक हैं। इनमें 57 सीटें शिवसेना शिंदे गुट की हैं।

### सुनेत्रा होंगी विधायक दल की नेता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को कहा कि राकांपा की विधायक दल की बैठक 31 जनवरी को होगी, जिसमें दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा को नेता चुना जाएगा। भुजबल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट कर दिया है कि उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका शपथ ग्रहण समारोह यदि शनिवार को ही होता है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते इस संबंध में निर्णय पार्टी के विधायक दल द्वारा लिया जाए।

## बापू एक व्यक्ति नहीं सोच हैं, जिसे अहंकारी सत्ता ने की मिटाने की असफल कोशिश : राहुल गांधी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया और कहा कि बापू एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सोच हैं जो कभी मिट नहीं सकती क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस सोच को कभी अंग्रेजी साम्राज्य ने, कभी नफरत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, राष्ट्रपिता ने हमें आज़ादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताक़त से बड़ी सत्य की शक्ति होती है और हिंसा व भय से बड़े अहिंसा और साहस। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सोच मिट नहीं सकती, क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। राहुल गांधी ने कहा, बापू को उनके शहीदी दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि।

## फोन से फर्जी एसएमएस भेजकर ठगी करने वाला विंगो एप सरकार ने किया ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने विंगो एप को उपयोगकर्ताओं (यूजर्स) के फोन से फर्जी एसएमएस भेजने और उनका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर साइबर अपराध करने के आरोप में ब्लॉक कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और उसकी साइबर अपराध रोधी एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने एंड्रॉइड एप के खिलाफ कई शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की। ये संदेश रोज 1.53 करोड़ लोगों तक पहुंचते थे।

एजेंसी के मुताबिक एप उपयोगकर्ता अनजाने में साइबर अपराधियों की संदेश आधारित एसएमएस धोखाधड़ी नेटवर्क में भागीदार बन रहे थे। शिकायतों के बाद सरकार ने एप के नियंत्रण केंद्र को ब्लॉक कर दिया। आई4सी ने बताया कि 1.53 लाख उपयोगकर्ताओं वाले चार टेलीग्राम चैनल और एप का प्रचार करने वाले 50 से अधिक यूट्यूब वीडियो भी ब्लॉक कर दिए गए हैं। आई4सी के अनुसार, एक बार उपयोगकर्ता द्वारा एप डाउनलोड करने के बाद यह साइबर अपराध करने के लिए उपयोगकर्ता के फोन के माध्यम से संदेश भेजना शुरू कर देता था। एजेंसी ने बताया कि एप से मिलने वाले छोटे-छोटे दैनिक भुगतानों के लालच में आकर 1.53 लाख से अधिक उपयोगकर्ता अनजाने में इन साइबर अपराधों का हिस्सा बन गए।

## गजनी को भारतीय लुटेरा बताने पर भाजपा हामिद अंसारी पर हमलावर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विदेशी आक्रमणकारियों के महिमा मंडन का लगाया आरोप

भाजपा ने शुक्रवार को महमूद गजनी को भारतीय लुटेरा कहने के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके समर्थक विदेशी आक्रमणकारियों का महिमामंडन करते हैं और हिंदू विरोधी अत्याचारियों का गुणगान करते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों और लुटेरों के प्रति अंसारी का स्नेह उनकी बीमार मानसिकता को दर्शाता है। अंसारी ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा था कि महमूद गजनी समेत इतिहास की किताबों में जिन्हें विदेशी आक्रमणकारी और लुटेरा बताया गया है, वे वास्तव में भारतीय लुटेरे थे। अंसारी ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि इतिहास की किताबों में जिन्हें हम विदेशी आक्रमणकारी बताते हैं, उनमें एक लोदी है, कोई एक गजनी है और कुछ अन्य। वे सभी भारतीय लुटेरे थे। पूर्व उपराष्ट्रपति को एक पत्रकार को दिए साक्षात्कार में यह कहते हुए सुना गया कि, वे बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक रूप से यह कहना सुविधाजनक है कि उन्होंने इसे और उसे नष्ट कर दिया। लेकिन वे सभी भारतीय थे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोमनाथ मंदिर को नष्ट और अपवित्र करने वाले गजनी की प्रशंसा करने के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति की कड़ी आलोचना की। पूनावाला ने 'एक्स' पर कहा, शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा कहने के बाद अब कांग्रेस समर्थक और हामिद अंसारी सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने वाले गजनी की प्रशंसा कर रहे हैं। वे महमूद गजनी की प्रशंसा करते हैं, वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करते हैं, वे औरंगजेब और हिंदुओं पर अत्याचार करने वालों के अपराधों को छिपाते हैं।

# कर्नाटक: ठेकेदारों का 38,000 करोड़ बकाया पूरे राज्य में काम बंद करने की दी धमकी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- सिद्दारमैया ने पिछली भाजपा सरकार पर लगाया बकाया छोड़ने का आरोप


कर्नाटक में ठेकेदारों ने करीब 38,000 करोड़ रुपये की बकाया राशि का भुगतान न होने पर पूरे राज्य में काम रोकने और हड़ताल करने की धमकी दी है। भाजपा और कांग्रेस के नेता इस स्थिति के लिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने पिछली भाजपा सरकार पर बकाया छोड़ने का आरोप लगाया है।

कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ के अध्यक्ष मंजूनाथ ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से बार-बार अपील के बावजूद कई मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। उन्होंने चिक्काबल्लापुर के ठेकेदार मुनेगौड़ा के चिंताजनक मामले पर भी जोर दिया, जिन्होंने पैसों की तंगी का हवाला देकर आत्महत्या की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, हमने ठेकेदारों के बकाये के लिए अलग-अलग विभाग और मंत्रियों से कई बार आग्रह किया। सरकार हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। हम मुख्यमंत्री से अपील करते हैं कि वे तुरंत ठेकेदारों की बैठक बुलाएं। अगर हमारी समस्याएं हल नहीं हुईं तो फरवरी से काम ठप कर दिया जाएगा। हमने 5 मार्च को हड़ताल करने की योजना भी बनाई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी लिखा है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि बकाया बिल पिछली भाजपा सरकार ने छोड़े थे। कर्नाटक के मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा

### भाजपा ने सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया

यह मामला अब एक बड़े राजनीतिक विवाद में तब्दील हो गया है। राज्य भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार ने भुगतान में देरी करके और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर कर्नाटक को एक एटीएम बना दिया है, हालांकि सत्ताधारी दल ने इन दावों को खारिज कर दिया है। रिपोर्टों में दावा किया गया है कि निविदा की मंजूरी में भ्रष्टाचार और बिचौलियों के प्रभाव ने स्थिति को और खराब कर दिया है, विशेष रूप से शहरी विकास विभाग में, जहां बड़ी फर्मों के पक्ष में छोटे ठेकेदारों को हाशिये पर धकेल दिया गया है। बकाया बिल सबसे अधिक जल संसाधन और लोक निर्माण विभाग में हैं।

## ये कौन चित्रकार...



जम्मू-कश्मीर के अनेक इलाकों में जमकर बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फ से पहाड़, घर, सड़कें सफेद चादर में लिपट गई हैं। घरों और पेड़ों पर बर्फ ने विविध मनमोहक आकृतियां बना दी हैं। अनंतनाग जिले में ताजा बर्फबारी के बाद का एक मनमोहक दृश्य।

## एक अनिवार्य परिवर्तन

आज दुनिया ऊर्जा विकल्पों को लेकर दोराहे पर खड़ी है। एक तरफ हमारी आधुनिक सभ्यता की भूख बढ़ती जा रही है और दूसरी तरफ जिन पारंपरिक स्रोतों (कोयला, तेल, गैस) ने हमें यहां तक पहुंचाया, वे तेजी से समाप्त हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्टों के अनुसार, जीवाश्म ईंधन न केवल सीमित हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के सबसे बड़े कारक भी हैं। वैश्विक तापमान में वृद्धि और पारिस्थितिक असंतुलन ने दुनिया के देशों को चिंतित कर दिया है। भविष्य के ऊर्जा विकल्प अब केवल विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुके हैं। हम एक ऐसे युग की ओर बढ़ रहे हैं जहां ऊर्जा का उत्पादन केवल आर्थिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि पृथ्वी को बचाने के लिए किया जाएगा। सौर, पवन, भू-तापीय और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हरित हाइड्रोजन इस परिवर्तन के केंद्र में हैं।

## भविष्य की ऊर्जा



### भारत में ऊर्जा नवाचार

- सौर ऊर्जा की छलांग : भारत ने इंटरनेशनल सोलर एलायंस (आईएसए) की नींव रखी। भारत दुनिया के सबसे बड़े सौर पार्क स्थापित कर रहा है।
- पीएम कुसुम योजना : किसानों को सौर पंप प्रदान कर उन्हें ऊर्जा उत्पादक बनाने की दिशा में मिनिस्ट्री ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी (एमएनआरई) सक्रिय है।
- इलेक्ट्रिक मोबिलिटी : फेम-2 योजना के जरिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- परमाणु ऊर्जा : थोरियम परमाणु रिएक्टरों पर अनुसंधान में भारत अग्रणी।

### अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच की भूमिका

- संवाद का मंच : अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) तेल और गैस के उत्पादक और उपभोक्ता देशों के बीच एक सेतु का कार्य करता है ताकि वैश्विक बाजारों में ऊर्जा उत्पादन की स्थिरता बनी रहे।
- ऊर्जा सुरक्षा : यह सुनिश्चित करना कि ऊर्जा की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे और कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव न हो।
- डेटा पारदर्शिता : ज्वाइंट आर्गनाइजेशन डाटा इनीशिएटिव के माध्यम से, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) ऊर्जा आंकड़ों में पारदर्शिता लाता है, जिससे देशों को बेहतर नीति निर्धारण में मदद मिलती है।
- संक्रमण का प्रबंधन : आईईएफ वर्तमान में पारंपरिक ऊर्जा से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के लिए तकनीकी और वित्तीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

### हरित हाइड्रोजन

- हरित हाइड्रोजन वह हाइड्रोजन है जिसका उत्पादन इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, जिसमें अक्षय ऊर्जा (सौर या पवन) का उपयोग करके पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ा जाता है। ऊर्जा विकल्प में इसका प्रमुख स्थान है, इसे भविष्य का ईंधन कहा जाता है क्योंकि इसका दहन होने पर केवल पानी निकलता है, कोई प्रदूषण नहीं। इसे भारी उद्योगों (स्टील, सीमेंट) और लंबी दूरी के परिवहन (जहाज, ट्रक) में इस्तेमाल किया जा सकता है जहां बैटरी काम नहीं करती।

### भारत में स्थिति

- भारत ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया है, जिसका लक्ष्य 2030 तक प्रति वर्ष 5 मिलियन टन उत्पादन करना है। भारत का लक्ष्य दुनिया में सबसे सस्ती हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। भारत हरित हाइड्रोजन का वैश्विक निर्यातक बन रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### गाजा की रफा चौकी फिर खोलेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल ने शुक्रवार को कहा कि वह गाजा की मिस्र के साथ लगी रफा सीमा चौकी को रविवार को फिर से खोल देगा। करीब दो साल बाद इस चौकी को फिर से खोले जाने से फलस्तीनियों को क्षेत्र में प्रवेश करने और बाहर निकलने की अनुमति मिलेगी। गाजा को सहायता पहुंचाने के समन्वय के लिए जिम्मेदार इजराइली सैन्य इकाई सीओजीएटी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि केवल सीमित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। रफा सीमा चौकी को खोला जाना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा युद्धविराम योजना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

### अफगानिस्तान का पहला कैंसर केंद्र खुला

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय कैंसर निदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में अधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री नूर जलाल जलाली ने चिकित्सा विशेषज्ञों को तैयार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की योजना की घोषणा की।

### मानव तस्करी में भारतीय पर मुकदमा

**न्यूयॉर्क।** कनाडा से अमेरिका की उत्तरी सीमा के रास्ते भारतीय नागरिकों की अवैध तस्करी में संलिप्तता के आरोप में 22 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर यहां मुकदमा चलाया गया है। शिवम नामक व्यक्ति पर अमेरिका में विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से प्रवेश कराने की साजिश रचने और निजी वित्तीय लाभ के उद्देश्य से विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका लाने के आरोप लगाए गए हैं। न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत ने इस साजिश में उसकी भूमिका के लिए बुधवार को उसके खिलाफ आरोप तय किए।

### भारतीय मूल के तस्कर को 20 साल की जेल

**लंदन।** उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक तस्कर को हथियारों और मादक पदार्थों से जुड़े कई अपराधों की साजिश रचने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई। 47 वर्षीय नागेंदर गिल ने कार्ल इयान जोन्स (59) और हार्ली वाइज (29) के साथ साजिश में एंक्रिप्टेड कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म एनक्रोचैट पर इंडियनओशियन नाम का प्रयोग किया।

# अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर तैनात किए एफ-35ए विमान

## ईरान से हाल में बढ़े तनाव के बीच इन विमानों के गंतव्य को लेकर लग रहे कयास

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी है ईरान पर हमला करने की धमकी

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के साथ बढ़े हाल के तनाव के बीच अपनी पांचवीं पीढ़ी के एफ-35ए लड़ाकू विमानों को यूरोप में तैनात करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इन विमानों का अंतिम गंतव्य फिलहाल स्पष्ट नहीं है। द वॉर जोन पोर्टल ने ओपन-सोर्स डेटा के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये एफ-35ए लड़ाकू विमान पहले वेनेजुएला से जुड़े एक अमेरिकी ऑपरेशन के तहत प्यूर्टो रिको में तैनात थे और अब पुर्तगाल के लाजेस एयर बेस पर उतरे हैं।

सोशल मीडिया पर उपलब्ध एक वीडियो में इन विमानों की लैंडिंग देखी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे पहले अमेरिकी एफ/ए-18जी लड़ाकू विमान भी स्पेन की ओर उड़ान भर चुके हैं। द वॉर जोन के मुताबिक, जून 2025 में ईरान पर किए गए अमेरिकी हमले के दौरान ईरानी वायु रक्षा प्रणाली को निष्क्रिय करने में एफ-35ए विमानों ने अहम भूमिका निभाई थी। गौरतलब है कि दिसंबर 2025 के अंत में ईरान में स्थानीय मुद्रा रियाल के कमजोर होने से महंगाई बढ़ने की आशंकाओं के बीच विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। कई शहरों में ये प्रदर्शन हिंसक हो गए और प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इस दौरान सरकार विरोधी नारे भी लगाए गए। रिपोर्टों में सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के हताहत होने की भी खबरें आई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि एक विशाल नौसैनिक बेड़ा तेजी से और पूरी ताकत के साथ ईरान की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि कोई समझौता नहीं होता है, तो भविष्य में ईरान पर होने वाला कोई भी अमेरिकी हमला पहले से कहीं अधिक गंभीर होगा। ट्रंप इससे पहले ईरान में प्रदर्शनकारियों के समर्थन की घोषणा कर चुके हैं।



### क्यूबा को तेल निर्यातक देशों पर अतिरिक्त टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से इस द्वीपीय देश को तेल निर्यात करने वाले देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक कदम बताते हुए गुरुवार को यह कदम उठाया है, जिसके तहत उन सभी देशों से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो क्यूबा को तेल की आपूर्ति करते हैं। इसके पीछे तर्क दिया गया कि क्यूबा अमेरिका के प्रति शत्रुता रखने वाले रूस, चीन और ईरान जैसे देशों से संबंध रखता है। हिजबुल्लाह और हमास समूहों को भी पनाह देता है।

### ईरान के गृहमंत्री पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को ईरान के गृह मंत्री एस्कंदर मोमेनी पर प्रतिबंध लगाए। उन पर पूरे देश में विरोध प्रदर्शनों को दबाने का आरोप लगाया गया है, जिनमें तेहरान की धार्मिक नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती दी गई थी। ये पाबंदियां दमनकारी कार्रवाई को लेकर उच्च पदस्थ अधिकारियों को निशाना बनाते हुए अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा की गई नवीनतम कार्रवाई है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि मोमेनी ने ईरान के उन कानून लागू करने वाले सुरक्षा बलों की निगरानी की है, जो हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। ईरान में आर्थिक संकट के कारण दिसंबर के उत्तरार्द्ध में प्रदर्शन शुरू हुए थे।

## अमेरिका भारत को सौंपेगा तीन प्राचीन कांस्य की मूर्तियां

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय के बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है। इस तरह की व्यवस्था के तहत संग्रहालय को वस्तु की उत्पत्ति, उन्हें हटाए जाने और वापसी की पूरी कहानी को सार्वजनिक रूप से साझा करने की अनुमति मिल जाएगी। ये मूर्तियां चोल काल (लगभग 990 ईस्वी) की शिव नटराज, चोल काल (12वीं शताब्दी) की सोमस्कंद और विजयनगर काल (16वीं शताब्दी) की संत सुंदरार विद परवई हैं। ये मूर्तियां दक्षिण भारतीय कांस्य ढलाई की समृद्ध कलात्मकता का उदाहरण हैं, जिन्हें पारंपरिक रूप से मंदिर की शोभा यात्राओं में ले जाया जाता था। बयान में कहा गया है कि शिव नटराज प्रतिमा को दीर्घकालिक ऋण पर रखा जाना है।

## बहुध्रुवीयता की जरूरत पर संरा प्रमुख का जोर

- भारत-यूरोपीय संघ में व्यापार समझौते का दिया हवाला

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का हवाला देते हुए बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया और अमेरिका एवं चीन का परोक्ष संदर्भ देते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा।

गुतारेस ने 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए यहां गुरुवार को कहा कि वर्तमान समय में यह स्पष्ट है कि दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका है।... हम देख रहे हैं और कई लोगों का भी भविष्य के संदर्भ में विचार है कि दो ध्रुव हैं- एक अमेरिका केंद्रित और एक चीन केंद्रित। उन्होंने कहा, अगर हम एक स्थिर दुनिया चाहते हैं, अगर हम ऐसी दुनिया चाहते हैं जिसमें शांति कायम रह सके, जिसमें विकास व्यापक हो सके और जिसमें अंततः हमारे मूल्य कायम रहें तो हमें बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि हमें अलग-अलग देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों के ताने-बाने का समर्थन करने की जरूरत है और मैं हालिया व्यापार समझौतों को बहुत उम्मीदों के साथ देखता हूं। आपके पास यूरोपीय संघ के साथ मर्कोसुर (दक्षिण अमेरिकी व्यापार गुट) है। यूरोपीय संघ के साथ इंडोनेशिया है, भारत-ईयू का समझौता है। कनाडा और ब्रिटेन के साथ चीन के समझौता है इसलिए, मेरी मानना है कि यह नेटवर्क वास्तविक बहुध्रुवीय परिस्थितियां बना सकता है जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल्यों का वर्चस्व रहे।

### दो शक्तियों के बीच न विभक्त हो विश्व

भारत और यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए जिसे अब तक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। गुतारेस ने जोर देकर कहा कि वैश्विक संस्थाओं और संस्थानों को नए समय और वास्तविकताओं की जटिलता एवं अवसर को प्रतिबिंबित करना चाहिए, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने अमेरिका और चीन का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा। न ही उनका समाधान दो शक्तियों द्वारा दुनिया को प्रतिद्वंद्वी प्रभाव-क्षेत्रों में बांटने से होगा।

## ढाका-कराची हवाई सेवा शुरू

**ढाका।** बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस ने गुरुवार को ढाका-कराची-ढाका मार्ग पर सीधी उड़ान सेवा शुरू की। उद्घाटन उड़ान बीजी-341 गुरुवार रात 8 बजे ढाका से रवाना हुई। अगस्त 2024 में प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच संबंधों में नजदीकी देखी जा रही है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रतिनिधिमंडलों सहित विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधिमंडलों का लगातार आदान-प्रदान हो रहा है। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस द्वारा कराची के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत को दोनों देशों को और करीब लाने की दिशा में कदम के रूप में देखा जा रहा है। वर्ष 1971 में नौ महीने युद्ध के बाद बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ था।

## गाजावासियों को मिले ट्रंप के पुनर्निर्माण विचारों का लाभ

- फलस्तीन के विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियन शाहीन ने रखी बात

नई दिल्ली, एजेंसी

फलस्तीन की विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियन शाहीन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के विचार से फलस्तीन को शायद कोई आपत्ति न हो, लेकिन ऐसा केवल तभी होगा जब ऐसी योजना का लाभ फलस्तीनियों को मिले, न कि उसे उन पर थोपा जाए। शाहीन ने एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के शांति बोर्ड में भारत की भागीदारी मददगार साबित हो सकती है।

ट्रंप के गाजा पट्टी को पश्चिम एशिया का लोकप्रिय स्थान बनाने के विचार से जुड़े सवाल पर शाहीन ने कहा कि यह लोकप्रिय स्थान उसके (गाजा) अपने लोगों के लिए होना चाहिए। मेरा मतलब है, क्यों नहीं? अगर यह लोकप्रिय स्थान गाजावासियों, फलस्तीनियों के आनंद लेने के लिए है, तो ठीक है। लेकिन अगर यह फलस्तीनियों के बिना दूसरों के आनंद लेने के लिए है, तो इस पर हमारी ना है। उनकी ये टिप्पणियां गाजा के पुनर्निर्माण पर वैश्विक ध्यान केंद्रित होने और ट्रंप द्वारा प्रस्तावित अमेरिकी नेतृत्व वाले शांति बोर्ड के बीच आई हैं। शांति लाने के ऐसे किसी भी प्रयास का स्वागत करते हुए, शाहीन ने इस बात पर जोर दिया कि गाजा के पुनर्निर्माण के विचार को फलस्तीनी राजनीतिक अधिकारों से अलग नहीं देखा जा सकता।

## न्यूजीलैंड ने शांति बोर्ड में शामिल होने का प्रस्ताव ठुकराया

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आरएनजेड रेडियो स्टेशन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने बोर्ड के वर्तमान स्वरूप में शामिल न होने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने एक अलग बयान में कहा कि चूंकि कई देश पहले से ही इस पहल में शामिल हो चुके हैं, इसलिए न्यूजीलैंड इसमें कोई खास योगदान नहीं देगा। 16 जनवरी को ट्रंप ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की थी, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित कई लोग शामिल हुए थे।

## अमेरिका पर भड़के पीएम कार्नी, बोले कनाडा की संप्रभुता का करें सम्मान

ओटावा, एजेंसी

- अल्बर्टा के अलगाववादियों के साथ गुप्त बैठक पर नाराजगी

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि वह उम्मीद करते हैं कि अमेरिका कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करेगा। यह बयान उन मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग करने की वकालत करने वाले एक समूह से मुलाकात की है।

कार्नी ने राज्य के प्रमुखों के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। इसमें अमेरिकी अधिकारियों और अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट के बीच हुई बैठकों के बारे में सवाल पूछा गया था। एपीपी वह समूह है, जो प्रांत की स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह के लिए दबाव बना रहा है। कार्नी ने कहा कि मैं अमेरिकी प्रशासन से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने की उम्मीद करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बातचीत में अलगाववाद का मुद्दा कभी सामने नहीं आया। अल्बर्टा प्रांत की प्रमुख डेनियल स्मिथ ने कहा, मैं उम्मीद करूंगी कि अमेरिकी प्रशासन कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करेगा और वे अल्बर्टा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में चर्चा अल्बर्टा वासियों और कनाडाई लोगों तक ही सीमित रखेंगे। वह अपनी सरकार के प्रतिनिधि को अमेरिकी प्रशासन तक अपनी चिंताएं पहुंचाने का निर्देश देंगी।


### ब्रिटिश कोलंबिया ने करार दिया देशद्रोह

ब्रिटिश कोलंबिया के प्रमुख डेविड एबी ने इसे देशद्रोह करार दिया। यह विवाद तब शुरू हुआ जब फाइनेंशियल टाइम्स ने खबर दी कि एपीपी के नेताओं ने पिछले साल अप्रैल से अब तक वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियों के साथ कई बार मुलाकात की है। यह समूह एक और बैठक की कोशिश कर रहा है, ताकि स्वतंत्रता के पक्ष में सफल मतदान होने की स्थिति में प्रांत की मदद के लिए 500 अरब अमेरिकी डॉलर ऋण सुविधा मांगी जा सके।

## आज का भविष्यफल -पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 08.25 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 1 फरवरी 05.52 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुनर्वसु 1 फरवरी 01.34 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष:** आज पर्यटन से जुड़े व्यावसायियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक राय न दें। कुछ बारीक गलतियां कर सकते हैं, जिनके कारण आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। भाषा का सही प्रयोग करें।

**वृष:** आज मनोबल में कमी के कारण काम में पूरा मन नहीं लगा पा रहे हैं। आपको कारोबार में नए तरीकों को प्रयोग करना पड़ सकता है। आपके प्रतिद्वंदी भी आपका सम्मान करेंगे। परिवार के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन:** आज नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। विरोधियों से मुक्ति मिलेगी। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपके व्यवहार में कुछ सकारात्मक परिवर्तन होंगे, जिससे आपके परिजन काफी प्रसन्न होंगे।

**कर्क:** आज प्रेमी जन से अधिक बहस न करें। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्य को लेकर काफी सजग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों को लेकर तनाव में हो सकते हैं।

**सिंह:** आज आपके सामने अचानक कई परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। नए वाहन में कुछ खराबी आ सकती है। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी। व्यवसाय में आय को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**कन्या:** आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। आपको पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। दांपत्य संबंधों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को शिक्षकों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है।

**तुला:** आज किसी बड़ी व्यावसायिक मीटिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन के साथ एकांत में समय बिताएंगे। अपनी प्रतिभा का जबरदस्त उपयोग कर पाएंगे। छोटे-भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। धन उधार न दें वरना वापस मिलने में कठिनाई हो सकती है। अपरिचितों पर विश्वास करने से बचना चाहिए। दूसरों के झगड़ों में पड़ने से बचें।

**धनु:** आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। नकदी की समस्या हल हो सकती है। नया रोजगार शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

**मकर:** आज रुका हुआ धन आपको वापस नहीं मिलेगा। अत्यधिक वाचालता और क्रोध के कारण आपके संबंध प्रभावित होंगे। यात्रा के दौरान परेशानी महसूस होगी। विवाहेतर संबंधों को लेकर आकर्षित हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए शुभ फलप्रदायक होने वाला है। राजनीति से जुड़े लोग आपकी कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करते हुए कोई बड़ा काम कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम बढ़ेगा। विरोधी आपके सामने परास्त होंगे।

**मीन:** आज अपने तौर-तरीकों में बदलाव ला सकते हैं। अति आत्मविश्वास में आकर काम करने से बचें। बुद्धिमान मित्रों से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा। उच्च पद पर आसीन लोगों को महत्वपूर्ण पेपर्स को संभालकर रखना चाहिए।

## सुडोकू-47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 5 | 9 | | | | | | 2 | |
| | 8 | | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | | | | | 1 | 7 |
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | |
| 6 | | 3 | | 8 | | | 4 | 1 |

### सुडोकू - 46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 |



पिछले दो वर्षों से अभिषेक शर्मा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बल्कि आईपीएल में भी गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम उन पर किस तरह से दबाव बनाते हैं यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

-मैट हेनरी


# स्टेडियम

हल्द्वानी, शनिवार, 31 जनवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### पीटी उषा के पति श्रीनिवासन का निधन

**कोझिकोड (केरल)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार श्रीनिवासन आज सुबह अपने आवास पर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भाजपा सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मोदी ने उषा से फोन पर बात करके अपनी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के पूर्व इंस्पेक्टर श्रीनिवासन ने उषा के शानदार खेल और राजनीतिक करियर के दौरान हमेशा उनका हौसला बनाए रखा।

### चुनौती के लिए तैयार भारतीय अंडर-17 टीम

**पोखरा (नेपाल)।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में अपना पहला मैच मेजबान नेपाल के खिलाफ शनिवार को यहां पोखरा रंगशाला स्टेडियम में खेलेगी। नयी मुख्य कोच पामेला कोंटी की अगुवाई में अंडर-17 टीम इस बड़ी आयु वर्ग के टूर्नामेंट का इस्तेमाल एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारियों के तौर पर कर रही है जो 30 अप्रैल से चीन में खेला जाएगा। कोंटी ने टूर्नामेंट से पहले प्रेस कांफ्रेंस में टीम के साथ अपने पहले टूर्नामेंट की उत्सुकता के बारे में बात करते हुए कहा हम यहां नेपाल में आकर खुश हैं। मैं लगभग एक हफ्ते से टीम के साथ हूं, और हमने अनंतपुर (आंध्र प्रदेश) में अच्छी ट्रेनिंग की है। हमारी टीम युवा है क्योंकि हम अंडर-17 हैं।

### गुकेश का सामना अरविंद चिदंबरम से

**विक आन जी (नीदरलैंड्स)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश तुर्की के यागिज कान एर्दोगमस पर जीत के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में हमवतन अरविंद चिदंबरम का सामना करेंगे। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में अब केवल तीन दौर का खेल बाकी हैं। दस दौर का खेल होने के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6 .5 अंकों के साथ आगे चल रहे हैं। उनके साथी खिलाड़ी जावोखिर सिंदारोव, जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम और स्थानीय स्टार जॉर्डन वैन फोरस्ट उनसे आधे अंक पीछे हैं।

### इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में सिंधु

**जकार्ता।** पी वी सिंधु दाइहात्सु इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं, जहां शुक्रवार को उनका मुकाबला टॉप सीड चेन यू फी से होगा। चेन के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 7-6 से आगे होने के कारण, क्वार्टर फाइनल मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है। सिंधु ने डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट को 43 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर अपनी जगह पक्की की। सातवीं सीड लक्ष्य सेन भी आगे बढ़े और हांगकांग के जेसन गुनावन को एक और 43 मिनट के मुकाबले में 21-10, 21-11 से हराकर थाईलैंड के पानित्चाफोन टीरारत्सकुल से भिड़ेंगे।

# पांचवें टी-20 में सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस पर होगी नजर

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी-20 विश्व कप से पहले शनिवार को यहां जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे।

विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे श्रृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी। जैसा कि श्रृंखला के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने गेंदबाजी विभाग में एक बार फिर फेरबदल कर सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन पिछले दो मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दे सकता है। बल्लेबाजी विभाग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम प्रबंधन सैमसन पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। वह सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सैमसन अब अपनी गृह नगर में खेलेंगे और यहां के अपने समर्थकों के सामने शायद वह अपनी खोई हुई लय को फिर से प्राप्त कर लें।





अभ्यास सत्र के दौरान फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ संजू सैमसन (बाएं) और न्यूजीलैंड टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

- न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज पहले ही जीत चुका है भारत

टीम के आगमन के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो से यह स्पष्ट हो गया कि वह देश के इस हिस्से में सुपरस्टार हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव को हवाई अड्डे के निकास द्वार पर अपने ''चेट्टा'' (बड़े भाई) के लिए मजाक में रास्ता साफ करते हुए देखा गया, जहां सैकड़ों प्रशंसक सैमसन और उनके साथियों की एक झलक पाने के लिए कतार में खड़े थे।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), जैकब डफी, जैक फाक्स, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन।

**समय : शाम सात बजे शुरू से**

# जोकोविच-अल्काराज में होगी बादशाहत की जंग


## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : गत चैंपियन सिनर और ज्वेरेव सेमीफाइनल में हारे



**मेलबर्न, एजेंसी**

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज कार्लोस अल्काराज और 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच शुक्रवार को अपने अपने उतार-चढ़ाव वाले पांच सेट के रोमांचक सेमीफाइनल जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंच गए।

अल्काराज ने पांच घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इस तरह यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन का अब तक का सबसे लंबा सेमीफाइनल बन गया। इस कारण गत चैंपियन यानिक सिनर और जोकोविच का मैच देर से शुरू हुआ। पर जोकोविच ने आखिरकार 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। जोकोविच लगातार चार मेजर में सेमीफाइनल से बाहर होने का सिलसिला खत्म करने के बाद अपने 11वें ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहुंचे। बाईस साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं। स्पेन के खिलाड़ी अल्काराज ने अच्छी शुरुआत की लेकिन पहले दो सेट जीतने के बाद वह अगले दो सेट में टाइब्रेकर में हार गए। ज्वेरेव पांचवें और निर्णायक सेट में एक समय मैच के लिए सर्विस कर रहे थे लेकिन अल्काराज ने ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और फिर इसके बाद जर्मनी के अपने प्रतिद्वंद्वी को मौका नहीं दिया। अल्काराज का फाइनल में मुकाबला दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर या 10 बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच से होगा, जो 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं।



अल्काराज ने जिस तरह से शुरुआत की थी उससे लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे लेकिन तीसरे सेट के नौवें गेम में वह लंगड़ाने लगे और ऐसा लग रहा था कि उन्हें दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में कोई समस्या है। जब अपने प्रतिद्वंद्वी को इलाज के लिए तीन मिनट का ब्रेक दिया गया, तो ज्वेरेव स्पष्ट रूप से परेशान दिखे। तब तीसरी वरीयता प्राप्त यह खिलाड़ी टूर्नामेंट के एक अधिकारी से बात कर रहा था। अल्काराज ने इसके बाद 6-5 से बढ़त बना दी जिसके बाद उन्हें फिर से अपने पांव की मालिश करवानी पड़ी। ज्वेरेव हालांकि इस सेट को टाइब्रेकर तक खींचने में सफल रहे जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की। चार घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद मैच पांचवें सेट में पहुंचा। अल्काराज ने पांचवें सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस गंवा दी।

## मोनांक पटेल संभालेंगे अमेरिका की कमान

**दुबई।** अमेरिका ने पिछले चरण में खेलने वाले 15 में से 10 खिलाड़ियों को सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को टीम में शामिल किया।

अमेरिका पहले मैच में मुंबई में सह-मेजबान और गत चैंपियन भारत से भिड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पिछले साल 23 सितंबर को आईसीसी सदस्यता मानदंड के गंभीर उल्लंघन के कारण अमेरिका क्रिकेट को निलंबित कर दिया था। इसलिए टीम का चयन एक नयी चयन प्रक्रिया के तहत किया गया है जिसे आईसीसी और अमेरिका की ओलंपिक और पैरालंपिक समिति के साथ मिलकर तैयार किया गया है।

### टीम

मोनांक पटेल (कप्तान), जेसी सिंह (उप कप्तान), एंड्रीज गौस, शेहान जयसूर्या, मिलिंद कुमार, शयान जहांगीर, साईतेजा मुक्कामाला, संजय कृष्णमूर्ति, हरमीत सिंह, नोस्थुश केंजिगे, शैडले वान शाल्कविक, सौरभ नेत्रावलकर, अली खान, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने।

# गार्डनर की पारी से गुजरात ने बनाए 167 रन

**डोदरा, एजेंसी**

**महिला प्रीमियर लीग**

कप्तान एशले गार्डनर के 28 गेंद में 46 रन की मदद से गुजरात जाइंट्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में शुक्रवार को चार विकेट पर 167 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने दो जमे हुए बल्लेबाजों अनुष्का शर्मा (33) और सोफी डेवाइन (25) के विकेट दो रन के भीतर गंवा दिए।

अमेलिया केर और शबनम इस्माइल ने बेहद कसी हुई गेंदबाजी करते हुए रनगति पर भी अंकुश लगाया। केर ने दो विकेट लिये जबकि नेट स्किवेर ब्रंट और इस्माइल को एक एक विकेट मिला। पावरप्ले में गुजरात ने एक विकेट पर 48 रन बना लिये थे।

अमेलिया और शबनम की अनुशासित गेंदबाजी के सामने गुजरात के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका ही नहीं मिला। कप्तान गार्डनर ने 16वें ओवर में हीली मैथ्यूज की गेंदों की धुनाई करते हुए 19 रन निकाले। उन्होंने पहले डीप मिडविकेट पर छक्का लगाया और उसके बाद लगातार तीन चौके जड़े। इसके बाद शबनम के ओवर में चार चौके लगाकर 17 रन बनाये। शबनम ने पहले तीन ओवर में सिर्फ 12 रन ही दिये थे। न्यूजीलैंड की लेग स्पिनर केर ने गुजरात की कप्तान गार्डनर को उछाल लेती गेंद पर आउट करके उनकी आक्रामक पारी का अंत किया।

गार्डनर ने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। गुजरात ने आखिरी पांच ओवरों में 61 रन बनाये। यह दोनों टीमों का आखिरी लीग मैच है और क्वार्टर फाइनल की तरह है। इसे जीतने वाली टीम मंगलवार को एलिमिनेटर खेलेगी।

### विराट का इंस्टाग्राम अकाउंट फिर चालू

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट शुक्रवार सुबह फिर से चालू हो गया, जिससे उनके 274 मिलियन फॉलोअर्स के बीच घंटों से चल रही उलझन और अटकलों का अंत हो गया, क्योंकि प्रोफ़ाइल रात भर रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। कोहली के अकाउंट के कुछ देर के लिए बंद होने से सोशल मीडिया पर काफी उत्सुकता और चिंता फैल गई, फैंस ने चिंता भरे मैसेज शेयर किए।



शॉट लगातीं गुजरात जायंट्स की कप्तान एशले गार्डनर। एजेंसी

# शिवम की घातक गेंदबाजी से यूपी ने विदर्भ को बराबरी पर रोका

**नागपुर, एजेंसी**

**रणजी ट्रॉफी**



शिवम मावी। एजेंसी

**07** विकेट लिए शिवम मावी ने 59 रन देकर

शिवम मावी (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने राणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को विदर्भ को पहली पारी में 237 के बराबरी वाले स्कोर पर रोकने के बाद स्टंप्स के समय तक 75 रन पर अपने दो विकेट गंवा दिए हैं।

आज यहां विदर्भ ने कल के 33 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शिवम मावी ने अमन मोखाड़े (28) को आउट कर उत्तर प्रदेश को पहली सफलता दिलाई। 21वें ओवर में मावी ने रोहित बीनकर (आठ) और रविकुमार समर्थ (शून्य) का भी शिकार कर लिया। मावी ने 23वें ओवर में सत्यम भोयर (19) को आउटकर विदर्भ को चौथा झटका दिया। एक समय विदर्भ ने 95 के स्कोर पर अपने छह विकेट गंवा दिये थे। ऐसे संकट के समय दानिश मालेवर और नचिकेत भूटे ने पारी को संभाला और सातवें विकेट के लिए 126 रन जोड़कर विदर्भ को संकट से निकाला। 69वें ओवर में मावी ने दानिश मालेवर को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। दानिश मालेवर ने 117 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 80 रनों की पारी खेली। इसके बाद एक बार फिर विदर्भ की पारी लड़खडा गई और उसने 16 रन जोड़कर अपने चारों विकेट गंवा दिये। पार्थ रेखड़े (चार) भी मावी का शिकार बने। नचिकेत भूटे रनआउट हुये। उन्होंने 85 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 63 रन बनाये। 63वें ओवर की आखिरी गेंद पर मावी ने यश ठाकुर (पांच) को आउटकर 237 के स्कोर पर विदर्भ की पारी का अंत किया। उत्तर प्रदेश के लिए शिवम मावी ने 59 रन देकर सात विकेट लिए। करण चौधरी और कार्तिक त्यागी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अन्य मैच में बडौदा के 375 रनों के जवाब में तमिलनाडु ने बिना किसी नुकसान के बाद 118 रन लिये है।

**चकल्लस**

**हॉकी इंडिया के सामने कोच की नहीं चली, अनुशासनहीनता के चलते मनप्रीत को टीम में नहीं चुना गया**

# फुल्टोन ने मनप्रीत के बचाव में दी थी इस्तीफे की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह को अनुशासनहीनता के आधार पर भारत की संभावित खिलाड़ियों की कोर सूची से बाहर किए जाने का कड़ा विरोध किया था। एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई से कहा कि इस फैसले के बाद फुल्टोन ने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी लेकिन हॉकी इंडिया द्वारा मनाने के बाद वह पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए।

विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि फुल्टोन ने राउरकेला में एक से सात फरवरी तक 33 कोर संभावित खिलाड़ियों के शिविर से मनप्रीत को हटाने के दबाव को ''बाहरी हस्तक्षेप'' बताया था। यह बात सामने आई कि मनप्रीत पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान नशीली दवा के सेवन से जुड़े मामले में शामिल था। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 15 साल में पहली बार कोर संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किया गया। संभावित खिलाड़ियों को तय करने के लिए हुई बैठक में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह ने सामूहिक रूप से कहा कि मनप्रीत को बाहर किया जाना चाहिए जिसके बाद फुल्टोन परेशान हो गए। सूत्र ने कहा फुल्टोन ने मनप्रीत के युवा खिलाड़ियों के लिए मेंटोर (मार्गदर्शक) होने की बात कही। लेकिन इस पर दिलीप ने कहा कि खिलाड़ी दूसरे सीनियर खिलाड़ियों से सीखेंगे। हॉकी इंडिया ने मनप्रीत से जिस तरह का व्यवहार किया, उससे कुछ खिलाड़ी खुश नहीं थे। फुल्टोन ने गुस्से में हाल में समाप्त हुई हॉकी इंडिया लीग के चेन्नई चरण के एक दिन बाद इस्तीफा देने की पेशकश की। हालांकि टिर्की के बहुत समझाने के बाद वह अनुभवी खिलाड़ी को आराम देने के आधिकारिक बयान मानने को तैयार हो गए।





हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन। एजेंसी

सूत्र के अनुसार फुल्टोन ने मनप्रीत को कोर ग्रुप में बनाए रखने की वकालत की और अपनी बात को साबित करने के लिए 33 वर्षीय मिडफील्डर की बेहतरीन फिटनेस रिपोर्ट का हवाला दिया। बताया जाता है कि मनप्रीत कोर ग्रुप के सबसे फिट चार खिलाड़ियों में शामिल थे। लेकिन मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह और टिर्की टस से मस नहीं हुए। फुल्टोन ने एचआईएल के दौरान मनप्रीत की फिटनेस और फॉर्म की बार-बार तारीफ की है। मुख्य कोच चाहते हैं कि मनप्रीत कम से कम इस साल के एशियाई खेलों और विश्व कप तक टीम का हिस्सा रहें।

### तीन खिलाड़ियों पर हुई है कार्रवाई

हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिसमें फॉरवर्ड दिलप्रीत सिंह और गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को भी अनुशासनहीनता के कारण बाहर कर दिया गया। लेकिन हॉकी इंडिया के बयान में कथित उल्लंघन का कोई जिक्र नहीं था। प्रो लीग सत्र अगले महीने राउरकेला में शुरू होगा। मनप्रीत ने रांची रॉयल्स टीम की सह कप्तानी करते हुए एचआईएल के फाइनल तक पहुंचाया था। मनप्रीत 412 मैच के साथ सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय हॉकी खिलाड़ी के तौर पर टिर्की के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। आगामी एआईएच प्रो लीग का भारतीय चरण 10 से 15 फरवरी तक राउरकेला में होने वाला है।